चैत्र कृष्ण पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 1 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 134, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारतीयों को वीजा नहीं तो चौपट होगी अर्थव्यवस्था 16

शाहरुख खान शुरु करेंगे पठान-2 की शूटिंग 15

भाजपा को हराने के लिए विपक्ष की हुंकार

दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की महारैली में जुटे 28 दलों के नेता

नई दिल्ली, ब्यूरो

रामलीला मैदान में लोकतंत्र बचाओ रैली के दौरान मंच पर मौजूद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, एनसीपी प्रमुख शरद पवार, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और जम्मू-कश्मीर एनसी प्रमुख फारूक अब्दुल्ला।

- **मोदी मैच फिक्सिंग से जीतना चाहते हैं चुनाव: राहुल**
- **भाजपा गलत तरीके से हमें डरा रही है : अखिलेश**
- **गठबंधन जीता तो दिल्ली जैसी सुविधाएं: सुनीता केजरीवाल**
- **गठबंधन ने की दोनों सीएम की रिहाई सहित पांच मांगें**

विपक्षी दलों के प्रमुख नेता रविवार को रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में जुटे तथा भाजपा सरकार पर लोकतंत्र और संविधान कुचलने का आरोप लगाते हुए एकजुटता से संघर्ष करने का संकल्प लिया। लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों ने इस महारैली का आयोजन दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी, भाजपा की नीतियों के विरोध में किया। रैली में विपक्ष ने तानाशाही हटाओ, लोकतंत्र बचाओ का नारा दिया।

महारैली में दोनों मुख्यमंत्रियों की तत्काल रिहाई, चुनावी बाँड की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय की निगरानी में विशेष कार्यबल का गठन और चुनाव आयोग को स्वतंत्र रूप से काम करने देने की मांग की गयी। विपक्षी नेताओं ने भाजपा की केंद्र सरकार को तीसरी बार सत्ता में न आने का संकल्प लिया है। ज्यादातर वक्ताओं ने कहा कि आज लोकतंत्र खतरे में है। इसके लिए तानाशाही हटाओ लोकतंत्र बचाओ का नारा लेकर हम जनता के बीच जाएंगे।

रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि जितने भी सर्वे हुए हैं उसमें बीजेपी को 180 से ज्यादा सीटें नहीं मिल रही है, इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव जीतने के लिए मैच फिक्सिंग का रास्ता अपनाया है। विपक्ष को रोकने के लिए सभी विपक्षी नेताओं को डराया धमकाया जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि गठबंधन की एकता के बाद बीजेपी को अपने पराजय पक्की लगने लगी है और उनका 400 का नारा पूरा होने वाला नहीं है। यदि कोई गड़बड़ी नहीं की गई और बेईमानी कर दबाव डालना या खिलाड़ियों को खरीदना नहीं हुआ तो मोदी का 400 पार का सपना पूरा नहीं होगा। प्रियंका गांधी ने कहा कि रामलीला मैदान में रावण जलाया जाता है। उसका राजा सोने की लंका में रहता था और घमंडी था। उन्होंने कहा भगवान राम तो सत्यवादी थे, वनवासी थे, लेकिन भाजपा के लोग अपने स्वार्थ के लिए राम की बात करते हैं उनके आदर्शों पर नहीं चल रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि इस बार भाजपा 400 पार नहीं बल्कि 400 हारने जा रही है। यह लोग गलत तरीके से हम लोगों को डरा धमका रहे हैं। मुख्यमंत्री को जेल भेज रहे हैं। राजनीतिक दलों को नोटिस भेज रहे हैं और उनके बैंक अकाउंट बंद कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने रैली मैं आए लोगों को अपने पति की तरफ से दिए संदेश को पढ़कर सुनाया। उन्होंने कहा कि यदि गठबंधन की सरकार आएगी तो पूरे देश में हमारे पति 6 गारंटी पूरी करेंगे, जिसमें 24 घंटे बिजली, गरीबों को फ्री बिजली, हर गांव और मुहल्ले में स्कूल, मोहल्ला क्लीनिक, हर जिले में सुपर स्पेशलिटी सरकारी अस्पताल एवं फ्री इलाज, किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य और दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाएगा। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना ने कहा कि उनके पति को मुख्यमंत्री रहते हुए गलत आरोपों में गिरफ्तार किया गया है अब जनता इसका जवाब देगी। महबूबा मुफ्ती ने कहा है कि बीजेपी सरकार की एजेंसियां किसी को भी गिरफ्तार कर लेती है और उसकी सुनवाई के लिए न कोई वकील है और न कोई दलील। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक इंडिया गठबंधन चुनाव लड़ेगा। रैली में नारा दिया गया है कि तानाशाही हटाओ लोकतंत्र बचाओ, यह नारा लोकसभा चुनाव में पूरे देश में एक अपील करेगा। रैली में आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष गोपाल राय सहित सभी मंत्री, विधायक एवं पार्षद भी मौजूद थे इसी तरह कांग्रेस के भी कई बड़े नेता मंच पर नजर आए।

महारैली में ये दिग्गज हुए शामिल

महारैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, राजद के तेजस्वी यादव, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद गुट) के शरद पवार, शिवसेना (उद्धव गुट) के उद्धव ठाकरे, झारखंड मुक्ति मोर्चा की कल्पना सोरेन, झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन, आम आदमी पार्टी के गोपाल राय, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, भाकपा से डी राजा, माकपा से सीताराम येचुरी, नेशनल कांफ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की महबूबा मुफ्ती और द्रमुक के तिरुचि शिवा समेत 28 पार्टियों के नेता शामिल हुए।

भ्रष्टाचार पर कार्रवाई कर रहा हूं तो कुछ लोग आपा खो बैठे : मोदी

क्रांतिधरा मेरठ से फूंका चुनावी बिगुल, भ्रष्टाचारियों पर एक्शन नहीं रुकेगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

मेरठ में आयोजित चुनाव प्रचार रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्मृति चिन्ह भेंट करते उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

अमृत विचारः प्रधानमंत्री मोदी ने क्रांतिधरा मेरठ से चुनावी बिगुल फूंकते हुए कहा है कि भ्रष्टाचारी चाहे कितना बड़ा क्यों न हो, उसके खिलाफ एक्शन जरूर होगा। उन्होंने कहा कि मैं भ्रष्टाचार पर कार्रवाई कर रहा हूं इससे कुछ लोग बौखलाए हुए हैं, वो अपना आपा खो बैठे हैं। उन्होंने विपक्षी दल कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को लेकर कहा कि देश आज तक कांग्रेस और उसके साथियों के रवैये की कीमत चुका है। गठबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा कि उसने कभी भी चौधरी चरण सिंह को वह सम्मान नहीं दिया, जिसके वे वास्तव में हकदार थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को लोकसभा चुनाव की प्रदेश में पहली रैली 'गौरव समारोह' को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 और 2019 में भी मेरठ से ही चुनावी अभियान की शुरुआत की थी। उन्होंने क्रांतिधरा को नमन करते हुए कहा कि 10 साल में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी लड़ाई शुरू हुई है। पहले ऐसी सरकार थी जिसका जन्म नहीं हुआ ऐसे लोगों के नाम पर पैसे जाते थे। ऐसे 10 करोड़ फर्जी लाभार्थी का नाम मोदी ने हटाने की हिम्मत की। ऐसा करके हमने देशवासियों के पौने तीन लाख करोड़ रुपए गलत हाथों में जाने से बचाए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी का मंत्र है भ्रष्टाचार हटाओ, और वो कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ। ये चुनाव इन दो खेमों की लड़ाई है। जब मोदी पूरी ताकत से भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा है, तो इन लोगों ने मिलकर इंडिया गठबंधन बना लिया है। इन्हें लगता है कि मोदी डर जाएगा। मेरे लिए मेरा भारत मेरा परिवार है।

मोदी ने कहा कि बड़े बड़े भ्रष्टाचारी आज सलाखों के पीछे हैं। सुप्रीम कोर्ट तक जमानत नहीं मिल रही है। इसलिए कई भ्रष्टाचारियों को कोर्ट के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। आपने टीवी पर देखा होगा कहीं बिस्तर के नीचे से, कहीं दीवारों से तो कहीं वॉशिंग मशीन से नोटों के ढेर निकल रहे हैं। मैं भ्रष्टचारियों पर सिर्फ कार्रवाई ही नहीं कर रहा, मेरी गारंटी है इन भ्रष्टाचारियों और बेइमानों ने जिनका धन लूटा है उसे मैं लौटा भी रहा हूं। हमने भ्रष्टाचारियों की संपत्ति जब्त करके 17 हजार करोड़ से ज्यादा, जिनके पैसे गये थे उन्हें वापस लौटा दिया।

यह चुनाव देश को तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए

2024 का चुनाव विकसित भारत बनाने और देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए है। मोदी ने गारंटी देते हुए कहा कि जब भारत दुनिया में नंबर तीन पर पहुंचेगा तो, देश में गरीबी तो दूर होगी ही साथ में एक सामर्थ्यवान, सशक्त मध्यम वर्ग देश को नई ऊर्जा देता दिखेगा।

मां भारती का एक अंग कांग्रेस के लोगों ने काटा

प्रधानमंत्री ने बताया कि आज कांग्रेस का एक और देश विरोधी कारनामा सामने आया है। समुद्री तट से कुछ दूर श्रीलंका और तमिलनाडु के बीच एक द्वीप है। देश आजाद हुआ तब ये हमारे पास था। लेकिन कांग्रेस ने चार-पांच दशक पहले कह दिया कि ये द्वीप फालतू और गैर जरूरी है। इसके बाद कांग्रेस ने मां भारती का एक अंग अलग कर दिया। देश कांग्रेस के रवैये की कीमत आजतक चुका रहा है। भारत के मछुआरे इस तरफ जाते हैं तो इन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता है। ये कांग्रेस के पाप है कि हमारे मछुआरे आज भी सजा भुगत रहे हैं।

रमज़ान मुबारक
इक्कीसवां रोज़ा इफ्तार - 01 अप्रैल 2024
सुन्नी - 06:34 बजे | शिया- 06:41 बजे
बाईसवां रोज़ा सहरी - 02 अप्रैल 2024
सुन्नी - 04:37 बजे | शिया- 04:30 बजे
नोटः- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
An ISO 9001:2015 Certified Company
NOOR GLASS FABRICATION
If U Can Dream We Can Build
Bajrang Dhaba, Opp. SBI Bank, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
9761560515
e-mail : ahmadmuneer13@gmail.com
website : www.noorglassfabrication.com

चार राज्यों में तूफान से तबाही, 5 की जान गई

जलपाईगुड़ी, एजेंसी

देश के चार राज्यों पश्चिम बंगाल, असम, मिजोरम और मणिपुर में रविवार को आए तूफान ने तबाही मचा दी। बंगाल के जलपाईगुड़ी और सिलिगुड़ी में पांच लोगों की मौत हो गई और 100 से ज्यादा घायल हैं। असम के गुवाहाटी में गोपीनाथ बोरदोलोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट की छत का हिस्सा गिर गया जिससे फ्लाइट की आवाजाही कुछ समय के लिए रोक दिया गया। वहीं मिजोरम के चम्फाई जिले के लुंगटन गांव में और आइजोल जिले के सियालसुक में चर्च की इमारत ढह गई। मणिपुर के थौबल और खोंगजोम इलाके में भी कई पेड़ उखड़ गए। और घरों की टीन की छतें उड़ गईं।

पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी के अलग-अलग हिस्सों में ओलावृष्टि के साथ तेज हवाएं चलने से कई झोपड़ियां और मकान क्षतिग्रस्त हो गए। पेड़ों के उखड़ने से चार लोगों की मौत हो गई है, जबकि 100 लोग घायल हुए हैं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान दिजेंद्र नारायण सरकार (52), अनिमा बर्मन (45), जगन रॉय (72) और समर रॉय (64) के रूप में की गई। मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई गई। जबकि, राजारहाट, बार्निश, बकाली, जोरपाकड़ी, माधबडांगा और सप्तीबारी सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। जलपाईगुड़ी जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, आपदा प्रतिक्रिया दल को तैनात किया गया है और सहायता बूथ स्थापित किए गए हैं। वहीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने निर्धारित कार्यक्रम रद कर दिए हैं और रविवार को जलपाईगुड़ी का दौरा करेंगीं।

सौ से ज्यादा लोग हुए घायल

तूफान में सौ से ज्यादा लोग घायल हो गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तूफान के कारण हुई जनहानि पर रविवार को शोक व्यक्त किया और अधिकारियों से प्रभावित लोगों को उपयुक्त सहायता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

खंभे से टकराई स्कार्पियो चार लोगों की मौत

मुरादाबाद। कांठ थाना क्षेत्र के रसूलपुर में चालक को झपकी आने से स्कार्पियो खंभे से टकरा गई। जिससे एक परिवार की तीन महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई। जबकि दो लोग घायल हो गए। कार में सवार परिवार देहरादून से मुरादाबाद रिश्तेदार के यहां आ रहा था। एसपी ग्रामीण संदीप मीणा ने बताया कि कार को परिवार का युवक चला रहा था। वहीं मुगलपुरा थाना क्षेत्र हाथी वाला मंदिर के ज्वेलर्स राजू रस्तोगी ने बताया कि इस हादसे में मरने वाले मेरे सगे मौसेरे भाई पंकज के परिवार के लोग हैं। रविवार को देहरादून का बाजार बंद रहता है। इसलिए परिवार घूमने मुरादाबाद आ रहा था। हादसे में मेरे मौसेरे भाई पंकज के बेटे यश (28), यश की मां संगीता (45) और यश की बुआ आरती व उनकी बेटी आशिका (18) की मौत हो गई। जबकि अतुल व मानवी घायल हैं।

कांग्रेस को आयकर विभाग से 1745 करोड़ का नया नोटिस

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस को आयकर विभाग से एक बार फिर नया नोटिस मिला, जिसके जरिये आकलन वर्ष 2014-15 से 2016-17 तक के लिए 1,745 करोड़ रुपये के कर की मांग की गई है। सूत्रों ने के अनुसार आयकर विभाग ने कांग्रेस से अब तक कुल कुल 3,567 करोड़ रुपये के कर की मांग की जा चुकी है। वहीं दो दिन पहले आयकर विभाग ने कांग्रेस से करीब 1,823 करोड़ रुपये का भुगतान करने को कहा था।

- **दो दिन पहले 1823 करोड़ का नोटिस भेजा था, कुल 3567 करोड़ की देनदारी निकाली**

सूत्रों के मुताबिक, ताजा नोटिस 2014-15 (663 करोड़ रुपये), 2015-16 (करीब 664 करोड़ रुपये) और 2016-17 (करीब 417 करोड़ रुपये) से संबंधित हैं। अधिकारियों ने राजनीतिक दलों को मिलने वाली कर छूट समाप्त कर दी है और पार्टी पर कर लगा दिया है। सूत्रों ने कहा कि जांच एजेंसियों द्वारा छापे के दौरान कांग्रेस के कुछ नेताओं से जब्त की गई डायरियों में की गई 'तीसरे पक्ष की प्रविष्टियों' के लिए भी कांग्रेस पर कर लगाया गया है। मुख्य विपक्षी दल ने शुक्रवार को कहा था कि उसे आयकर विभाग से नोटिस मिला है, जिसमें करीब 1,823 करोड़ रुपये का भुगतान करने को कहा गया है। कर अधिकारियों ने पिछले वर्षों से संबंधित कर मांग के लिए पार्टी के खातों से 135 करोड़ रुपये पहले ही निकाल लिये हैं। कांग्रेस ने 135 करोड़ रुपये की कर मांग के खिलाफ अदालत का रुख किया है और इस मामले में सोमवार को उच्चतम न्यायालय में सुनवाई होने की संभावना है। पार्टी इस संबंध में आयकर अपीलीय अधिकरण और उच्च न्यायालय से कोई राहत पाने में विफल रही है।

भारत रत्न सम्मान

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को उनके आवास पर जाकर उन्हें भारत रत्न प्रदान किया। राष्ट्रपति भवन ने 'एक्स' पर कहा कि इस समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह और आडवाणी के परिवार के सदस्य मौजूद रहे। भारत रत्न प्रदान किए जाने के समय की तस्वीर सामने आने के बाद कांग्रेस ने इसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का घोर अपमान बताया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश का कहना है कि आडवाणी और प्रधानमंत्री मोदी कुर्सियों पर बैठे हैं जबकि राष्ट्रपति खड़े होकर भाजपा के दिग्गज नेता को प्रशस्ति पत्र सौंप रही हैं। इस समय प्रधानमंत्री को खड़ा होना चाहिए था।

न सफर होगा महंगा, न रोडवेज बसों का बढ़ेगा किराया

लखनऊ, ब्यूरो। आमजनों के लिए यह राहतभरी खबर है। फिलहाल पहली अप्रैल अर्थात आज से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की ओर से टोल प्लाजा पर बढ़ाई जाने वाली नई टोल दरें लागू नहीं की गई हैं। इससे निजी और कमर्शियल वाहनों से होने वाला सफर अब महंगा नहीं होगा। इसका आमजन पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। टोल टैक्स में बढ़ोत्तरी होने से सरचार्ज बढ़ता और इसका असर रोडवेज बस यात्रियों के किराए पर खासतौर पर पड़ता है। दरअसल 31 मार्च की रात से टोल की नई दरें प्रभावित होनी थीं, लेकिन अपरिहार्य कारण से एनएचएआई ने बढ़ी दरें फिलहाल लागू न करने का फैसला किया है, अपराह्न सभी प्लाजा मैनेजर को लिखित आदेश जारी कर दिए गए हैं। यह जानकारी लखनऊ परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने दी। उन्होंने यह भी बताया कि फिलहाल रोडवेज बसों का किराया भी नहीं बढ़ाया गया है।

- **एनएचएआई ने टोल प्लाजा की नई दरें नहीं की लागू**

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

SELECTION POINT
The Complete Family Store
दूल्हे हम सजाते हैं।
डिजाइनर सूट | शेरवानी | जोधपुरी
कुर्ता पायजामा | डिजाइनर शर्ट
45, Civil Lines, Bareilly 8266800220
D.D. Puram, Bareilly 7088300050

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
फेस्टिवल ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

डॉक्टर ने निकाला मरीज का गुर्दा, देना होगा 1.35 करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **रामा मेडिकल कालेज कानपुर में किया किडनी का ऑपरेशन**

अमृत विचारः रामा मेडिकल कालेज हास्पिटल एंड रिसर्ज सेंटर में कन्नौज के युवक की किडनी में स्टोन का ऑपरेशन के दौरान गुर्दा निकाल दिया गया। राज्य उपभोक्ता आयोग ने चिकित्सक और अस्पताल प्रबंधन पर 1.35 करोड़ का हर्जाना लगाया है।

ग्राम भगवानपुर, मकरंद नगर, कन्नौज के दीपक कुशवाहा ने किडनी स्टोन का उपचार कानपुर जीटी रोड रामा मेडिकल कालेज में कराया। दीपक 28 जून 2013 को अस्पताल में भर्ती हुए। डॉ. प्रफुल्ल गुप्ता ने सादे कागजों पर हस्ताक्षर कराए और ऑपरेशन कर 9 जुलाई 2013 को डिस्चार्ज किया। दर्द बंद नहीं हुआ तो अस्पताल आया। अल्ट्रासाउंड से पता चला बायां गुर्दा ही नहीं है। दीपक ने राज्य उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया। सुनवाई प्रिसाइडिंग जज राजेंद्र सिंह ने की तो गुर्दा निकालना पाया। आयोग ने 50 लाख सेवा में कमी, मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना पर 35 लाख, गलत उपचार और बिना सहमति गुर्दा निकालना पर 50 लाख व 20 हजार का हर्जाना लगाया है।

लोगों में आक्रोश | महोफ रेंज से सटे गांवों में बाघ और छुट्टा पशुओं से परेशान लोगों ने किया मतदान के बहिष्कार का ऐलान

पहले बाघ पकड़ो ..फिर मतदान, ग्रामीणों ने लगाए पोस्टर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

पंडरी गांव में दीवार पर लगा पोस्टर।

- **पंडरी में लगे मतदान के बहिष्कार के पोस्टर-बैनर, सोशल मीडिया पर छेड़ी मुहिम**
- **शिवपुरिया में ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर बाघ पकड़ने की मांग की**

अमृत विचार : बाघ और छुट्टा पशुओं को लेकर पीलीभीत टाइगर रिजर्व के जंगल से सटे गांवों के लोगों ने लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान का बहिष्कार करने का फैसला किया है। लोगों ने गांव की दीवारों पर पोस्टर भी चस्पा कर दिए है जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

जंगल से निकलकर बाघ अक्सर आबादी क्षेत्र में घुस आते हैं और उनके हमले से कई लोगों ने अपनी जान गवां दी है। इस तरह की घटना से लोगों काफी डरे हुए हैं। वहीं, दूसरी तरफ छुट्टा पशु के फसल बर्बाद करने से किसान परेशान हैं। ग्रामीण इससे संबंधित अधिकारी को अवगत कराते हैं तो वह केवल औपचारिकता निभाते हैं। लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही राजनीतिक दलों के एजेंडे में अपनी समस्या के न होने पर परेशान ग्रामीणों ने चुनाव के दौरान मतदान न करने का फैसला किया है। लोगों का कहना है कि पहले आबादी क्षेत्र में घूम रहे बाघ और छुट्टा पशु पकड़े जाएं उसके बाद ही वह मतदान करेंगे। बहिष्कार के पोस्टर गांव की दीवारों पर लगे हुए हैं, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व के जंगल से सटे गांवों के लोग बाघ हमले की समस्या को लेकर आवाज उठाते रहे हैं, लेकिन अधिकारी इसको महज शोर समझकर दबा देते हैं।

महोफ रेंज से सटे पंडरी और आसपास के लोगों ने इस बार मतदान को हथियार बनाकर अपनी आवाज सरकार तक पहुंचाने की मुहिम शुरू कर दी है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक बाघ और छुट्टा पशुओं को नहीं पकड़ा जाएगा, वह मतदान नहीं करेंगे। शिवपुरिया के पास वनकटी रोड पर रविवार सुबह पंडरी, शिवपुरिया, हरकिशनापुर आदि गांवों के लोगों ने प्रदर्शन कर बाघ पकड़े जाने की अधिकारियों से मांग की। जंगल से सटे गांवों में मतदान बहिष्कार की भनक लगने पर सरकारी अमला हरकत में आ गया है। इसकी जानकारी के लिए मरौरी ब्लॉक की खंड विकास अधिकारी मृदुला टीम के साथ गांव पंडरी पहुंची और वहां पर उन्होंने जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से इस संबंध में बात की।

> इस संबंध में मुझे कोई जानकारी नहीं है। यदि ऐसा कोई मामला है तो अधिकारियों को भेजकर संवाद किया जाएगा। समस्याओं को जानकर उनका निस्तारण कराने का पूरा प्रयास किया जाएगा।
> – **संजय कुमार सिंह**, जिलाधिकारी

सियासी हलचल

पदाधिकारी और कार्यकर्ता लक्ष्य बनाकर घर-घर करें संपर्क

बरेली, अमृत विचार : बरेली संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार ने रविवार को भोजीपुरा विधानसभा क्षेत्र के शेरगढ़, देवरनिया, भोजीपुरा, परधौली, रिठौरा मंडलों की बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पदाधिकारी और कार्यकर्ता चुनाव की तैयारी में जुट जाएं और लक्ष्य बना कर घर-घर संपर्क करें। सभी पदाधिकारी बूथ जीतो चुनाव जीतो की रणनीति पर काम करें। इस दौरान पूर्व विधायक बहोरन लाल मौर्य, लोकसभा संयोजक राजकुमार शर्मा, प्रशांत पटेल, बुद्धसेन मौर्य, अमित गुप्ता, मंडल अध्यक्ष चंद्रपाल मौर्य, राजेंद्र मिश्रा, वीरपाल सिंह, छेदा लाल, सुक्खन लाल पटेल आदि मौजूद रहे।

धर्मेंद्र कश्यप ने अपने आवास पर खेली चुनावी होली

बरेली, अमृत विचार : आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप ने कहा कि होली का पर्व आपसी सौहार्द और एकता का संदेश देता है। ये पर्व सिखाता है कि सभी को रंगों की तरह आपस में मिलजुलकर रहना चाहिए। सांसद रविवार को अपने गांव कांधरपुर में आयोजित होली मिलन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का 400 पार का संकल्प सभी को पूरा करना है। पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह की मौजूदगी में धर्मेंद्र कश्यप ने फूलों की होली खेली। ढोल नगाड़ों की थाप पर डांस भी हुआ। कलाकारों की टोलियों ने होली गीत गाए। समारोह में वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार, सांसद संतोष गंगवार, मेयर उमेश गौतम, बिथरी विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, फरीदपुर विधायक श्यामबिहारी लाल, दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, मीरगंज विधायक डीसी वर्मा, पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य, जिलाध्यक्ष आंवला आदेश प्रताप सिंह आदि शामिल थे।

लोकतंत्र बचाओ रैली में लिया भाग

बरेली, अमृत विचार : दिल्ली में लोकतंत्र बचाओ रैली में आम आदमी पार्टी की रुहेलखंड प्रांत उपाध्यक्ष एडवोकेट सुनीता गंगवार ने भाग लिया। उन्होंने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लोकतंत्र की हत्या बताया। कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण चुनाव है, जो देश को बचाने के लिए लड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश को बचाने के लिए लोगों को अधिक से अधिक मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।

रवींद्र यादव, प्रमोद बिष्ट समन्वयक

बरेली, अमृत विचार : सपा ने सहयोगी दल के साथ समन्वय बनाने के लिए पदाधिकारी मनोनीत किए हैं। सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने आंवला लोकसभा क्षेत्र में सहयोगी दलों के लोगों से समन्वय बनाने के लिए जिला उपाध्यक्ष रवीन्द्र यादव को समन्वयक मनोनीत किया है। वह आंवला लोकसभा क्षेत्र प्रत्याशी नीरज मौर्य, सपा और कांग्रेस के नेताओं के बीच समन्वय बनाने का काम करेंगे। इसके अलावा बरेली लोकसभा के लिए प्रमोद बिष्ट को समन्वयक बनाया गया है।

चुनाव : 25 से 30 फीसदी बढ़ गया गाड़ियों का किराया... प्रत्याशियों को भी खली ये महंगाई

एक हजार तक बढ़ा बड़ी गाड़ियों का किराया, डीजल-पेट्रोल की बढ़ी कीमतें भी कर रहीं परेशान

सुरेश पांडेय, बरेली

- पिछली चुनाव में 20 से 25 लाख तक खर्च किए थे प्रमुख प्रत्याशियों प्रचार वाहनों पर
- इस चुनाव में उतने ही प्रचार वाहन लगाए तो 40 लाख तक का खर्च होने के आसार

24 18वीं लोकसभा का चक्रव्यूह

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव 2019 में प्रत्याशियों के लिए अधिकतम व्यय सीमा 70 लाख थी जो इस बार 95 लाख हो गई है। जाहिर है कि महंगाई बाकी सब चीजों के साथ चुनाव पर भी आई है, यह अलग बात है कि चुनाव लड़ने का मौका आया तो ये महंगाई प्रत्याशियों को भी परेशान कर रही है। चुनाव प्रचार के लिए किराए की गाड़ियों के बाजार में 2019 की तुलना में 25 से 30 प्रतिशत तक महंगाई बढ़ गई है। उम्मीद जताई जा रही है कि प्रमुख दलों के प्रत्याशियों को इस चुनाव में 40 से 50 लाख तक का खर्च सिर्फ चुनाव प्रचार वाहनों पर ही करना पड़ेगा।

बरेली और आंवला में अभी नामांकन शुरू नहीं हुए हैं लेकिन शहर में ट्रैवल एजेंसी यानी किराए की गाड़ियों के बाजार में प्रत्याशियों के नुमाइंदों की आमद होने लगी है। ट्रैवल एजेंसी वालों से उनके पास उपलब्ध गाड़ियों और उसके किराए का हिसाब लिया जाने लगा है। पिछले चुनाव में प्रत्याशियों ने पूरे चुनावी व्यय का एक तिहाई से लेकर आधा तक खर्च गाड़ियों पर किया था। इस बार महंगाई की वजह से चुनाव व्यय सीमा बढ़ने के बावजूद इससे ज्यादा खर्च होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

एक गाड़ी का खर्च रोज चार से पांच हजार तक : हमेशा की तरह इस चुनाव में भी बड़ी गाड़ियों की मांग ज्यादा है ताकि उसमें ज्यादा से ज्यादा समर्थक बैठ सकें। ट्रैवल एजेंसी चलाने वाले मनोज, अंशु और राहुल बताते हैं कि इनोवा, अर्टिगा और स्विफ्ट डिजायर जैसी गाड़ियों का किराया इस बार साढ़े तीन से साढ़े चार हजार रुपये रोज तक है। छोटी गाड़ियों का रेट भी तीन हजार रुपये है। इसमें डीजल-पेट्रोल और ड्राइवर का भी खर्च शामिल है लेकिन शर्त यह है कि गाड़ी एक दिन में डेढ़ सौ किमी से ज्यादा नहीं चलेगी। पिछले चुनाव में यह रेट एक हजार रुपये तक कम था।

अगर कोई डीजल-पेट्रोल और ड्राइवर का खर्च अलग से देता है तो इनोवा जैसी गाड़ी का किराया डेढ़ से दो हजार रुपये तक है। गाड़ी एक दिन में डेढ़ सौ किमी से ज्यादा न चलाने और सुबह से शाम तक आठ घंटे ही उपलब्ध रहने की भी शर्त है। इस लिहाज से दोनों सूरत में प्रत्याशी को एक गाड़ी चलाने की एवज में रोज छह से सात हजार रुपये तक खर्च करने होंगे। ट्रैवल एजेंसियों के मुताबिक चुनाव जोर पकड़ने के साथ ये रेट और बढ़ेंगे क्योंकि धीरे-धीरे गाड़ियों की कमी पड़ने लगती है और उन्हें इधर-उधर से बंदोबस्त करना पड़ता है।

पांच साल में पेट्रोल और डीजल 27 रुपये महंगा

लोकसभा चुनाव 2019 के दौरान पेट्रोल 68.66 और डीजल 61.82 रुपये लीटर था लेकिन इस चुनाव में दोनों के रेट करीब 27 रुपये लीटर तक बढ़ गए हैं। फिलहाल पेट्रोल का रेट 95.03 और डीजल का 88 रुपये लीटर है। इसकी मार प्रत्याशियों पर भी पड़ेगी।

भगवा पंडाल में होगा प्रबुद्ध सम्मेलन



सम्मेलन को सफल बनाने के लिए बैठक

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज के मैदान पर दो अप्रैल को प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को लेकर सिविल लाइंस स्थित भाजपा कार्यालय पर रविवार को बैठक हुई। इसमें सांसद संतोष गंगवार ने सम्मेलन को सफल बनाने की रूपरेखा तैयार की। वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी लोग मिलकर कार्य करें। कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने कहा कि सभी लोग अपनी जिम्मेदारी समझते हुए कार्य करें। महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, मेयर उमेश गौतम, लोकसभा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार, डॉ. सीपीएस चौहान, डॉ. प्रमेंद्र महेश्वरी, डॉ. विनोद पागरानी, सुदेश अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, धर्मवीर सिंह, परमजीत सिंह, देवेंद्र जोशी, बंटी ठाकुर, विष्णु शर्मा मौजूद रहे।

भाजपा : पूर्व प्रदेश प्रवक्ता के ट्वीट से पार्टी में मची हलचल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और भाजपा अध्यक्ष को किया टैग
- कहा- प्रत्याशी के साथ न संगठन न विधायक, अकेले कर रहे प्रचार

अमृत विचार : भाजपा की पूर्व प्रदेश प्रवक्ता डॉ. दीप्ति भारद्वाज के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री समेत कई शीर्ष नेताओं को किए गए ट्वीट रविवार को पूरे दिन पार्टी में हलचल मचाते रहे। अलग-अलग ट्वीट कर डॉ. दीप्ति ने आरोप लगाया है कि बरेली में पार्टी प्रत्याशी छत्रपाल सिंह को अकेले अपना प्रचार करना पड़ रहा है। सारे विधायक और संगठन के पदाधिकारी नदारद हैं। उधर, छत्रपाल सिंह ने इसे अफवाह बताते हुए इस मामले में कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

भाजपा हाईकमान ने बरेली में आठ बार के सांसद रहे संतोष गंगवार का टिकट काटकर बहेड़ी के विधायक रहे छत्रपाल सिंह गंगवार को प्रत्याशी घोषित किया है। अभी ठीक से चुनाव प्रचार भी शुरू नहीं हुआ है कि इस बीच पूर्व प्रदेश प्रवक्ता डॉ. दीप्ति भारद्वाज के ट्वीट ने पार्टी में हलचल मचा दी। डॉ. दीप्ति भारद्वाज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बीजेपी 4 यूपी को किए ट्वीट में कहा है, इससे बुरी बात क्या होगी कि भाजपा बरेली प्रत्याशी छत्रपाल जी अकेले अपना प्रचार कर रहे हैं।

सारे विधायक, संगठन पदाधिकारी नदारद हैं। इसी से हताश प्रत्याशी ने टिकट सरेंडर करने की बात तक भरी मीटिंग में कर दी। दूसरे ट्वीट में डॉ. दीप्ति ने कहा है कि बरेली का चुनाव इस बार संगठन नहीं जनता लड़ रही है। यही उपलब्धि है। भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार ने कहा कि ऐसा कुछ भी नहीं है, उन्होंने ऐसी कोई बात नहीं कही है। ऐसी अफवाह फैलाने वाले पर उन्हें कानूनी कार्रवाई का सहारा लेना पड़ सकता है।

छत्रपाल बोले- रिकॉर्ड वोटों से जीतूंगा

भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार ने दीप्ति भारद्वाज के ट्वीट को लेकर देर रात वीडियो जारी कर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के कुशल मार्गदर्शन में उनका चुनाव अच्छा चल रहा है। बूथ अध्यक्ष से लेकर विधायक तक उनके साथ में हैं। उन्होंने दावा किया कि वह रिकॉर्ड मतों से जीतने वाले हैं। समाजवादी पार्टी के लोग अपनी हार की वजह से षडयंत्र रच रहे हैं। षड्यंत्र करने वालों के खिलाफ जांच कराकर विधिक कार्रवाई करेंगे।

उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का पत्र भी आया चर्चा में

बरेली, अमृत विचार : भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष विकास अग्रवाल और महानगर अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है कि 35 सालों से विनम्र स्वभाव वाले सांसद संतोष गंगवार ने इस सीट को संजोकर रखा। हम व्यापारियों की कड़ी मेहनत से यह सीट लगातार भाजपा के खाते में जाती रही लेकिन छत्रपाल गंगवार को टिकट देकर ठीक नहीं किया गया। उनका व्यवहार व्यापारियों के प्रति अच्छा नहीं है। शनिवार को जब वह साथी व्यापारी अनुज गुप्ता, डा. प्रमोद राठौर, असीम जौहरी, विपिन गुप्ता, घासीराम अग्रवाल के साथ जब उनके निवास पर उन्हें बधाई देने गए तो उन्होंने उन्हें गंभीरता से नहीं लिया। उधर, छत्रपाल सिंह गंगवार ने बताया कि प्रत्याशी घोषित होने के बाद से उनके यहां बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं। व्यापारियों के आने की उन्हें जानकारी नहीं है। उनके यहां जो भी आता है, उसका पूरा सम्मान किया जाता है। ऐसे आरोप निराधार हैं।

ट्वेंटी यूथ वन बूथ का फार्मूला लागू करें युवा

बरेली, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी की जीत के लिए युवाओं को सक्रियता बढ़ाते हुए ट्वेंटी यूथ ऑन वन बूथ के फार्मूले पर काम करना होगा। यह बात सपा के महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने पार्टी कार्यालय पर फ्रंटल संगठन समाजवादी युवजन सभा और समाजवादी छात्र सभा की सयुंक्त बैठक में कही। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र वितरित किए और बूथों की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार देने का वादा भाजपा पूरा नहीं कर पाई है। भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। इन मुद्दों के साथ सपा की नीतियों को बताने की बात कही। इस मौके पर जिलाध्यक्ष शिवचरण कश्यप, दीपक शर्मा, मनोहर पटेल, रविन्द्र यादव, ब्रजेश श्रीवास्तव, सैय्यद फरहान, एजाज अहमद, अविनाश मिश्रा, दीपक यादव, विक्रांत सिंह पाल, मनी यादव, अनिकेत सिंह यादव, अनुराग यादव, भरत सिंह कोठारी, सचिन रस्तोगी, मनोज यादव मनी, अभिषेक यादव, चंद्रसेन पाल, लकी पाल आदि मौजूद रहे।

आज भी हर स्तर पर असमानता की शिकार हैं महिलाएं

आधी आबादी की आवाज...

महिलाओं ने हर क्षेत्र में प्रगति की है लेकिन इसके बाद भी उन्हें हर स्तर पर असमानता का सामना करना पड़ता है। खेलों को ही ले लीजिए, यहां जिस सामाजिक और राजनीतिक सोच की शिकार महिलाएं पहले थीं, वैसे ही अब भी हैं। खेलों में महिलाओं का शोषण होता है, लेकिन इस पर राजनीति कुछ नहीं कर पाती। यह इस बात का प्रमाण है कि राजनीतिक दल महिलाओं के मुद्दों को गंभीरता से नहीं लेते। संभवत: इसकी वजह यह है कि पुरुषों की तुलना में महिलाएं भावनात्मक मुद्दों को ज्यादा महत्व देती हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की महिलाओं की राजनीतिक समझ में भी अंतर दिखता है। गांवों में महिलाएं समुदाय की परंपरागत भूमिकाओं के अनुसार राजनीतिक दृष्टिकोण बनाती हैं, शहरी महिलाओं के विचार कुछ हद तक स्वतंत्र होते हैं। राजनीतिक ज्ञान में भी अंतर होता है। महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा और समानता के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा देने के लिए राजनीतिक दलों को महिलाओं के मुद्दों और आवश्यकताओं को समझने की जरूरत है। महिलाओं के लिए सामाजिक, पारिवारिक और आर्थिक पहलू महत्वपूर्ण हैं। **-डॉ. प्रीति वर्मा,** सहायक प्रोफेसर, खेल विभाग, साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय

जनता का मंच

क्या राजनीति में भविष्य बनाना चाहते हैं युवा?

बरेली, अमृत विचार : राजनीतिक दल युवाओं के दम पर सत्ता हथियाने का सपना देखते हैं लेकिन खुद युवा राजनीति को अच्छे नजरिए से नहीं देखते, न यहां अपना भविष्य बनाने के बारे में सोचते हैं। युवाओं का कहना है कि राजनीति अब झूठ और धोखाधड़ी की बुनियाद पर टिकी है, सकारात्मक दृष्टिकोण से यहां आने वालों के लिए कुछ नहीं रखा है। उनके लिए अपनी योग्यता के अनुसार जीविका हासिल करना ही सबसे बड़ा लक्ष्य है लेकिन आज की राजनीति ने इसे भी काफी मुश्किल कर दिया है।

राजनीति में करियर बनाने के लिए सोच भी नहीं सकते।

हम जैसे ज्यादातर युवा राजनीति को अच्छे नजरिए से नहीं देखते। कई लोगों को देखा है जिनकी राजनीति में शुरुआत में काफी दिलचस्पी थी लेकिन उन्हें इस्तेमाल कर छोड़ दिया गया। राजनीति से पढ़ाई खराब होती है और कुछ मिल भी नहीं पाता। **- इशिका शर्मा,** प्रेमनगर

राजनीति आजकल उन्हीं को रास आती है जिनका पारिवारिक परिवेश पहले से राजनीतिक होता है।



इस दौर में राजनीति में कामयाबी के लिए काफी पैसा चाहिए। संपर्क भी होने चाहिए। इसके बाद भी अच्छे करियर की कोई गारंटी नहीं होती। राजनीति बेहद नकारात्मक होती जा रही है। **-मो. मुशाहिद अल्वी,** जोगी नवादा

राजनीति में करियर वही बना सकता है

जो रोज एक से बड़ा एक झूठ बोल सकता हो। पहले के नेता और आज के नेता में बहुत फर्क है। पहले युवा देश के बड़े नेताओं को देखकर राजनीति की तरफ आकर्षित होते थे लेकिन आज जो लोग राजनीति में शीर्ष पर हैं, वे देश सेवा के बजाय भ्रष्टाचार कर रहे हैं। **-तनवीर रजा,** जगतपुर

राजनीति अब उस दौर में पहुंच गई है,

जहां किसी भी अच्छे नेता को आगे ही नहीं बढ़ने दिया जाता। राजनीति में आकर्षण खत्म हो गया है। भ्रष्टाचार करने वालों की भरमार है। जनसेवा के लिए कोई नहीं जाता। जिस क्षेत्र में पहले से इतनी नकारात्मकता फैली हुई हो, उसमें सकारात्मक करियर बनाना मुश्किल है। **- प्रज्ञा,** सेटेलाइट

युवाओं की धारणा बन चुकी है कि राजनीति सबसे गंदा क्षेत्र है। यहां वहीं लोग दांव आजमाने आते हैं जिनके पास पैसा है और वे उसके दम पर प्रतिष्ठा हासिल करना चाहते हैं। राजनीति में भ्रष्टाचार, दल-बदल और सत्ता को सारे संबंधों से ऊपर मान्यता देना जरूरी होता जा रहा है। किसी समय में जरूर राजनीति को सेवा का माध्यम माना जाता था, तब इसमें देश सुधार की इच्छा से लोग आते थे। मध्य वर्ग के युवाओं को सुरक्षित भविष्य चाहिए। इसीलिए उनकी सबसे लंबी कतार सरकारी नौकरी की तैयारी कराने वाले कोचिंग संस्थानों के बाहर लगती है। वैसे भी राजनीति में करियर स्थाई नहीं है। यहां जद्दोजहद चलती रहती है। कोई नहीं कह सकता कि कब सफलता मिलेगी और कब तक रहेगी। - डॉ. आशीष दीक्षित, असिस्टेंट प्रोफेसर राजनीति शास्त्र सिल्वर लॉ कॉलेज

बसपा: पूरी ही नहीं हो पा रही मजबूत प्रत्याशी की तलाश

- दो सप्ताह से भी ज्यादा समय से अटकी हुई है बरेली-बदायूं में प्रत्याशी की घोषणा
- बरेली से संगठन ने भेजा पूर्व विधायक का नाम, पर मुख्यालय से अभी सहमति नहीं

बरेली, अमृत विचार : बसपा की बरेली और बदायूं में मजबूत प्रत्याशी की तलाश भी पूरी नहीं हो पा रही है। दो सप्ताह से भी ज्यादा समय से बरेली और बदायूं में प्रत्याशी की घोषणा अटकी हुई है। बरेली में जिस मुस्लिम दावेदार का नाम पहले मुख्यालय भेजा गया था, वह खारिज हो चुका है। अब हाल ही में पार्टी में शामिल हुए एक पूर्व जनप्रतिनिधि का नाम ऊपर भेजा गया है, लेकिन उस पर भी अभी सहमति नहीं बन पाई है। बदायूं में भी अब तक बात बनती नहीं दिख रही है।

पिछला लोकसभा चुनाव सपा के साथ बसपा ने इस बार अकेले चुनाव लड़ने का एलान किया है। मंडल की आंवला, पीलीभीत और शाहजहांपुर सीट पर उम्मीदवार घोषित कर दिए गए हैं लेकिन बरेली और बदायूं सीट पर प्रत्याशियों का चयन नहीं हो पा रहा है। कुछ समय पहले ही दूसरे दल से एक पूर्व विधायक टिकट के वादे पर बसपा में शामिल हुए हैं। उनका नाम कई दिन पहले मुख्यालय भी भेज दिया गया है लेकिन अभी उनका नाम भी फाइनल नहीं हो पाया है। बदायूं में पार्टी मुस्लिम उम्मीदवार मैदान में उतारने की प्राथमिकता जता चुकी है लेकिन वहां भी दमदार उम्मीदवार की तलाश पूरी नहीं हो सकी है।

> बरेली और बदायूं में भी जल्द ही मजबूत प्रत्याशी का एलान कर दिया जाएगा। उम्मीद है कि दो-तीन दिन के अंदर दोनों प्रत्याशी तय हो जाएंगे। **- ब्रह्मस्वरूप सागर,** मुख्य मंडल कोऑर्डिनेटर



शहर में आज

- मेथोडिस्ट गर्ल्स हॉस्टल में ईस्टर पर्व सुबह 11 बजे।
- श्रीहरि मंदिर में आनंद उत्सव शाम 7 बजे।
- ब्रह्मपुरी में रामलीला मंचन रात 8 बजे।
- यामिनी आर्ट गैलरी में चित्रकला प्रदर्शनी सुबह 11 बजे।

एक नजर

तेज गर्म हवाओं से होगी अप्रैल की शुरुआत

बरेली, अमृत विचार : मार्च के अंतिम दिन अधिकतम तापमान 36 डिग्री पार हो गया। अप्रैल की शुरुआत भी भीषण गर्मी से होगी। इस दौरान तेज गर्म हवा चलने का भी पूर्वानुमान मौसम विभाग ने जताया है। रविवार को अधिकतम तापमान दो डिग्री की बढ़ोतरी के साथ 36.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अप्रैल के पहले सप्ताह में तापमान बढ़कर 39 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचना बताया जा रहा है और रात का तापमान भी बढ़ेगा।

अवध असम एक्सप्रेस में यात्रा कर रही महिला की मौत

बरेली, अमृत विचार : अवध असम एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान महिला की मौत हो गई। महिला के शव को जीआरपी ने बरेली जंक्शन पर उतारा लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया। बरेली जंक्शन पर मुरादाबाद कंट्रोल रूम से जीआरपी को सूचना मिली कि 15910 अवध असम एक्सप्रेस में एक महिला की यात्रा के दौरान तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई है। महिला को बरेली जंक्शन पर उतारा गया लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की पहचान पीलीभीत जिले के पूरनपुर के खमरिया पट्टी के रहने वाली रामादेवी पत्नी मोहनलाल के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार महिला का बीकानेर में इलाज चल रहा था, जहां से दवा लेकर वह लौट रही थीं।

स्मार्ट सिटी: करोड़ों की इमारतें खड़ी कर दीं, बंद पड़े प्याऊ की सुध नहीं ली

बटलर प्लाजा और कोतवाली के पास प्याऊ पर लगा दिए हैं विज्ञापन, गर्मी में प्यास बुझाने के लिए भटकना पड़ रहा है लोगों को

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : स्मार्ट सिटी में कहीं भी स्वच्छ पानी और वाटर कूलर की व्यवस्था नहीं है। शहर में जहां-जहां पहले प्याऊ लगे भी थे वह सूख गये हैं। उनकी मरम्मत नहीं की गई और दीवारों पर विज्ञापन होर्डिंग्स लगा दिये गये हैं।

कुतुबखाना बाजार में प्याऊ का कोई इंतजाम नहीं है। ऐसे में लोगों को गर्मी में या तो घर से पानी साथ लाना होगा या फिर पानी की बोतल खरीदनी पड़ेगी। साहूकारा निवासी व्यापारी राजकुमार मेहरोत्रा बताते हैं कि वर्ष 2008-09 में सीतापुर आई हॉस्पिटल, बटलर प्लाजा, कुतुबखाना पुलिस चौकी, पटेल चौक, कोहाड़ापीर पेट्रोल पंप के सामने, अलखनाथ मंदिर परिसर, जिला अस्पताल परिसर, कचहरी और तहसील परिसर सहित सरकारी और निजी परिसरों में प्याऊ (ड्रिंकिंग वाटर कूलर) नजर आते थे लेकिन अब कलेक्ट्रेट परिसर को छोड़कर कहीं भी प्याऊ दिखाई नहीं देते हैं। बटलर प्लाजा में तो सैलून वाले ने अपनी दुकान का बोर्ड प्याऊ के भवन पर लगा दिया है। कोतवाली के सामने दीवार पर पुताई करके वहां भी संस्थाएं अपना प्रचार कर रही हैं।

बटलर प्लाजा के सामने बंद पड़ा प्याऊ। ● अमृत विचार

कोतवाली के सामने बना प्याऊ भी कई साल से बंद पड़ा है। ● अमृत विचार

कोतवाली के पास एक संस्था की तरफ से विधायक निधि से प्याऊ लगवाए गए थे। कुछ समय यह प्याऊ ठीक स्थिति में चले लेकिन फिर ठप हो गये। इसकी तरफ किसी ने ध्यान नहीं दिया। कॉलेज रोड पर इलेक्ट्रिकल बाजार के पास मंदिर के बाहर प्याऊ का व्यापारी और मंदिर समिति मरम्मत कराती है। नगर निगम के उपसभापति सर्वेश रस्तोगी बताते हैं कि नगर निगम ने तो कहीं वाटर कूलर नहीं लगवाए हैं। कुतुबखाना बाजार में जगह देखकर प्याऊ लगवाने का प्रयास करेंगे।

सड़क पर बसें खड़ी होने से लगा भीषण जाम

बरेली, अमृत विचार: सेटेलाइट बस अड्डे के सामने रविवार शाम को सड़क पर बसें खड़ी होने की वजह से भीषण जाम लग गया। जाम में फंसे लोगों का गर्मी में हाल खराब हो गया। जिस वक्त जाम लगा, उस दौरान पुल के नीचे इंटरसेप्टर भी खड़ा था लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।

बस अड्डे के बाहर दो बसें खड़े होकर सवारियां भर रही थीं। इसी दौरान एक बस बस अड्डे के अंदर प्रवेश कर रही थी, जगह न मिलने की वजह से पूरा रास्ता ब्लॉक हो गया। इसके बाद पीछे से वाहनों की लंबी कतार लग गई।

अपराधियों को पूरी आजादी..! एक और बंदी ने सेंट्रल जेल में खींचा फोटो फेसबुक पर डालकर खोली पोल

दो लाख का इनामी है कुख्यात शूटर समीर खान उर्फ राका, 11 मार्च को जमानत पर रिहा होने के बाद पोस्ट किए फोटो

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- महिला के डीजीपी और बरेली पुलिस के अफसरों को ट्वीट करने से खुला मामला
- अधीक्षक ने माना, जेल में ही खींचा गया पुराना फोटो किया है पोस्ट, बोले- जांच होगी

अमृत विचार : सख्त कानून-व्यवस्था के दावे की जेलों में धज्जियां उड़ाए जाने के एक के बाद एक मामले सामने आ रहे हैं। कुछ दिन पहले सेंट्रल जेल-2 में एक बंदी ने अपना वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया था, अब दो लाख के एक इनामी रहे सेंट्रल जेल के बंदी ने भी हीरो जैसे अंदाज में खींचे गए अपने कई फोटो फेसबुक पर पोस्ट किए हैं जिनमें एक सेंट्रल जेल का भी है। जेल अधीक्षक ने इस फोटो को पुराना बताया है लेकिन स्वीकार किया है कि उसे मोबाइल पर जेल के अंदर ही खींचा गया है।

फोटो फेसबुक पर पोस्ट करने वाला बंदी समीर खान ने दिसंबर 2017 में फैजाबाद में अनंत बहादुर नाम के ठेकेदार की हत्या की कोशिश की थी जिसके बाद अक्टूबर 2018 में गिरफ्तार हुआ था। अपराधों की पहले से उसके खिलाफ लंबी फेहरिस्त थी। बरेली की सेंट्रल जेल में काफी समय बंद रहने के बाद वह 11 मार्च को जमानत पर रिहा हुआ था। 11 मार्च को ही उसने कई फोटो फेसबुक पर पोस्ट कर दिए। इनमें एक फोटो बरेली सेंट्रल जेल के अंदर का है तो दूसरे फोटो में वह एक बावर्दी पुलिस वाले के साथ किसी रेस्टोरेंट में बैठा नजर आ रहा है। एक और फोटो में वह जेल के गेट पर भीड़ के बीच खड़ा दिख रहा है। राका के फोटो वायरल होने से एक बार फिर पुष्टि हो गई है कि जेलों में अपराधियों को कितनी आजादी हासिल है। मामला तब खुला जब एक महिला ने इसकी शिकायत डीजीपी, डीजी जेल और बरेली पुलिस के अधिकारियों को ट्वीट करके की। शिकायत करने वाली महिला ने लिखा है- बरेली सेंट्रल जेल में बंद कुख्यात अपराधी समीर उर्फ राका अपनी हाई सिक्योरिटी बैरक के सामने फोटो खिंचवाकर रौब झाड़ रहा है। जाहिर है कि फोटो खींचने के लिए मोबाइल का उपयोग किया गया है... तो क्या इन अपराधियों को जेल के अंदर मोबाइल की भी सुविधा दी रही है।

कई जिलों की पुलिस ने घोषित किया था इनाम

समीर खान उर्फ राका लखनऊ के कुख्यात अपराधी शिवेंद्र का साथी है और उसके साथ बतौर शूटर काम करता है। अपराध की दुनिया में कदम रखने से पहले शिवेंद्र के साथ वह भी हॉकी का खिलाड़ी था और लखनऊ स्पोर्ट्स कॉलेज का छात्र भी रह चुका है। गिरफ्तार होने से पहले राका पर फैजाबाद पुलिस ने 50 हजार, प्रतापगढ़ पुलिस ने एक लाख, लखनऊ और सुल्तानपुर पुलिस ने 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। फोटो वायरल होने से साफ हो गया है कि कुख्यात अपराधी जेलों में भरपूर सुख-सुविधाएं हासिल कर रहे हैं।

> फोटो जेल का ही है, लेकिन पुराना है। इसकी जांच कराई जाएगी। जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
> – **अविनाश गौतम**, जेल अधीक्षक सेंट्रल जेल

जेल के अंदर खींची गई समीर की फोटो।

पुलिसकर्मी के साथ होटल में खाना खा रहा समीर।

लिखा- कुछ लोगों का गुरूर तोड़ना है

समीर खान उर्फ राका ने फेसबुक पर पोस्ट किए गए फोटो के साथ लिखा है- 'मशहूर होने का शौक नहीं, कुछ लोगों का गुरूर तोड़ना है'। एक डायलॉग वीडियो में भी बोला है, 'तुम क्या करना चाहते हो जीवन में, इस बात का पता तुम्हारे साये को भी नहीं होना चाहिए क्योंकि दुनिया एक चीज के लिए तैयार बैठी है डिस्टर्ब करने के लिए'।

सेंट्रल जेल- 2 में भी शूट हुआ था वीडियो, अब तक पता नहीं कहां से आया मोबाइल

इससे पहले 14 मार्च 2024 को सेंट्रल जेल- 2 के बंदी आसिफ का वीडियो वायरल हुआ था जो शाहजहांपुर के ठेकेदार राकेश की हत्या के आरोप में बंद था। उस वीडियो में उसने दावा किया था कि वह मौज में है, बड़ों का आशीर्वाद है, जल्द ही जेल से बाहर आने की बात कह रहा है। आरोपी आसिफ जेल को स्वर्ग बताते हुए वीडियो में कह रहा था कि वह स्वर्ग में मौज ले रहा है। यह वीडियो वायरल होने के बाद शासन तक हलचल हुई थी। डीआईजी जेल को जांच सौंपी गई। कुछ लोगों को शक के आधार पर सस्पेंड तो किया गया लेकिन यह पता अबतक नहीं लग पाया कि आसिफ के पास मोबाइल फोन कैसे पहुंचा था।

हरुनगला और पवन विहार में आठ घंटे बिजली गुल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- गर्मी में बिजली कटौती से लोगों की परेशानी और बढ़ी
- मरम्मत कार्य के नाम पर रोज गुल हो रही है बिजली

अमृत विचार : भीषण गर्मी में बिजली कटौती से लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है। रविवार को भी बिजली गुल होने से लोगों की छुट्टी बेकार गई। मरम्मत कार्य की वजह से महानगर और पवन विहार में आठ घंटे बिजली गुल रही।

हरुनगला विद्युत उपकेंद्र पर 10 एमबीए का ट्रांसफार्मर स्थापित करने की वजह से सुबह 10 से शाम 6 बजे तक बिजली कटौती की गई। इससे हरुनगला, पवन विहार, सरस्वती विहार, सुपरसिटी, फाईक एन्क्लेव, खुशबू एन्क्लेव, बाईपास, सुरेश शर्मा नगर, रामगंगानगर, ग्रीन पार्क, ट्रांसपोर्ट नगर में बिजली गुल होने से इन्वर्टर भी जवाब दे गए। इसके अलावा महानगर में भी सुबह 11 से शाम 4 बजे तक बिजली गुल रही। अधिशासी अभियंता गौरव शुक्ला ने बताया कि हरुनगला उपकेंद्र पर 10 एमबीए का ट्रांसफार्मर स्थापित करने की वजह से शटडाउन लिया गया था। इसकी वजह से दिक्कत हुई। जल्द ही मरम्मत के काम पूरे कर लिए जाएंगे। इसके बाद गर्मी में दिक्कत नहीं होगी।

फतेहगंज पश्चिमी में भाजपाइयों पर दर्ज पुराने मुकदमे वापस होंगे

- प्रमुख सचिव गृह ने डीएम को जारी किया पत्र
- सपा के शासन के दौरान दर्ज हुए थे मुकदमे

बरेली/फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार: सपा के शासन के दौरान फतेहगंज पश्चिमी में भाजपाइयों के खिलाफ दर्ज किए केस वापस लेने की तैयारी शुरू हो गई है। राज्यपाल की अनुमति मिलने के बाद शासन के विशेष सचिव न्याय मुकेश कुमार सिंह ने डीएम को इस बारे में पत्र लिखा है।

फतेहगंज पश्चिमी में 1998 मे बिजली संकट के खिलाफ भाजपाइयों ने हाईवे पर जाम लगाया था। इस दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज कर उन्हें खदेड़ा था। इसके बाद करीब चार सौ लोगों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा भी दर्ज किया गया था। वर्ष 2015 में भाजपाइयों पर तब एक और केस दर्ज किया गया, जब काली मंदिर की प्रतिमा खंडित कर प्रतिबंधित पशु का मांस डालने पर धरना देकर विरोध जताया था। इस मामले में भाजपा नेताओं समेत 60 लोगों को नामजद किया गया था। भाजपा नेता आशीष अग्रवाल के आग्रह पर सांसद संतोष गंगवार ने इस मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात की थी जिसके बाद मुख्यमंत्री ने मुकदमे वापस लेने का निर्देश प्रमुख सचिव गृह को दिया था। इसके बाद प्रमुख सचिव न्याय ने 15 मार्च को डीएम और एसएसपी से रिपोर्ट मांगी थी।

पुलिस के खिलाफ भाजपाइयों का थाना आंवला में हंगामा

थाने के बाहर खड़े भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, आंवला

- भाजपा कार्यकर्ता से लगाया बदसलूकी का आरोप, खेद जताने पर लौटे
- बेटे के अवैध हथियार का फोटो शेयर करने पर घर पहुंचे थे पुलिसकर्मी

अमृत विचार : भाजपा के लोगों ने रविवार शाम थाने में हंगामा किया। आंवला जिलाध्यक्ष के साथ थाने पहुंचे भाजपाइयों ने दो पुलिसकर्मियों पर भाजपा कार्यकर्ता से बदसलूकी का आरोप लगाया। पुलिस ने आगे से ध्यान रखने का भरोसा दिलाया तो बात खत्म हुई।

इलाके के एक गांव के भाजपा कार्यकर्ता के बेटे ने कुछ दिन पहले अवैध हथियार का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया था। इसकी शिकायत पर थाने के दो पुलिसकर्मी भाजपा कार्यकर्ता के घर पहुंचे था। आरोप है कि उसके साथ पुलिस वालों ने बदसलूकी भी की। रविवार को यह मामला तूल पकड़ गया। भाजपा के आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह रविवार शाम करीब सवा सात बजे कई कार्यकर्ताओं के साथ थाने पहुंचे। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ता के साथ बदसलूकी करने पर विरोध जताया। कहा, कोई गलत काम करता है तो पुलिस को उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। भाजपा कार्यकर्ता के साथ अभद्रता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। थाने में करीब आधे घंटे हंगामा चलने के बाद अधिकारियों ने भाजपा कार्यकर्ता के घर गए पुलिसकर्मियों को बुलाकर पूछताछ की। दोनों पुलिसकर्मियों ने आरोपों को निराधार बताया, यह भी कहा कि आगे ध्यान रखेंगे। इसके बाद भाजपाई लौट गए। जिलाध्यक्ष के साथ पहुंचे भाजपा नेताओं में पूर्व चेयरमैन संजीव सक्सेना, पूर्व ब्लॉक प्रमुख वेदप्रकाश यादव, अवनीश तिवारी एडवोकेट, आशु सिंह, राहुल दीक्षित, रामवीर प्रजापति, बॉबी अग्रवाल, राजू उपाध्यय, ऊषा सतीजा, मनोज मौर्य समेत तमाम कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

> गलतफहमी की वजह से पुलिसकर्मी भाजपा कार्यकर्ता के घर गए थे। भाजपा के पदाधिकारियों को समझाकर शांत कर दिया है। आचार संहिता में इतनी भीड़ के साथ थाने में आकर हंगामा करने की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।
> –**वीरेश कुमार**, इंस्पेक्टर आंवला

बन गया कुतुबखाना पुल... विश्वास का पुल टूट गया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : कुतुबखाना पुल शुरू हो चुका है लेकिन उसके निर्माण का विरोध करने वाले व्यापारियों की नाराजगी अभी खत्म नहीं हुई है। नाराजगी की एक और वजह यह भी है कि पुल बनने के बाद इस इलाके में जाम की समस्या कम होने के बजाय और बढ़ गई है।

यही बात कहकर उन्होंने पुल बनाने का विरोध किया था लेकिन उनकी बात न अफसरों ने सुनी और न जनप्रतिनिधियों ने। कुतुबखाना पुल बनने में 17 महीने का समय लगा। इस पुल के निर्माण पर जोर दे रहे जनप्रतिनिधियों ने इसके शहर की लाइफ लाइन बनने का दावा किया था लेकिन अब तक यह दावा सच होने से कोसों दूर दिख रहा है।

कोतवाली से कोहाड़ापीर तक इस पुल के निर्माण की वजह से प्रभावित दुकानदार अब अपना कारोबार पटरी पर लाने में जुटे हैं। विधानसभा चुनाव में इस इलाके के 1178 दुकानदारों ने नोटा का बटन दबाकर विरोध जताया था, इस चुनाव में भी उनके बीच खामोशी छाई हुई है।

एक दवा कारोबारी ने बताया कि जब पुल नहीं था, तब भी जाम लगता था। अब तो और ज्यादा लग रहा है। रोज खबरें छपती हैं लेकिन अब किसी का ध्यान जाम पर नहीं है। नीचे ई रिक्शा खड़े होने लगे हैं। लाइटें भी चालू नहीं हुई हैं। पुताई काफी धीरे चल रही है। व्यापारी दुकान का बोर्ड नहीं लगा पा रहा है। कई दूसरे दुकानदार भी पुल के निर्माण पर 110 करोड़ के खर्च को फिजूलखर्ची बताते हुए कहते हैं कि उन लोगों ने लखनऊ जाकर मंत्री को दिए ज्ञापन में यही बात कही थी कि पुल बनने के बाद जाम खत्म नहीं होगा। वही अब सामने आया है। अब कोई जनप्रतिनिधि भी इस समस्या को हल कराने के लिए आगे नहीं आ रहा। दुकानदारों ने कहा कि अब तो वे किसी से आपबीती भी नहीं कह सकते। जब विपक्ष ही नहीं है तो जनता की कौन सुनेगा।

- पुल के निर्माण से प्रभावित रहे दुकानदारों के बीच नहीं दिख रहा चुनाव का माहौल
- बोले- किसी ने उनकी नहीं सुनी, अब तो पहले से भी ज्यादा लग रहा है यहां जाम
- विधानसभा चुनाव में दबाया था नोटा का बटन, इस बार खामोश रहने के मूड में

तमाम दुकानदारों के बर्बाद हो जाने की कसक

इलाके के दुकानदार कहते हैं कि 17 महीने बाद कारोबार बहाल करने की नौबत आई है इसलिए सभी दुकानदारों का पूरा ध्यान अपने कारोबार पर है। वे नहीं देखना चाहते कि चुनाव कौन लड़ रहा है और उसमें क्या होगा। हर दुकानदार जान गया है कि चुनाव में लुभावने वादे करने वाले नेता जीतने के बाद अपनी बात पर कायम नहीं रहते। उनके काफी साथी बाजार छोड़कर चले गए। कई ने दुकान ही बंद कर दी। एक दुकानदार को तो दुकान बंद कर नौकरी करनी पड़ रही है।

आखिरी समय में जागे सरकारी विभाग नहीं खर्च कर पाए 343 करोड़

अनुपम सिंह, बरेली

- 70 विभागों को मिला था 45 अरब 36 करोड़ से ज्यादा बजट
- वित्तीय वर्ष के आखिर में बजट खपाने की ताबड़तोड़ कोशिश की

अमृत विचार : विकास के लंबे-चौड़े दावों के बावजूद सरकारी विभाग अलग-अलग योजनाओं के लिए जिले को मिले 343 करोड़ रुपये खर्च नहीं कर पाए। वित्तीय वर्ष के आखिरी दिनों में बजट को अंधाधुंध ढंग से खपाने की भरपूर कोशिश की गई लेकिन फिर भी यह भारी-भरकम रकम खर्च होने से रह गई।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिले के 70 विभागों को करीब 4536 करोड़ का बजट जारी किया गया था। एक अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 यानी रविवार शाम तक ये विभाग करीब 4171 करोड़ रुपये का ही बजट खर्च कर पाए। 343 करोड़ 88 लाख रुपये से ज्यादा का बजट खर्च नहीं किया जा सका। अब यह बजट विभागों को सरेंडर करना पड़ेगा। सरकारी रिकॉर्ड के मुताबिक आबकारी विभाग को इस वित्तीय वर्ष में 92.78 करोड़ से ज्यादा का बजट मिला था जिसमें से वह 82.71 करोड़ ही खर्च कर पाया। उद्योग विभाग को 89 करोड़ का बजट मिला जिसमें से 88.8 करोड़ खर्च हुआ। बिजली सुरक्षा के लिए 78.82 करोड़ के करीब मिले थे जिसमें से काफी कम 47.67 करोड़ ही खर्च हो पाए। कृषि विभाग ने 30.29 करोड़ के बजाय 28.9 करोड़ ही खर्च किए। विकास विभाग में 80.67 करोड़ के बजाय 77.69 करोड़ खर्च हो पाए। जिला महिला अस्पताल के लिए आई एक करोड़ 39 लाख 85 हजार 850 रुपये में से एक धेला भी खर्च नहीं हो सका। पूरा का पूरा बजट सरेंडर कर दिया गया है।

इसके अलावा मत्स्य विभाग, सहकारिता, खाद्य एवं रसद, गन्ना विभाग, पुलिस, मेडिकल प्रशिक्षण, परिवार कल्याण विभाग, शहरी विकास, परिवहन, पर्यटन, तकनीकी शिक्षा, बेसिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, होमगार्ड विभाग, अल्पसंख्यक विभाग, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, वन विभाग, श्रम विभाग, सैनिक कल्याण, व्यापार कर, सिंचाई समेत समेत कई और विभाग भी शत-प्रतिशत बजट खर्च नहीं कर पाए।

अंतिम दिन ट्रेजरी में गहमागहमी के बीच 50 करोड़ का भुगतान

बरेली, अमृत विचार : वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन रविवार को कोषागार में गहमा-गहमी जैसा माहौल रहा।

सुबह से रात नौ बजे तक लेखाकार विभागों के बिलों को पास करने में जुटे रहे। इस दौरान 50 करोड़ का भुगतान विभागों को किया गया। रविवार को लेखाकार रमेश चंद्र सक्सेना, मुकेश कुमार दीक्षित, दीपक, रंजीत ने काम निपटाए। मुख्य कोषाधिकारी शैलेश कुमार के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंतिम दिन रात नौ बजे तक ट्रेजरी में विभिन्न विभागों के बिलों को पास करने का आदेश था। अंतिम दिन अलग-अलग विभागों के करीब 450 बिलों को पास किया गया, जिसमें करीब 50 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। सबसे ज्यादा भुगतान पुलिस, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, चुनाव के लिए, शिक्षा विभाग को किया गया है।

बैंकों में रही व्यापारियों की भीड़

बरेली, अमृत विचार : वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन रविवार को बैंक शाखाओं में काम किया गया। सरकारी कार्यालयों के साथ ही निजी क्षेत्र के लोगों ने अपना लेन देन का रिकॉर्ड सुधारा। बैंक काउंटरों पर लोगों की काफी भीड़ रही। व्यापारियों ने नकदी को बैंक खाते में जमा किया।

बिजली का बिल जमा करने के लिए भी खुले पावर कॉरपोरेशन के कार्यालय

वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन भी बिजली बिल जमा करने के लिए रविवार को भी कार्यालय खोले गए। अधिकारियों ने बकाया बिल के अलावा अन्य काम भी पूरे किए। रामपुर गार्डन स्थित शहरी क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता और अधिशासी अभियंता के कार्यालय को खोला गया। सर्किट हाउस के सामने स्थित पावर कॉरपोरेशन के परिसर में भी अधिशासी अभियंता और एसडीओ ने कार्यालय में बैठकर काम किया। कैश काउंटर भी बकाया बिल जमा करने के लिए खोल गए। इसके अलावा उपकेंद्रों पर भी बिल जमा करने के लिए काउंटर खोल गए।

नगर निगम ने अंतिम दिन की पांच करोड़ की टैक्स वसूली

बरेली, अमृत विचार : नगर निगम के टैक्स विभाग ने इस बार पिछले सत्र से 20 करोड़ रुपये अधिक टैक्स वसूला है। वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन निगम के खाते में पांच करोड़ रुपये का टैक्स जमा हुआ। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके मिश्रा के निर्देश के बाद पिछले दिनों बिजली विभाग का खाता सीज किया गया था। विभाग ने नगर निगम के भेजे टैक्स बिल पर आपत्ति जताई तो कर्मचारियों ने उसे दुरुस्त कर फिर से बिल भेजा। इसके बाद नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स ने शासन में पैरवी की और उनके प्रयास का असर रहा कि अंतिम दिन बिजली विभाग का बिल जमा हो गया। इसके अलावा चारों जोन से दो रुपये जमा हुए। सीटीओ ने बताया कि पिछले साल टैक्स के मद में 43 करोड़ रुपये जमा हुए थे और इस वर्ष 63 करोड़ रुपये जमा हुए। इसमें करेत्तर की वसूली शामिल नहीं है।

अब गर्मी की मार से सब्जियों की आवक हुई कम, बढ़ने लगे भाव

मटर, आलू, लहसुन, परवल समेत कई सब्जियों पर तेजी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : गर्मी शुरू होते ही सब्जियों के दाम बढ़ गए हैं। डेलापीर मंडी में आवक कम होने की वजह से स्थानीय मंडियों पर भी असर पड़ा है।

15 दिनों में मटर के दाम 15 दिन में 40 से 50 रुपये से बढ़कर 70 से 80 और आलू के 16 से बढ़कर 25 रुपये प्रति किलो हो गए हैं। इसके अलावा परवल, भिंडी, करेला, नेनुआ अभी भरपूर मात्रा में मंडियों में नहीं पहुंच रहे हैं। हरी मिर्च के दाम सौ रुपये किलो पहुंच गए हैं और लहसुन भी दो सौ रुपये किलो तक बिक रहा है। पंद्रह दिन पहले थोक में 140 रुपये किलो मिलने वाला नींबू मांग बढ़ने पर 180 से 200 रुपये तक बिक रहा है। थोक में दाम बढ़ने से फुटकर के दाम भी बढ़ गए हैं।

कुतुबखाना सब्जी मंडी में दुकानदार। ● अमृत विचार

गृहिणियां बोलीं- गड़बड़ाया रसोई का बजट

गर्मी में सब्जी के दाम बढ़ गए हैं। परवल, भिंडी, करैला जैसी सब्जियों के भाव आसमान छूने लगे हैं। – **रजनी**, सिंधु नगर।

सब्जी विक्रेता बोले– कीमतें सामान्य होने में लगेगा समय –गर्मी में सब्जी महंगी हो गई है। जब अधिक दामों में सब्जी मिल रही है तो अधिक दामों में बेचना भी पड़ रहा है लेकिन कुछ दिनों कीमत कम हो जाएगी।– **जगदीश, सब्जी विक्रेता**, एलन क्लब मंडी

होली से पहले केवल आलू महंगा था लेकिन गर्मी बढ़ने के बाद कई सब्जियों के दाम बढ़ गए। इसका सीधा असर रसोई के बजट पर पड़ रहा है। – **उमा देवी**, पुराना शहर

मंडी में गर्मी के सीजन वाली सब्जियां कम मात्रा में आ रही हैं। इसकी वजह से दाम बढ़ गए हैं। करीब 15 से 20 दिन बाद ही दामों में गिरावट आने की संभावना है। –**इरशाद**, डेलापीर मंडी।

तीन साल की बच्ची को किडनी की गंभीर बीमारी

बरेली ,अमृत विचार : जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में रविवार को तीन वर्षीय बच्ची किडनी के गंभीर संक्रमण क्रोनिक किडनी डिसीज (सीकेडी) से ग्रसित मिली है। बच्ची को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। बच्ची को लिवर संबंधी दिक्कत भी थी।

सीबीगंज निवासी रमेश की तीन वर्षीय बेटी रिया को रविवार की सुबह पेट में तेज दर्द हुआ। इस पर परिजन उसे दोपहर करीब 12 बजे जिला अस्पताल लेकर आए। यहां बच्ची को भर्ती कर जांच की गई तो वह किडनी और लिवर संबंधी बीमारियों से ग्रसित मिली। वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अनीस बेग के अनुसार कम उम्र के बच्चों में किडनी संबंधी गंभीर रोग होना चिंता का कारण है। खून में संक्रमण होने से समय पर इलाज न मिलने से शरीर के अंग प्रभावित होते हैं। यदि बच्चे को रुक-रुक कर पेशाब आए और दुर्गंध आए, एनीमिया, मतली और भूख में कमी हो रही हैं, तो यह किडनी डिस्फंक्शन का संकेत हो सकता है।

तीसरा अशरा शुरू, मस्जिदों में एतकाफ में बैठे रोजेदार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ईद का चांद दिखने तक मस्जिदों में एकांत में रहकर करेंगे इबादत
- रमजान के दो अशरे हुए पूरे, तीसरा अशरा हुआ शुरू

अमृत विचार: रमजान महीने के 20 रोजे और दो अशरे रविवार को पूरे हो गए और तीसरा अशरा शुरू होगा। 20 रमजान की शाम से मस्जिदों में रोजेदार एतकाफ में बैठ गए। एतकाफ में बैठकर रोजेदार दस दिन मस्जिद में एकांत में बैठकर अल्लाह की इबादत करेंगे। ईद का चांद दिखने के बाद ही वह अब एतकाफ से उठकर अपने घरों को जाएंगे।

रमजान के महीने को तीन हिस्सों में बांटा गया है। पहले दस दिन में पहला, दूसरे दस दिन में दूसरा और तीसरे दिन में तीसरा अशरा बंटा होता है। पहला अशरा रहमत, दूसरा अशरा मगफिरत यानी गुनाहों की माफी का होता है और तीसरा अशरा जहन्नुम की आग से खुद को बचाने के लिए होता है। रविवार को 20 रमजान पूरे होने पर दो अशरा समाप्त होकर तीसरा असरा शुरू हो गया।

नौमहला मस्जिद में कुरआन मुकम्मल का जश्न

सिविल लाइंस स्थित नौमहला मस्जिद में रविवार को नमाजे तरावीह में कुरआन मुकम्मल हुआ। मौलाना मुहम्मद अरमान रजा मरकजी ने तरावीह पढ़ाई। इससे पहले दरगाह नासिर मियां पर सामूहिक रोजा इफ्तार हुआ। जनसेवा टीम के अध्यक्ष पम्मी खान वारसी ने कहा कि जल्द ही इमाम वेलफेयर टीम बनाई जाएगी।

शहादत ए हजरत अली पर ताबूत निकालकर की मजलिस

बरेली, अमृत विचार: इमामबाड़ा इमाम ए असर में रविवार को शिया समुदाय ने इमाम हजरत अली की शहादत पर मजलिस की। इसे मौलाना अहमद अब्बास ने खिताब किया। मीडिया प्रभारी सय्यद शुजा नकवी ने बताया कि इसके बाद मजलिस ताबूत ए मौला अली बरामद हुआ जो इमामबाड़ा से निकल कर मरहूम इंतेखाब हैदर नकवी के घर पर जाकर समाप्त हुआ।

इस दौरान हाजी इबादत हुसैन नकवी, इब्ने सेथली, नईम हैदर, जरगाम हैदर, तौसीफ हैदर, इक्तेदार हैदर, नदीम, एहतिशाम, वजाहत रजा, जैगम, गाजी, अरबाज, मनसब, समीर, हसन, अंबर, आगाज, फैजान साबरी, मीर मोहम्मद ताहिर, अली हमजा आदि मौजूद रहे।

तीन सौ बेड अस्पताल के कर्मचारियों की दो महीने सेवा बढ़ी

बरेली, अमृत विचार : तीन सौ बेड अस्पताल में तैनात ठेका कर्मचारियों की दो महीने सेवा बढ़ा दी गई है। 31 मार्च को कर्मचारियों की सेवाओं का अनुबंध समाप्त हो रहा था लेकिन रविवार को शासन से सेवा विस्तार का आदेश जारी हो गया। इससे परेशान कर्मचारियों के चेहरे पर खुशी दिखी।

स्वास्थ्य मेले में डायरिया के मरीजों की भरमार

बरेली, अमृत विचार : गर्मी में डायरिया के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। रविवार को 71 स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे आरोग्य मेले में भी अधिकांश मरीज डायरिया के पहुंचे। इसके अलावा त्वचा रोग, सर्दी–जुकाम और बुखार से पीड़ितों की भी काफी संख्या रही। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि मेले में आए मरीजों को उचित परामर्श के साथ इलाज दिया गया। पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए हैं।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान आज से होगा शुरू

बरेली, अमृत विचार : शासन के निर्देश पर जिले में सोमवार से संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलेगा। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि 30 अप्रैल तक चलने वाले अभियान में टीमें घर–घर सर्वे कर मच्छर जनित रोगों से बचाव और रोगियों को इलाज मुहैया कराएंगी। इसके अलावा 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलेगा। इसमें 32 सौ टीमें लगाई गई हैं। जिला मलेरिया अधिकारी सत्येंद्र सिंह के अनुसार जनवरी से अब तक जिले में मलेरिया के 17 मामले सामने आए हैं। इनमें सबसे अधिक मरीज मीरगंज ब्लॉक के हैं।

ग्रांट नहीं मिली तो निर्माण कार्यों पर पड़ेगा असर

बरेली, अमृत विचार : कर वसूली का लक्ष्य पूरा न होने की वजह से शासन से नगर निगम को मिलने वाली 50 करोड़ रुपये की ग्रांट अभी तक नहीं आई है। ग्रांट न मिलने से नगर निगम के निमार्ण कार्यों पर असर पड़ सकता है। ग्रांट मिलने की उम्मीद में ही नगर निगम ने 15वें वित्त के पहले से ही कई काम शुरू करा दिए। मेयर और नगर आयुक्त ने बैठक के बाद कुछ धनराशि मंजूर करते हुए काम शुरू करा दिए। ठेकेदारों को जैसे-जैसे काम पूरा होता जाता वैसे भुगतान होता लेकिन ग्रांट रुकने से उनका भुगतान भी लटक सकता है।

पूर्णागिरि मेले से पहले ट्रेनों में बढ़ने लगी भीड़

बरेली, अमृत विचार : पूर्णागिरी मेला शुरू होने से पहले ही टनकपुर और लाल कुआं जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़नी शुरू हो गई है। इसकी वजह से बरेली सिटी और जंक्शन पर जीआरपी और आरपीएफ सतर्क हो गई है। बरेली सिटी स्टेशन पर टिकट लेने के लिए लोगों को घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है। यात्रियों की सहूलियत के लिए एक अतिरिक्त काउंटर भी खोला गया है। पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जत नगर रेल मंडल की ओर से विशेष गाड़ी का संचालन भी एक अप्रैल से शुरू किया गया है।

स्वयंसेवकों ने शारीरिक विषयों पर किया प्रदर्शन

बरेली, अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बरेली महानगर के चिक्कर इंटरनेशनल स्कूल में हुए कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने नियुद्ध, समता सामूहिक समता, दंड, खेल जैसे शारीरिक विषयों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ब्रज प्रांत के प्रांत संघ चालक शशांक भाटिया ने बताया कि आरएसएस समाज में व्यक्ति निर्माण का कार्य शाखाओं के माध्यम से करता है। शाखाओं पर होने वाले शारीरिक कार्यक्रम वैज्ञानिक हैं, जिनसे स्वयंसेवकों में अनुशासन, साथ चलने का स्वभाव, देशभक्ति और शारीरिक सुदृढ़ता का विकास होता है। इस दौरान मुख्य शिक्षक महानगर शारीरिक प्रमुख विशेष कुमार, प्रांत सह शारीरिक प्रमुख जितेंद्र, विभाग शारीरिक प्रमुख सूर्यप्रकाश, महानगर प्रचारक मयंक साधु, सह महानगर संघचालक अनुपम खंडेलवाल, विभाग प्रचार प्रमुख धर्मेंद्र सिंह, सत्यप्रकाश, महानगर प्रचार प्रमुख विकास सक्सेना, पुष्पेंद्र, शेखर, हेमंत आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

व्यापारियों ने होली मिलन में मतदान की ली शपथ

बरेली, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने वित्तीय वर्ष की समाप्ति के साथ शहर के एक होटल में होली मिलन कार्यक्रम किया। व्यापारियों ने सात मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने और अपने दोस्तों ,पड़ोसियों और कर्मचारियों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने की शपथ ली।

प्रांतीय महामंत्री राजेंद्र गुप्ता ने कहा कि त्योहारों पर व्यापारी काम में व्यस्त थे। इस बार होली भी वित्तीय वर्ष के अंतिम सप्ताह में थी, इसलिए 31 मार्च को कार्यक्रम आयोजित किया गया। महानगर महामंत्री राजेश जसोरिया ने कहा कि कार्यक्रम में महिलाओं के लिए मनोरंजक खेल, कपल डांस आदि प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। प्रांतीय उपाध्यक्ष संजीव चांदना, मनमोहन सब्बरवाल, अंबरीश अग्रवाल, महेंद्र सक्सेना कातिब, गौरी शंकर खंडेलवाल ,अरविंद खंडेलवाल, राजीव, दुर्गेश खटवानी, पीयूष खंडेलवाल, श्याम मिठवानी, अवधेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

होली मिलन समारोह में बच्चों ने प्रस्तुत किए कार्यक्रम

बरेली, अमृत विचार : जयंती जनसेवा ट्रस्ट की ओर से रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार ने की। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। नृत्य, फैंसी ड्रेस, हास्य संगीत और कविताओं की प्रस्तुति उमेश गुप्ता ने की। इसके बाद 51 आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को साड़ी वितरित की गई और मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान ट्रस्ट के चेयरमैन नरेंद्र गंगवार, उपाध्यक्ष निमित शर्मा, नरेंद्र चौहान, संजीव शंकधार, शशांक सानियाल, अभिषेक शर्मा, गरिमा कुलश्रेष्ठ आदि मौजूद रहे।

साहू-राठौर समाज ने गले मिलकर होली मनाई

बरेली, अमृत विचार : भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा ने रविवार को सुरेश शर्मा नगर स्थित निजी बारात घर में समाज का होली मिलन समारोह आयोजित किया। इसमें लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि फरीदपुर विधायक प्रो. श्याम बिहारी लाल रहे। संगठन के प्रदेश प्रभारी अजय पाल राठौर ने समाज को उचित राजनीतिक भागीदारी और शैक्षिक राजनीतिक विकास पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के प्रदेश महामंत्री डॉ. पीपी माथुर ने की। इस मौके पर संगठन के प्रदेश प्रमुख महामंत्री आनंद नारायण साहू, सेवाराम राठौर, मानसिंह राठौर, भाजपा के पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष राधे श्याम साहू, संगठन के जिला प्रभारी राजकुमार गुप्ता, चिंतामणि राठौर, मुन्नालाल राठौर, लक्ष्मी नारायण राठौर आदि मौजूद रहे।

यादव महासभा ने मनाया होली मिलन समारोह

बरेली, अमृत विचार : अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा ने मढ़ीनाथ में यादव छात्रावास पर रविवार को होली मिलन समारोह आयोजित किया। इसमें पारंपरिक तरीके से होली के गीत गाए गए। इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रवीन सिंह ऐरन, राजेश अग्रवाल, सुरेंद्र सिंह यादव, देवेंद्र सिंह यादव, राकेश यादव, चरन सिंह यादव, नरेंद्र प्रताप सिंह मुखर्जी, राजेश यादव, प्रो. सोमेश यादव, शुभलेश यादव, सुधीर यादव, उदयवीर सिंह, दिनेश यादव, वेद प्रकाश यादव, प्रमोद यादव, प्रवीण यादव, सहित अन्य लोगों ने होली की बधाई दी।

दिव्यांश ने स्पेस ओलंपियाड में पहली रैंक हासिल की

बरेली, अमृत विचार : मुंबई की स्पेस ओलंपियाड फाउंडेशन की ओर आयोजित जूनियर स्पेस ओलंपियाड में जीआरएम स्कूल के सातवीं के छात्र दिव्यांश भाटिया ने राष्ट्रीय स्तर पर पहली रैंक हासिल की है। फाउंडेशन की ओर से उन्हें सिंगापुर स्पेस रिसर्च सेंटर में एक हफ्ते के स्टडी टूर के लिए चयनित किया गया है। इस ओलंपियाड में देश भर से 34 विद्यालयों के 16 सौ विद्यार्थियों ने भाग लिया था। दिव्यांश को परिजनों, स्कूल प्रबंधक राजेश जौली, निदेशक त्रिजित अग्रवाल और प्राचार्य रनवीर सिंह रावत ने शुभकामनाएं दीं।

हर दर्द का इलाज करते हैं

डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया

फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
Lifelines OF BAREILLY
MEDICAL
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai

मरीज एन्डोस्कोपी द्वारा देखे जाते हैं।
परामर्श शुल्क ₹ 200/–
मिलने का समय
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 7 बजे से 9 बजे तक
(सोमवार से शनिवार)
सुविधायें
• नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
• गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
• कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
• थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
• दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
स्वास्थ्य जाँच पैकेज की व्यापक रेंज
जांचों पर विशेष छूट
समस्त प्रकार की खून जांचे उपलब्ध
39-बी, एकता नगर, चाट बाजार के पास, नीरज लाईफ केयर हॉस्पिटल के सामने, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पताः– सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:– सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

यशस्वी क्लीनिक
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
मो. 9896567597
स्वास्थ्य परामर्श
• डेंगू, टायफाइड, मलेरिया का उचित इलाज
• दिल सम्बन्धित बीमारियां
• शुगर, ब्लडप्रेशर, सीने में दर्द
• बुखार, खांसी, सांस सम्बन्धित बीमारियां
• थायराइड, गठिया, खून की कमी
• जिगर, पेट, लीवर, अल्सर, भूख न लगना, वजन घटना, कब्ज, उल्टी एवं दस्त की बीमारी
• दिमागी बुखार, मिर्गी के दौरे, एन्सेफलाइटिस, लकवा, स्ट्रोक, सर दर्द, माइग्रेन
• गुर्दे एवं पेशाब की तकलीफ, गुर्दे की पथरी, प्रोस्टेट का बढ़ना, पेशाब में खून आना व जलन।
समयः प्रातः 9:30 से 2:00 बजे एवं सायं 5:00 बजे से 8:00 बजे तक रविवार को अवकाश रहेगा।
पताः- फैज़ हास्पिटल के सामने बेसमेन्ट में, 100 फुटा रोड, बरेली
सम्पर्क सूत्रः- 7895161674, 7906502059

डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व चिकित्सक– शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
ADITYA
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
PRIME HOSPITAL
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
• मेडिसिन विभाग • सर्जरी विभाग • स्त्री एवं प्रसूति विभाग
• मानसिक रोग विभाग • हड्डी रोग विभाग
• न्यूरो विभाग • बाल रोग विभाग
आयुष्मान योजना के तहत फ्री ऑपरेशन व इलाज
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
डॉ. मिनहाज अली खान एम.डी.
7302532226, 9758044442

सार-संक्षेप

बड़ा बाग हनुमान मंदिर से निकाली कलश यात्रा

बरेली, अमृत विचार : वुमेन वेलफेयर ट्रस्ट ने बड़ा बाग हनुमान मंदिर में रामकथा की शुरुआत से पहले कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा करके स्वागत किया गया। इसमें स्वाति अग्रवाल, विजयलक्ष्मी, आयुष बंसल, रश्मि सक्सेना, दीप्ति गंगवार, मोनिका अग्रवाल, लता अग्रवाल, अंजना चतुर्वेदी, पूजा गौड़ और मंजू गुप्ता आदि का सहयोग रहा। आचार्य अमरदेव तिवारी 6 अप्रैल तक कथा सुनाएंगे। ट्रस्ट की महामंत्री मोनिका अग्रवाल ने बताया कि कथा हर रोज दोपहर एक बजे से सायं छह बजे तक होगी। पहले दिन राम के नाम की महिमा, दक्ष प्रजापति और सती कथा का वर्णन किया गया।

हरि नाम संकीर्तन और हनुमान चालीसा संपन्न

बरेली, अमृत विचार : जनकपुरी में श्री हरमिलाप शिवशक्ति मन्दिर में संगीतमय हरि नाम संकीर्तन हुआ। वृंदावन संकीर्तन मंडल ने श्री हरिनाम महामंत्र और हनुमान चालीसा का पाठ किया। जगदीश भाटिया ने भजन गाए। अमित अग्रवाल, अमरीश शर्मा, अंकुर रसिक, अंकित प्रजापति, राम सेठी, परमजीत जग्गी आदि मौजूद रहे।

मेथोडिस्ट चर्च में हर्षोल्लास के साथ मनाया ईस्टर

बरेली, अमृत विचार : चौकी चौराहा स्थित क्राइस्ट मेथोडिस्ट चर्च में ईस्टर का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। चर्च में रविवार सुबह डिवाइन सर्विस के तहत विशेष प्रार्थना सभा की गई और बाइबिल का पाठ श्रद्धालुओं को सुनाया गया। पादरी प्रमोद नंदा की अगुवाई में प्रार्थना सभा हुई। सुबह नवजात शिशुओं का नामकरण संस्कार (बपतिस्मा) फादर सुनील के मसीह ने किया। इस अवसर पर बीमारों के लिए दयानिधि ढिल्लू और राजेश लाल ने प्रार्थना की। सुनील के मसीह ने बताया कि चर्चेस एसोसिएशन की ओर से मेथोडिस्ट गर्ल्स हॉस्टल में ईस्टर मिलन का आयोजन किया गया। शैलेश स्मार्ट, रमनीक मैसी, विनोद लाल आदि उपस्थित रहे।

कायस्थ सभा ने मनाया होली मिलन समारोह

बरेली, अमृत विचार : अखिल भारतीय कायस्थ सभा ने रोटरी क्लब में होली मिलन समारोह आयोजित किया। इसमें होली गीत सहित कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कायस्थ सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वाईसी सक्सेना को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। प्रकाश चंद्र सक्सेना, अरुणा सिन्हा, रश्मि सक्सेना, शकुन सक्सेना, रीता सक्सेना, संजय सक्सेना, ऋतु सक्सेना ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्णिमा अनिल, अनिल सक्सेना एडवोकेट, सुरेन्द्र बीनू सिन्हा, अभय सिंह भटनागर, सत्येंद्र सक्सेना, राजेश सक्सेना, जितेन्द्र सक्सेना, अखिलेश कुमार, अनामिका, अविनाश सक्सेना, मनोज सक्सेना, संजीव सक्सेना, कल्पना सक्सेना आदि मौजूद रहे।

युगवीणा में तीन दिवसीय चित्रकला प्रदर्शनी शुरू

कैंट, अमृत विचार : ज्योति ललित कला अकादमी की ओर से रविवार को युगवीणा लाइब्रेरी स्थित यामिनी आर्ट गैलरी में तीन दिवसीय सामूहिक चित्रकला प्रदर्शनी का उद्घाटन पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन ने किया। प्रदर्शनी में आठ राज्यों और दो देशों की कलाकृतियों को सम्मिलित किया गया है। प्रदर्शनी में चित्रकार जसप्रीत मोहन सिंह (पंजाब), हीरालाल गोहिल (गुजरात), डॉ. अनुराधा आर्य (बरेली), बाल कृष्ण थापा (उत्तराखंड), पुष्पा गौतम (बरेली), सुशील शर्मा (दिल्ली) प्रमुख रूप से शामिल हो रहे हैं। इस मौके पर प्रदर्शनी के संरक्षक डॉ. आनंद लखटकिया, आयोजक उमेश चंद्र, अध्यक्ष परमानंद, उपाध्यक्ष कृष्ण, सचिव कृष्णा शंकर समेत अन्य मौजूद रहे।

हादसों की फिक्र नहीं, फिर खेतों में तैयार होने लगे स्विमिंग पूल

शहर के बाहरी हिस्सों में जोखिम नजरंदाज कर कमाई की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : गर्मी शुरू होते ही शहर के बाहरी इलाकों में स्विमिंग पूल खोलने का अवैध धंधा शुरू हो गया है। इनमें मानकों का भी पालन नहीं किया जा रहा है, जबकि पिछले साल लापरवाही की वजह से अलग-अलग पूलों में चार बच्चों की डूबने से मौत हो गई। हादसों के बाद स्विमिंग पूल सीज किए थे। अब फिर से खेतों में पूल खुल रहे हैं लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

करमपुर चौधरी, आलोक नगर कॉलोनी, पीलीभीत बाईपास, बिथरी चैनपुर के आसपास के इलाकों में करीब 20 से अधिक अवैध स्विमिंग पूल संचालित किए जा रहे हैं। इनमें प्रवेश 30 मार्च से शुरू कर दिया गया है। इनका प्रवेश शुल्क 50, 100 और 200 रुपये प्रति घंटे है। इन स्विमिंग पूल में मानकों कीअनदेखी की जा रही है। इनमें न ही प्रशिक्षित जीवन रक्षक तैनात हैं और न ही पूल की गहराई को मानकों के अनुरूप बनवाया गया है। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी जितेंद्र यादव ने बताया कि शासन के आदेश के अनुसार स्विमिंग पूल को मनोरंजक गतिविधियों के तहत प्रशासन में पंजीकरण कराना अनिवार्य होता है। पंजीकरण में स्विमिंग पूल संचालक को प्रत्येक साल पूल संचालन से पहले शुल्क जमा करना होता है। इसके बाद स्विमिंग पूल संचालक को निरीक्षण के लिए समय अवधि दी जाती है। उसके बाद टीम मौके पर जाकर पूल का जायजा लेती है। टीम की स्वीकृति के बाद ही पूल संचालन की अनुमति मिलती है। जिले में तीन साल में एक भी स्विमिंग पूल संचालकों की ओर से न कोई परामर्श लिया गया और न ही कोई दस्तावेज दिए गए।

डोहरा रोड पर खेत में बने स्विमिंग पूल को चलाने के लिए तैयार करते लोग।

- **पिछले साल चार बच्चों की अवैध स्विमिंग पूलों में हो गई थी डूब कर मौत**

यह मानक हैं जरूरी

- पूल का संचालन करने से पहले प्रशासन से अनुमति लेनी जरूरी है।
- स्विमिंग पूल में आपातकाल स्थिति के लिए दो लाइफ जैकेट का होना जरूरी है।
- स्विमिंग पूल में दो ऑक्सीजन सिलिंडर, दो कृत्रिम सांस यंत्र भी होने चाहिए।
- पूल में फिल्टर प्लांट होना चाहिए, जो प्रत्येक दिन चार घंटे चलाया जाए।
- स्विमिंग पूल चलाने के लिए स्विमिंग कोच राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय खिलाड़ी होना अनिवार्य है।
- प्रत्येक स्विमिंग पूल के लिए दो लाइफ गार्ड तैनात होना अनिवार्य है।

सीईटी-ए और सीईटी-आर सेमी फाइनल में पहुंची

बरेली, अमृत विचार : एसआरएमएस आमोद क्रिकेट कप में रविवार को सीएटी-ए ने आईएमएस-बी और सीईटी-आर ने सीईटी-बी को हराकर सेमी फाइनल में प्रवेश किया।

- **एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड पर आमोद क्रिकेट कप टूर्नामेंट में हुए मैच**

सीईटी-ए ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 196 रन बनाए। जवाब में आईएमएस-बी की टीम 12 ओवर में ही ऑल आउट हो गई और सीईटी-ए ने 124 रनों से जीत दर्ज की। सीईटी-ए के उमंग को 44 गेंदों पर 70 रन बनाने और एक विकेट लेने पर मैन ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरे मैच में सीईटी-आर ने 19.3 ओवर में 131 रन बनाए। जवाब में सीईटी-बी की पूरी टीम 87 रन ही बना सकी और सीईटी-आर ने 22 रन से जीत हासिल की। चार विकेट लेने वाले मोनिस सैफी मैन ऑफ द मैच चुने गए। नाकआउट राउंड में जीत हासिल कर आईएमएस-ए, सीईटी-ए, पैरामेडिकल और सीईटी-आर की टीमों ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दोनों सेमीफाइनल मैच सोमवार को खेले जाएंगे।

मैत्री क्रिकेट मैच में सिविल ने डिफेंस की टीम को हराया

बरेली क्लब मैदान पर मैत्री क्रिकेट मैच खेलते सिविल और डिफेंस के खिलाड़ी।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **बरेली क्लब के मैदान पर रविवार को हुआ मैच**

अमृत विचार : बरेली क्लब की ओर से रविवार को क्लब के मैदान पर मैत्री क्रिकेट मैच आयोजित किया गया। इसमें सिविल 11 की टीम ने डिफेंस 11 को 81 रनों से हराया।

सिविल 11 की टीम ने पहले टॉस जीत कर बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट खोकर 243 रनों का लक्ष्य दिया। जसप्रीत सिंह निशु ने ताबड़तोड पारी खेलते हुए 37 गेंदों में 93, शिवांग खंडेलवाल ने 30 गेंद में 59, पंचम अरोड़ा ने 30 और आदित्य मूर्ति ने 25 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डिफेंस 11 की पूरी टीम सिर्फ 162 रन पर ही सिमट गई। डिफेंस की ओर से सौरभ समीर ने 33 और बलविंदर सैनी ने भी 33 रनों की पारी खेली। मैन ऑफ द मैच जसप्रीत सिंह रहे। बेस्ट ऑल राउंडर आदित्य मूर्ति, बेस्ट बॉलर अभिनव शर्मा और बेस्ट कैच का खिताब नरेंद्र को दिया गया। मैच में एम्पायर अनंत भटनागर और राजीव सैनी और कमेंटेटर राजीव गुप्ता, आनंद प्रकाश गोयल और अजस शुक्ला रहे। इस मौके पर मेयर डॉ. उमेश गौतम, ब्रिगेडियर मनीष कुकरेती, सेक्रेटरी कर्नल कपिल शर्मा, बरेली क्लब डायरेक्टर राजा चावला, विपिन अग्रवाल, सौरभ महरोत्रा आदि उपस्थित रहे।

टॉफी और चॉकलेट ज्यादा खाने से बच्चों के दांतों में हो रही सड़न

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस की ओर से बच्चों के मुख स्वास्थ्य के प्रति किया जा रहा जागरूक**

अमृत विचार : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस की ओर से ओरल हेल्थ माह के तहत बच्चों के मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. सत्यजीत ने बताया कि जब मुंह में मौजूद एसिड दांतों की बाहरी परतों को पिघला देता है तो इसे दांतों में सड़न या कैविटी के नाम से जाना जाता है। बच्चों के दांतों में सड़न के कई कारण हो सकते हैं, जैसे मीठी टॉफी, चॉकलेट, कैंडी जरूरत से ज्यादा खाना, फास्ट फूड खाना, नियमित रूप से ब्रश न करना और खाने से पर्याप्त न्यूट्रीशन न मिलना आदि हैं। इन सभी बीमारियों का इलाज समय पर होना जरूरी है। दांतों की अगर सड़न छोटी है और दांतों की ऊपरी सतह पर है तो इलाज के लिए दांत के सड़े हुए हिस्से को हटाने और उसके स्थान पर फिलिंग लगाने की आवश्यकता होती है। यह फिलिंग दांत के रंग और मेटैलिक भी हो सकती है। वहीं जब दांतों की सड़न के कारण आपकी नसें नष्ट हो जाती हैं, तो दंत चिकित्सक दांत को बचाने के लिए रूट कैनाल करेगा और तंत्रिका ऊतक, रक्त वाहिका और सड़े हुए क्षेत्र को हटा देते हैं। इसके बाद संक्रमण की जांच होती है और जरूरत के हिसाब से जड़ों पर दवा लगाई जाती है। डॉक्टर अंत में दांत भर देते हैं।

धर्म को जानना सबसे कठिन तपस्या : शरणानंद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : जब तक आत्मा और चरित्र पवित्र नहीं तब तक धर्म का अनुपालन नहीं कर सकते। पवित्रता के लिए ही अनेक विधि विधान और चेष्ठा बताई जाती हैं। वेदों की ऋचाओं को महज पढ़ने-जपने से धर्म नहीं बल्कि धर्म को जानना जरूरी है, जो एक तपस्या है। यह बातें गुरु शरणानंद महाराज ने कहीं।

वह एक धार्मिक आयोजन के लिए रविवार को भाजपा नेता अनुपम कपूर के आवास पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि कि वेद ही धर्म है। सत्य का मार्ग बहुत कठिन है लेकिन उससे कहीं अधिक आनंददायक है। बताया कि जैसे गलत दिशा में चलने पर दुर्घटनाएं होती हैं उसी प्रकार अधर्म के मार्ग पर चलने से सर्वनाश होना निश्चित है। अपने संस्कारों से धर्म को जानने का निर्णय प्राप्त होता है। धर्म से प्रेरणा तो मिल जाएगी लेकिन कोई न कोई शक्ति उस प्रेरणा से भटकाने का प्रयास निश्चित करती है। भटकने से बचने के लिए ज्ञानी महा पुरुषों का सानिध्य होना नितांत जरूरी है। अन्य संप्रदाय, पंथ या धर्मों की बात करें तो सबका एक ही आधार है। सभी धर्म हितकारी और कल्याण के लिए हैं। कुछ भी अलग नहीं। बताया कि वेदों का मूल ज्ञान नहीं होगा तब तक वेदों में समहित श्रुतियां भी समझ नहीं आतीं।

गुरु शरणानंद। ● अमृत विचार

- **जब तक आत्मा और चरित्र पवित्र नहीं तब तक धर्म का पालन नहीं कर सकते**

बांके बिहारी मंदिर में आंदोत्सव में कथा सुनते भक्त। ● अमृत विचार

भजनों की धुन पर थिरके भक्त

बरेली, अमृत विचार : श्री बांके बिहारी मंदिर में अखिल भारतीय श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल की ओर से आंदोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें गुरु शरणानंद महाराज ने कार्ष्णि और बाबा बुल्लेशाह के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इस दौरान संगीतमय भजनों की धुन पर लोग थिरकते रहे।

हनुमान ने लंका जाकर सीता का पता लगाया

बरेली, अमृत विचार : ब्रह्मपुरी में रामलीला मंचन से पहले गुरु व्यास मुनेश्वर महाराज ने बताया कि जटायु के लिए जलांजलि दान कर के राम-लक्ष्मण सीता की खोज में चल पड़े। इस दौरान उनका मुकाबला राक्षस कबंध से हुआ। कबंध के बताए मार्ग पर दोनों भाई सुग्रीव से मिलने ऋष्यमूक पर्वत पर पहुंचे। वहां उनकी भेंट हनुमान और सुग्रीव से हुई। इसके बाद राम ने बाली का वध किया। हनुमान समुद्र लांघ कर सीता का पता लगाते हैं। उन्होंने अशोक वाटिका उजाड़ दी और रावण के पुत्र अक्षय कुमार का वध कर कई राक्षसों को मार दिया। प्रवक्ता विशाल मेहरोत्रा, अध्यक्ष सर्वेश रस्तोगी आदि रहे।

पंजाबी सेवा समिति कराएगी वैवाहिक परिचय सम्मेलन

प्रेसवार्ता में पंजाबी वैवाहिक परिचय सम्मेलन की जानकारी देते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : पंजाबी कल्याण सेवा समिति 20वां वैवाहिक परिचय सम्मेलन आयोजित करेगा। स्टेडियम रोड स्थित एक निजी अस्पताल के सभागार में रविवार को प्रेसवार्ता में समिति के महामंत्री लोकेश कालड़ा ने बताया कि 4 अप्रैल को श्री हरि मंदिर बारात घर में सम्मेलन होगा। अभी तक 140 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं और 250 रजिस्ट्रेशन होने की संभावना है। इस साल करीब 15 रिश्ते होने की उम्मीद है। समिति के अध्यक्ष सतीश लुनियाल ने बताया कि दहेज मुक्त रिश्तों के उद्देश्य से इस सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में राम औतार आहूजा, आरएसएस के संघ चालक शशांक भाटिया और डॉ. विनोद पागरानी अतिथि होंगे।

प्रेसवार्ता में सदस्य तिलक राज दुसेजा, होशियार सिंह, मधुर वीणा अरोड़ा, दर्शन लाल भाटिया, राजकुमार लुनियाल, कौशल सूरी, सत्यपाल अरोड़ा, धीरज अरोरा आदि मौजूद रहे।

उत्तराखंड सांस्कृतिक समाज के अध्यक्ष चुने गए आरसी पंत

बरेली, अमृत विचार : उत्तराखंड सांस्कृतिक समाज का 42वां वार्षिक अधिवेशन रविवार को राजेंद्र नगर स्थित सामुदायिक भवन में हुआ। इस मौके पर नई कार्यकारिणी का चुनाव भी हुआ। अधिवेशन में महासचिव मोहन चन्द्र पाठक ने पिछले बरसों के कार्यों, आय-व्यय का विवरण देते हुए प्रगति आख्या प्रस्तुत की। इसके बाद सर्वसम्मति से अध्यक्ष आरसी पंत, उपाध्यक्ष डॉ. हरीश भट्ट, घनश्याम पांडेय, महामंत्री एमसी पाठक, संयोजक डीडी बेलवाल चुने गए। इसके अलावा उपमंत्री उमेश तिवारी, कोषाध्यक्ष हरिनंदन तिवारी, भंडार सचिव भुवन जोशी, लेखा परीक्षक गोकुलानन्द पाठक और किशन चंद पंत, कानूनी सलाहकार गिरीश पांडेय, संगठन मंत्री कैलाश पंत, सांस्कृतिक मंत्री गोपाल दत्त अमोला और सांस्कृतिक उप मंत्री राजेन्द्र पाठक और मीडिया प्रभारी सतीश चंद्र जोशी चुने गए। इस मौके पर भवानी दत्त जोशी, आनंद सिंह भंडारी, एमएस नेगी, सुरेंद्र सिंह बिष्ट, खड़क सिंह बिष्ट, प्रकाश पाठक, निपुण पांडेय, गोपाल दत्त पांडेय, दिव्य दर्शन जोशी, अमित जोशी आदि मौजूद रहे।

कुर्मी क्षत्रिय सभा कराएगी 28 गरीब कन्याओं का विवाह

होली मिलन समारोह में बोलतीं जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **छात्रावास में मनाए होली मिलन समारोह में की गई घोषणा**

अमृत विचार : कुर्मी क्षत्रिय सभा ने रविवार को सरदार पटेल स्मारक कुर्मी क्षत्रिय छात्रावास में होली मिलन समारोह आयोजित किया। इसमें लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं और समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए विचार विमर्श किया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने कहा कि होली मिलन समारोह में समाज के लोगों के साथ शिष्टाचार भेंट और सामाजिक भाईचारा बढ़ाने पर चर्चा की गई। पूर्व मेयर सुभाष पटेल ने कहा कि कुर्मी क्षत्रिय सभा इस बार लगभग 28 गरीब कन्याओं का विवाह कराएगी। सभा के अध्यक्ष के पी सेन गंगवार ने बताया कि कार्यक्रम में समाज में शिक्षा के स्तर को बढ़ाए जाने के विषय पर चर्चा की गई।

इस दौरान पूर्व विधायक मास्टर छोटेलाल गंगवार, कर्नल पुरुषोत्तम सिंह, रोटरी गवर्नर पीपी सिंह, पूर्व विधायक छत्रपाल गंगवार, पूर्व अध्यक्ष घासी राम गंगवार, पार्षद बबलू पटेल, पूर्व पार्षद अशोक पटेल, रामऔतार गंगवार, आरसी लाल, मूलचंद गंगवार, आलोक गंगवार, देश दीपक गंगवार, रघुवीर सिंह गंगवार आदि मौजूद रहे।

पीएचडी प्रवेश परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने पीएचडी प्रवेश परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। छात्र शोध निदेशालय की वेबसाइट पर लॉगिन से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 7 अप्रैल को प्रस्तावित है। इसके लिए 23 सौ अभ्यर्थियों ने आवेदन किए है। परीक्षा बरेली समेत पांच जिलों में होगी। सोमवार से परीक्षा की तैयारियां तेज हो जाएंगी।

स्वयं सेवकों ने मतदान की शपथ लेकर दिया स्वच्छता का संदेश

रैली निकालकर जागरूक करते एनएसएस की छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी (बीआईयू) के रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) द्वितीय इकाई ने दो दिवसीय स्वच्छता एक्शन प्लान और मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीआईयू के रजिस्ट्रार और एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुशील कुमार ठाकुर ने दैनिक और सामाजिक स्वच्छता पर विचार रखे। विद्यालय के अध्यापक आनंद प्रकाश ने हाथों की स्वच्छता बनाए रखने का डेमो दिया। प्रधानाचार्या डॉ. प्रियंका ए मसीह ने छात्रों के जीवन में अनुशासन की महत्ता और मतदान में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। स्वयंसेवियों को मतदान जागरूकता के लिए एक लघु फिल्म भी दिखाई गई। कार्यक्रम अधिकारी मुकेश सिंह ने मतदान और स्वच्छता की शपथ दिलाई। इसके बाद रैली भी निकाली गई। उप प्रधानाचार्या डॉ. अनीथा पी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तसलीम खान, शिक्षक आनंद प्रकाश, अतुल पाल, प्राची मिश्रा, कर्मचारी हर्षित श्रीवास्तव, अशोक कुमार और कुलदीप वर्मा आदि मौजूद रहे।

खिलजी के दांत से ड्राइंग रूम सजाने की चाहत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : श्रीराम मूर्ति स्मारक रिद्धिमा में रविवार को केपी सक्सेना लिखित और विनायक कुमार श्रीवास्तव निर्देशित हास्य नाटक खिलजी का दांत का मंचन हुआ।

नाटक के मुख्य पात्र फिरदौसी की हड़प्पा हाउस नाम की कबाड़ी की दुकान है। जहां वह अपने साले फाहियान के साथ पुराने और एंटीक सामान बेचता है। एक रोज उसकी दुकान में मिसेज पालकीवाला आती हैं। वह वहां खिलजी का एक दांत मांगती है, क्योंकि पड़ोस में रहने वाली उसकी सहेली मिसेज झुनझुनवाला इसी दुकान से खिलजी का दांत महंगे दाम में खरीद कर ले गयी है। मिसेज पालकीवाला का सपना है कि वह दांत से अपने ड्राइंग रूम को सजाएंगी। नाटक में संजय सक्सेना (फिरदौसी), पंकज कुकरेती (फाहियान), सोनालिका सक्सेना (मिसेज पालकीवाला), तनु मिश्रा (मिसेज झुनझुनवाला), सूर्य प्रकाश (बड़ा नेता), शिवम यादव (छोटा नेता), आशुतोष अग्निहोत्री (इंस्पेक्टर), शिवा शर्मा (हवलदार) ने अपनी भूमिकाओं को संजीदगी से निभाया। नाटक में सुमन विश्वास और टुक्कूमणि ने संगीत दिया। इसमें प्रकाश संचालन की जिम्मेदारी रविंद्र गंगवार ने और साउंड की अरुण ने निभाई। मंच सज्जा अंशुल चौहान और मानेश यादव ने किया। इस मौके पर ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, उषा गुप्ता, सुभाष मेहरा, गिरिधर गोपाल खंडेलवाल, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. मनोज कुमार टांगरी, दीपेंद्र कामथान, निशांत अग्रवाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

हास्य नाटक खिलजी का दांत का मंचन करते कलाकार।

- **रिद्धिमा में केपी सक्सेना लिखित हास्य नाटक खिलजी का दांत का मंचन**

समस्या आपकी समाधान
INTERNATIONAL SEXOLOGIST
• Growth Hormone
• Testosterone Hormone
• L.H Hormone
• F.S.H.Hormone
• Vitamin D
• Prolactin Hormone
• Suger/• B.P
• ALL OLD DISEASES ONLINE TREATMENT POSSIBLE
सभी जाँच करवा कर WhatsApp पर करें और घर बैठे इलाज करवायें

नरेन्द्र कुमार-
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।

पवन कुमार-
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो चुका था शारीरिक एवं मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग एवं अण्डकोष छोटे थे जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस डाक्टर को दिखाएं एक दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया पहले उन्होंने जाँच कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया 8 महीने में बच्चे के लिंग का विकास होने लगा और क्रमशः बेटा ठीक हो गया।
धन्यवाद..DR. V.P. SINGH

नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।

Singh Clinic™ An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant
Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist

रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली
9837057107
9837343729
Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com
Google Maps
FOLLOW US :

कंपनी में निवेश कराने के बहाने 7.5 लाख की ठगी

कोर्ट के आदेश पर प्रेमनगर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : दिल्ली की फूड कंपनी के अधिकारियों पर व्यापारी ने साढ़े सात लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। कोर्ट के आदेश पर प्रेमनगर थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

राजेन्द्रनगर जगदीश विहार निवासी अंशुल अग्रवाल ने बताया कि वह अग्रवंशी इंटरप्राइजेज के मालिक हैं। वर्ष 2020 में उनके पास टेरेस्ट्रियल फूड कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक धीरेश यादव निवासी गोल्डन ग्रीन पार्क आए और कंपनी की तमाम योजनाएं बताईं। धीरेश के कहने पर उन्होंने उनकी कंपनी के उत्पाद पैक्ड फूड आर्टिकल्स, चिप्स, सोया आदि का आर्डर देकर 2.50 लाख रुपये जमा कर दिए। कुछ समय बाद कंपनी के क्षेत्रीय बिक्री अधिकारी गुरमीत सिंह निवासी स्लीपर रोड सीबीगंज आए और डिस्ट्रीब्यूशन का काम दे दिया। दोनों के कहने पर उन्होंने कंपनी में पांच लाख रुपये जमा कर दिए।

इसी दौरान लॉकडाउन लग गया। वह कंपनी का सामान बेचते रहे लेकिन बाद में सामान देना बंद कर दिया और दूसरे व्यक्ति को डिस्ट्रीब्यूटर बना दिया। इस पर उन्होंने कंपनी से अपने साढ़े सात लाख रुपये वापस मांगे तो धीरेश यादव, गुरमीत सिंह, मारवाड़ी गंज निवासी गौरव सिसौदिया डिपो इंचार्ज और कंपनी ने आनाकानी की।

नौकरी दिलाने के बहाने 51 हजार रुपये की ठगी

बरेली, अमृत विचार : शाहजहांपुर के युवक ने बीसलपुर रोड स्थित मान्यवर कंसलटेंसी के मालिक पर नौकरी दिलाने के बहाने 51 हजार रुपये ठगने का आरोप लगाया है। बारादरी थाना पुलिस ने कंसलटेंसी के मालिक समेत चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना तिलहर के गांव मुड़िया कमलापुर निवासी विवेक ने बताया कि एक साल पहले उनकी आर्थिक स्थिति सही नहीं थी। इस पर वह बरेली में नौकरी करने के लिए आए। तुलाशेर थाना इज्जतनगर निवासी संतोष के कहने पर वह बीसलपुर रोड स्थित मान्यवर कंसलटेंसी के मालिक अजय प्रधान से मिले। अजय ने पैसा बाजार डॉट काम में नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया और कहा कि 22 हजार 500 रुपये मानदेय मिलेगा। बतौर सिक्योरिटी के रूप में 31 हजार रुपये जमा कराए। दो माह तक नौकरी न मिलने पर उन्होंने अजय से पैसे वापस मांगे तो कहा कि दस हजार रुपये और जमा करने होंगे। अजय के सहायक के कहने पर उन्होंने दस हजार रुपये और दे दिए। शुभम भारती, शिवम उर्फ शिवा और शंख प्रताप के कहने पर उन्होंने दस हजार रुपये जमा कर दिए। इसके बाद भी नौकरी नहीं लगी। बारादरी पुलिस ने अजय, शिवम उर्फ शिवा, शंख प्रताप और शुभम भारती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

युवती पक्ष के चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

सीबीगंज, अमृत विचार : चार दिन पहले घर से युवक-युवती के भागने के मामले में पुलिस ने अब युवती पक्ष के चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है। युवक के परिजनों ने मारपीट का आरोप लगाया है। एक दिन पहले युवती के परिजनों ने थाने के बाहर हंगामा किया था, जिसके बाद पुलिस ने युवक पक्ष पर रिपोर्ट दर्ज की थी।

सीबीगंज के एक गांव की युवती का गांव के ही महेश साहू का पिछले तीन साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों ने दो साल पहले आर्य समाज मंदिर में प्रेम विवाह कर लिया था। इसके साथ ही पंजीकरण भी करा लिया। चार दिन पहले दोनों प्रेमी युगल घर से गायब हो गए थे। शनिवार देर शाम रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए युवती पक्ष ने सीबीगंज थाने पर जमकर हंगामा काटा और धरने पर बैठ गए थे। इसके बाद सीबीगंज पुलिस ने युवक पक्ष के महेश साहू, रमेश, मुरारी, वीरेंद्र और लाला राम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी।

युवती की हत्या करके नदी किनारे दफन करने का आरोप

संवाददाता, बरेली/भमोरा

- भमोरा थाना क्षेत्र के एक गांव का मामला, प्रेमी ने परिजनों पर लगाया आरोप

अमृत विचार : भमोरा थाना क्षेत्र के एक युवक ने प्रेमिका की हत्या का आरोप उसके परिजनों पर लगाया है। आरोप है कि युवती के परिजनों ने हत्या कर शव नदी किनारे दफन कर दिया। भमोरा पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। शिकायत के बाद से युवती के परिजन गायब हो गए हैं।

एक गांव निवासी युवक का गांव की ही युवती से प्रेम प्रसंग हो गया। दोनों एक मेले से गायब हो गए तो परिजनों ने भमोरा थाना में शिकायत की। इस पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जेल से छूटकर युवक बाहर आ गया। इस मुकदमे की अप्रैल में कोर्ट में तारीख है। परिजन चाहते थे कि युवती युवक के खिलाफ कोर्ट में गवाही दे, लेकिन युवती ने गवाही देने से इन्कार कर दिया। इससे परिजन नाराज हो गए। युवक का आरोप है कि 28 मार्च को शाम चार बजे युवती की हत्या कर उसके परिजनों ने रामगंगा नदी के किनारे दफन कर दिया। वहीं कुछ महिलाओं का कहना है कि परिजन होली मिलने गए थे और उनकी अनुपस्थिति में युवती ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि युवक ने पहले तो आरोप लगाए थे, लेकिन अब वह मुकर रहा है। हालांकि पुलिस जांच कर रही है।

> शिकायत मिली है। भमोरा पुलिस को जांच के निर्देश दिए हैं। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
> – मानुष पारिक, एसपी दक्षिणी

शोहदे ने तेजाब से युवती का चेहरा जलाने की दी धमकी

बरेली, अमृत विचार : सीबीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने गांव के ही एक युवक पर बेटी को परेशान करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि वह दो साल से बेटी की शादी नहीं होने दे रहा है। उन्होंने बेटी का रिश्ता तय किया तो लड़के वालों को धमकाकर तुड़वा दिया। अब दूसरी जगह रिश्ता तय किया है तो आरोपी वहां भी जा रहा है। आरोपी ने उनकी बेटी का मुंह तेजाब से जलाने की धमकी दी है। उन्होंने थाना सीबीगंज में शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

तेज कार चलाने के विरोध पर पीटा

बरेली, अमृत विचार : तेज कार चलाने का विरोध करने पर दबंगों ने लाठी डंडों से हमला कर दिया, जिसमें एक ही परिवार के तीन लोग घायल हो गए।

प्रेमनगर के भूड़ कब्रिस्तान के पास रहने वाले रहीस मियां के रिश्तेदार ने बताया कि दानिश नाम का युवक तेज गति से गाड़ी लेकर आया, जिसका रहीस मियां ने विरोध किया। इससे नाराज होकर युवक ने अपने साथियों को बुला लिया। आरोपियों ने लाठी डंडों से हमला कर दिया, जिसमें राजू, रहीस मियां और शानू गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। प्रेमनगर पुलिस सीसीटीवी के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

प्रेमिका पर लुटा दी मां की जमापूंजी फिर आत्महत्या करने की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डिलीवरी ब्वाय ने खाईं नींद की गोलियां, अस्पताल में भर्ती

अमृत विचार : डिलीवरी ब्वॉय ने प्रेमिका के शौक पूरे करने के लिए मां के खाते से एक लाख 10 हजार रुपये निकाल लिए। इससे नाराज मां ने जब मां ने उसे डांटा तो उसने नींद की कई गोलियां खाकर जान देने की कोशिश की। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

बारादरी के दुर्गानगर निवासी डिलीवरी ब्वॉय के एक युवती से प्रेम संबंध हैं। उसके पिता रेलवे में थे। उसकी मां को पेंशन मिलती है। प्रेमिका के शौक पूरे करने के लिए युवक ने कुछ दिन पहले मां के खाते से एक लाख 10 हजार रुपये निकाल लिए। इसकी जानकारी होने पर मां ने जमकर फटकार लगाई और युवक से बोलना बंद कर दिया।

जब उसने प्रेमिका को इस बारे में बताया तो उसने भी नाराजगी जताई। इसके बाद युवक ने एक साथ नींद की कई गोलियां खा लीं। एक दिन तक वह कमरे में बेहोश पड़ा रहा और न उठने पर मां ने कमरे में जाकर देखा और फिर अस्पताल में भर्ती कराया।

देवर के साथ रह रही महिला से मारपीट

बरेली, अमृत विचार : बिथरी चैपुर के कंथरिया गांव में देवर के साथ बेटियों सहित रह रही महिला पर पति, जेठ, जेठानी और एक अन्य व्यक्ति ने जानलेवा हमला कर दिया। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने चारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बबिता ने बताया कि उनका पति विनोद से विवाद चल रहा है। उन्होंने संबंध विच्छेद का भी वाद दायर किया है। वह अपनी दो नाबालिग बेटियों के साथ देवर शैलेश के साथ रहती हैं। 27 मार्च को उनके पति विनोद, जेठ पूसे लाल, जेठानी नीलम और ब्रज लाठी डंडे और तलवार लेकर घर में घुस आए और हमला कर दिया, जिसमें वह और देवर गंभीर रूप से घायल हो गए।

जिला अस्पताल में सीवर की खोदाई का काम अभी तक पूरा नहीं हुआ है। इसकी वजह से रोजाना मरीजों और तीमारदारों को परेशानी हो रही है। ● अमृत विचार

शीशगढ़ सीएचसी में एक्सरे की सुविधा शुरू

शीशगढ़, अमृत विचार : सीएचसी शीशगढ़ को एक्सरे मशीन मिल गई है, जल्द ही एक्स रे टेक्निशियन की तैनाती होने के बाद ग्रामीणों को एक्सरे की सुविधा मिलने लगेगी। यहां एक्सरे अल्ट्रासाउंड मशीन के साथ ही स्टॉफ की कमी से लोगों को इलाज के लिए बरेली जाना पड़ता है, या प्राइवेट लैब से जांच करानी पड़ती हैं। समस्याओं को दूर करने के साथ ही चिकित्साधिकारी की तैनाती करने के लिए लेकर चेयरमैन नीलोफर ने स्वास्थ्य मंत्री को पत्र भेजकर समस्याओं का समाधान किए जाने की मांग की थी। प्रशासन की ओर से शीशगढ़ सीएचसी को एक्सरे मशीन मुहैया करा दी गई है लेकिन चिकित्साधिकारी को शीशगढ़ के बजाय शेरगढ़ सीएचसी पर काम लिया जा रहा है। डॉ. गजेंद्र सिंह प्रभारी चिकित्साधिकारी शीशगढ़ ने बताया कि मशीन मिल गई है।

सार-संक्षेप

उधार दी रकम मांगने पर घर में घुसकर की मारपीट

बरेली, अमृत विचार : बारादरी में उधारी मांगने पर दबंगों ने दुकानदार के घर में घुसकर मारपीट की। आरोपियों ने महिलाओं से भी छेड़छाड़ की। बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बारादरी निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि पड़ोस में रहने वाले वासिफ ने उनकी दुकान से 24 हजार रुपये का मोबाइल का सामान उधार लिया था। 29 मार्च को पैसे मांगने पर वासिफ गालीगलौज करने लगा। विरोध करने पर वासिफ, उसके पिता आसिफ, भाई कासिफ और मां फरजाना आ गए और मारपीट की। आरोप है कि वासिफ और कासिफ ने उनकी बहनों को बुरी नियत से पकड़ लिया। बारादरी पुलिस ने आसिफ, वासिफ, कासिफ और फरजाना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

अवैध संबंधों का विरोध करने पर घर से निकाला

सीबीगंज, अमृत विचार : जेठानी से अवैध संबंधों का विरोध करने पर विवाहिता को पति और ससुराल वालों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने ससुराल पक्ष के छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। एक गांव निवासी महिला ने बताया कि उसके पति के उसकी जेठानी से अवैध संबंध हैं। उत्तराखंड में पचास बीघा जमीन पर उसके जेठ की नजर है और वह उस पर कब्जा करना चाह रहे हैं। विरोध करने पर उसे और उसके बच्चों को मारपीट कर घर से निकाल दिया।

आरएसएस का एक दिवसीय बाल शिविर आयोजित

बहेड़ी, अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नगर इकाई की ओर से भरत गली स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में एक दिवसीय बाल शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 52 बाल स्वयंसेवकों ने भाग लिया। शिविर में कक्षा पांच से आठ तक के विद्यार्थियों की प्रतियोगिता भी कराई गई। श्री राम शाखा में हर्षित, अंश, आरूष, कुशाग्र, समर्थ, अनुज, शिवम, कृष्णा, यश, अविरल, सक्षम, गौरव, प्रशांत, गौरिक, केशव शाखा में विराट, जलज, आयुष, मयंक, हैप्पी व अथर्व तथा आजाद शाखा में नैतिक, शिवम, राघव आदि बाल स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जिला संघ चालक आलोक गर्ग, लाखन सिंह, डॉ. सुरेंद्र सिंह, अशोक कुमार, विजय कुमार, विकास गुप्ता, अनुज गुप्ता, राजेश रस्तोगी, अभिषेक, आकाश समेत अन्य रहे।

होली मिलकर आ रहे बुजुर्ग का हाथ तोड़ा

बरेली, अमृत विचार : बारादरी में दोस्त के यहां से होली मिलकर आ रहे बुजुर्ग का कुछ लोगों ने हाथ तोड़ दिया और रुपये छीन लिए। बारादरी पुलिस ने चार नामजद समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जगतपुर निवासी 65 वर्षीय दिनेश कुमार ने बताया कि वह 25 मार्च को दिन में 12 बजे बनवारी लाल के यहां से होली मिलकर आ रहे थे। रास्ते में छुटका उर्फ सुमित, कृष्णा, शिवम, शोभित और दो अज्ञात लोग आ गए और उनके कपड़े फाड़ दिए। आरोपियों ने जेब में पड़े तीन हजार रुपये भी निकाल लिए। विरोध करने पर मारपीट की, जिससे उनका बायां हाथ दो जगह से टूट गया है।

घर के बाहर खेल रहे बालक को ट्रैक्टर-ट्रॉली ने रौंदा

जैतीपुर, अमृत विचार : गढ़िया रंगीन क्षेत्र में घर के बाहर खेल रहे बालक को ट्रैक्टर-ट्रॉली ने रौंद दिया। परिजन सीएचसी पर ले गए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वह मां-बाप का इकलौता बेटा था। गढ़िया रंगीन थाना क्षेत्र के गांव सिमरिया रायुपर निवासी पृथ्वीराज का पुत्र शिवा(8) रविवार की शाम साढ़े चार बजे घर के बाहर खेल रहा था। ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसे रौंद दिया। गांव वालों ने चालक को ट्रैक्टर-ट्रॉली समेत पकड़ लिया। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस चालक को ट्रैक्टर-ट्रॉली समेत थाने पर ले गई। पुलिस ने बालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र कुमार रावत ने बताया कि परिवार वालों की तरफ से तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

रोज 35 से 40 लोग पहुंच रहे दांत का इलाज कराने

शेरगढ़, अमृत विचार : सीएचसी शेरगढ़ में रोजाना बड़ी संख्या में दांत की बीमारियों से ग्रस्त लोग इलाज कराने पहुंच रहे हैं। डॉ. मयंक सागर सुविधाओं के अभाव में भी लोगों के इलाज में जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि रोज 35 से 40 लोग दांतों से जुड़ी बीमारियों के इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। डॉक्टर ने बताया कि यहां से दांत के इलाज के लिए जरूरी सुविधाएं नहीं है, बहुत से उपकरण उन्होंने अपने खर्च पर खरीदे हैं। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह का कहना है कि दंत चिकित्सा संबंधी सामग्री के लिए मांग पत्र भेजा गया है। मशीन समेत जरूरी सामान मिलते ही अति शीघ्र सीएचसी को उपलब्ध करा दिया जाएगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

गर्मी बढ़ते ही एसी-कूलरों के बाजार में भीड़

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : गर्मी बढ़ते ही एसी, कूलर और पंखों की मांग बढ़ गई है। बाजार में इस बार नई तकनीक के एसी-कूलर आए हैं। रिमोट के साथ सेंसर सिस्टम वाले कन्वर्टेबल एसी लोगों को अधिक पसंद आ रहे हैं। इनमें एसी खुद कमरे के तापमान को सामान्य कर देता है। लोग घर पहुंचने से पहले ही ऑफिस या कार में बैठकर रिमोट से घर का एसी शुरू कर सकते हैं।

सिविल लाइंस, नावल्टी चौराहा और राजेंद्रनगर में दुकानों पर लोग खरीददारी के लिए पहुंच रहे हैं। दुकानदारों के अनुसार डेढ़ टन का एसी दो टन क्षमता तक वाले कमरे को ठंडा कर रहा है। इसी तरह से कूलर और पंखे भी रिमोट से संचालित हो रहे हैं। इस बार बीएलडीसी तकनीक वाले पंखे बाजार में आए हैं। इनकी गति अच्छी है और यदि इन पंखों को उल्टा भी चलाकर गर्म हवा को बाहर कर सकते हैं। सिविल लाइंस के एक सर्विस सेंटर संचालक शिवम अग्रवाल ने बताया कि एसी की सर्विस कराने वालों की संख्या बढ़ गई है। सर्विस देने वाली कंपनियों के दफ्तर में रोजाना आठ से दस लोगों के फोन आने लगे हैं।

एक दुकान पर बिक्री के लिए रखे कूलर और ग्राहक को एसी दिखाती दुकानदार। ● अमृत विचार

- सेंसर सिस्टम वाले कन्वर्टेबल एसी ग्राहकों की पहली पसंद

> इस बार मार्केट में कम बिजली खपत वाले कूलर, पंखे और एसी उपलब्ध हैं। पहले सिर्फ शहर में एसी और कूलर की मांग ज्यादा होती थी, लेकिन अब देहात क्षेत्र से भी अधिक ग्राहक आ रहे हैं। – हरीश अरोरा, व्यापारी

> इस बार भी छोटे आकार के काउंटर कूलर बाजार में उपलब्ध हैं। इस बार छोटे कूलर में मोटर की क्षमता और सूखी घास की गुणवत्ता पहले के मुकाबले अच्छी की गई है।
> – प्रवीन कुमार, व्यापारी

> इस बार नई तकनीक वाले एसी, कूलर और पंखे मौजूद हैं। कन्वर्टेबल एसी की मांगा ज्यादा हैं, जिसमें सेंसर लगा हुआ है। इसमें जरूरत के अनुसार डेढ़ टन की एसी दो टन क्षमता तक कमरे को ठंडा कर सकती है।
> – सिद्धार्थ, व्यापारी

दबंगों ने घर में घुसकर परिवार को पीटा

शीशगढ़, अमृत विचार : होली पर रंग खेलते समय रिश्तेदार से पड़ोसी की कहासुनी होने पर दबंगों ने घर में घुसकर मारपीट की, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायल की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही हैं। ग्राम न्यामतपुर निवासी रामपाल ने बताया कि होली के दिन रंग खेलते समय पड़ोसी सुखवीर के रिश्तेदार अरविंद निवासी बूंची की गोंटिया से कहासुनी हो गई थी ।प्रधान ने मामले को शांत करा दिया था ।आरोप है कि उसी रंजिश में सुखवीर, महेश पाल, बृजेश निवासी न्यामतपुर अरविन्द निवासी बूंची की गोंटिया ने घर में घुसकर मारपीट की। जिससे पीड़ित रामपाल,पत्नी तारावती और बेटा अभय घायल हो गए।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

स्पीड ब्रेकर पर बाइक उछलने से गिरी महिला की जान गई

होली मिलकर बेटे के साथ लौटते समय सिरौली में हुआ हादसा

संवाददाता, सिरौली

अमृत विचार: होली मिलकर घर लौट रहे मां बेटे की बाइक ब्रेकर पर उछल गई, जिससे बाइक पर बैठी मां गिरकर घायल हो गई। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहा थे, रास्ते में ही मौत हो गई।

सिरौली के गांव नबाबपुरा निवासी सुषमा पाठक (45) बेटे के साथ बाइक से रविवार की सुबह बरेली होली मिलने गई थी। लौटते समय लभारी गांव से निकलने के दौरान ब्रेकर आने से वह गिर गई। इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहे थे तभी रास्ते में उनकी मौत हो गई।

जैसे ही महिला की मौत की सूचना उनके गांव पहुंची, उनके घर पर कोहराम मच गया। परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल हो गया। उनके घर पर ढांढस बधाने के लिए रिश्तेदारों समेत ग्रामीणों का तांता लग गया। वहीं देर शाम परिजनों ने शोकाकुल माहौल में मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया।

टैंकर से भिड़ी कार, सवारियों में मची चीखपुकार

- पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया

हाफिजगंज, अमृत विचार : बरेली से पीलीभीत सवारियां लेकर जा रही ईको को ब्लैक स्पॉट बन चुके गौटिया तिराहे पर पीलीभीत की ओर से आ रहे टैंकर ने टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद ईको में फंसी सवारियों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर एसएचओ संजय सिंह मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के साथ मिलकर घायलों को निकालकर इलाज के लिए भिजवाया। इस दौरान चालक टैंकर छोड़कर भाग गया। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह करीब पांच बजे बरेली से सवारियों को लेकर ईको कार चालक सोनू पीलीभीत जा रहा था। ईको कार चालक अभी हाफिजगंज थाना क्षेत्र में हाइवे पर गौटिया तिराहे पर पहुंचा ही था कि सामने से तेज गति से आ रहे टैंकर ने ईको को टक्कर मार दी। इस हादसे में चालक व आगे बैठी सवारियां गाड़ी में फंस गई। चीख पुकार मचने पर आसपास के लोग आ गए और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर एसएचओ संजय सिह फोर्स के साथ पहंचे और ईको में फंसे चालक सोनू निवासी रम्पुरा पीलीभीत व राजेश कुमार व उनकी पत्नी निर्मलादेवी निवासी दिल्ली, श्रीकृष्ण निवासी बरखेड़ा पीलीभीत आदि को निकाल कर इलाज के लिए भेजा

दिव्यांग को कैंटीन कर्मी ने पीटा, लूट का भी आरोप

संवाददाता, हाफिजगंज

अमृत विचार : हाफिजगंज के गांव लाडपुर उस्मानपुर का दिव्यांग और उसका चाचा औरंगाबाद शराब भट्टी के पास बनी कैंटीन में खाना खा रहे थे, इसी दौरान कैंटीन कर्मी ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर पीट दिया।

इस दौरान उनकी जेब में रखे रुपये भी निकाल लिए। दिव्यांग ने हाफिजगंज थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दिव्यांग हरीश कुमार ने बताया कि वह चाचा श्रीक्रष्ण के साथ रिस्तेदारी में होली मिलने जा रहा था। इसी दौरान औरंगाबाद के पास एक कैंटीन पर खाना खाने लगे। कैन्टीन कर्मी से विवाद हो गया। कैन्टीन कर्मी ने अपने चार साथियों के साथ दोनों लोगों से मारपीट की। दिव्यांग का आरोप है उन लोगों ने उसकी जेब से 12300 रुपये निकाल लिए। विकलांग की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

नाले के विवाद में दबंगों ने युवक का सिर फोड़ा

शीशगढ़, अमृत विचार : खुले नाले पर सीमेंट के पटले डालने को लेकर हुए विवाद में पड़ोसियों ने युवक के घर में घुसकर धारदार हथियार से हमला कर दिया ।मारपीट में युवक का सिर फूट गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर घायल को मेडिकल को भेज दिया। गांव मानपुर निवासी मो. आरिफ ने बताया कि शनिवार सुबह वह अपने घर के सामने खुले नाले के ऊपर सीमेंट के पटले डाल रहा था। इसी दौरान पड़ोसी अली रजा, नवी रजा,नाजिल व फाजिल ने विरोध कर मारपीट शुरू कर दी ।आरोप है कि आरोपी धारदार हथियार लेकर घर में घुस आए और हमला सिर फोड़ दिया ।शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मेडिकल को भेजा है।

सार-संक्षेप

घर में घुसकर दुष्कर्म करने वाले को भेजा जेल

भुता, अमृत विचार : भुता पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को रविवार को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया है। क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार आधी रात के समय गांव के ही आसिब ने घर में घुसकर एक महिला के साथ दुष्कर्म किया, विरोध करने पर उसे और बेटे को पीटा था ।रिपोर्ट दर्ज होने के बाद आरोपी को थाना अध्यक्ष सतीश कुमार ने टीम के साथ गिरफ्तार करके रविवार को जेल भेज दिया है। इसी मामले में वांछित दो अन्य आरोपियों की तलाश में छापामारी की जा रही है। थाना अध्यक्ष का कहना है की मुकदमे में वांछित अभियुक्तों को भी शीघ्र गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।

बाइक को टक्कर मारने वाले चालक पर रिपोर्ट दर्ज

आंवला, अमृत विचार : चार दिन पहले कार की टक्कर से दो लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए भेजा था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बिशारतगंज के गांव नवीनगर निवासी ओमकार ने बताया कि 4 दिन पले उनका भाई राजेन्द्र और फुलासी गांव निवासी शेर सिंह बाइक से नवीनगर से फुलासी गांव लौट रहे थे। इसी बीच आसपुर ईंट भट्टे के समीप एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे दोनों गम्भीर घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को अस्पताल भेजा था। जिनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

किशोरी से छेड़खानी करने वाले युवक पर रिपोर्ट

भुता, अमृत विचार : भुता थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी होलिका के दिन होलिका पूजन कर घर लौट रही थी, रास्ते में गांव के ही सोनू ने उससे छेड़खानी की, उसके शोर मचाने पर उसका भाई आ गया और विरोध किया। आरोपी ने उसके साथ भी मारपीट की,मामला पुलिस तक न पहुंच जाए इसलिए आरोपी सोनू और उसके भाई शंकर, धर्मेंद्र और बाबा किशोरी के घर जाकर धमकाने लगे, इससे आहट किशोरी ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसके कारण उसकी तबीयत बिगड़ने लगी आनन –फानन में उसे परिजन एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां उसकी तबीयत अब ठीक हुई है ।किशोरी के पिता ने आरोपियों के खिलाफ शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है ।पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई हैं।

स्वयंसेवकों ने मनाया संघ का वार्षिकोत्सव

आंवला, अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से नगर के सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में भरत जी शाखा का वार्षिकोत्सव मनाया ।जिसमें स्वयंसेवकों ने शारीरिक प्रधान कार्यक्रम के तहत योग, समता, आसन, पद् विन्यास आदि का प्रदर्शन किया। उत्सव में मुख्य वक्ता सह प्रांत शारीरिक प्रमुख जितेन्द्र ने कहा कि संघ अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है। शाखा में निरंतर व्यक्ति निर्माण का कार्य किया जाता है। संघ की शाखाओं के माध्यम से चलने वाले कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण, स्वदेशी जागरण नागरिक कर्तव्यों जैसे कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान जिला प्रचारक धर्मेंद्र कुमार, राजकुमार खंडेलवाल, नगर संघ चालक डॉ. सुरेश, सत्यपाल सिंह, नगर कार्यवाह गौरवित, विपिन, गोपाल, नगर शारीरिक प्रमुख लोकेन्द्र, प्रशांत, जिला बौद्धिक प्रमुख नन्हेंलाल, वेदरत्न, सह जिला प्रचार प्रमुख विकास, नगर सेवा प्रमुख धर्मेन्द्र कुमार, नगर संपर्क प्रमुख माधव, जिला व्यवस्था प्रमुख पवन, गोपाल आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे।

रकम हड़पने की मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत

दुनका, अमृत विचार : एक लकड़ी कारोबारी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत एक लोगों पर रुपये हड़पने का आरोप लगाते हुए कार्रवाइर की मांग की। थाना क्षेत्र के गांव बसई निवासी रमेश चंद्र ने बताया कि धरमपुरा के लकड़ी ठेकेदार उसके पास आए औ र बताया कि हमने नगरिया में लकड़ी खरीदी है, जिसकी कीमत 10 लाख है, उसमें रुपये कम पड़ रहे हैं आप पार्टनर हो जाएं आपको हिस्सा मुनाफे का दे देंगे। उसकी बातों में आकर उन्होंने 30000 रुपये उसे दे दिए। इसके बाद उसने खरीदी लकड़ी काटकर बेच डाली लेकिन उसे रुपये नहीं लौटाए। 21 मार्च को वह ठेकेदार के घर पैसे मांगने गया तो उन्होंने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने थाने में शिकायत की, कार्रवाई नहीं होने पर मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की।

चेयरमैन पर सभासद ने लगाया पक्षपात का आरोप

देवरनियां, अमृत विचार : नगर पंचायत देवरनियां के एक सभासद ने नगर पंचायत चेयरमैन पर विकास कार्यों में पक्षपात का आरोप लगाते हुए शासन को शिकायत भेजकर कार्रवाई की मांग की। मुख्य सचिव को भेजे शिकायती पत्र में वार्ड आठ के सभासद कमलेश कुमार कश्यप का आरोप है कि चेयरमैन मानकों के हिसाब से कोई काम नहीं करा रहे हैं और उनके वार्ड में सफाई नहीं होने से गंदगी के अंबार लगे हैं। नालियों में गंदे पानी भरने की वजह से मच्छरों की भरमार है। इससे बीमारियों के फैलने का खतरा है। आरोप है कि चार–पांच माह से कोई बोर्ड बैठक नहीं हुई है। सभासद का आरोप है कि विकास कार्य कराने की बात कहने पर चेयरमैन उसे धमकाते है। शिकायत की कापी डीएम,एडीएम और एसडीएम को भी भेजी गयी है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

बाइक और नकदी के लिए महिला को पीटा

मीरगंज, अमृत विचार : दहेज लोभियों ने एक लाख नकदी और बाइक के लिए विवाहिता को बेरहमी से पीटा, हालत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराकर उसके पिता को फोन किया कि तुम्हारी बेटी बाइक से गिर गई है, वहां जाने पर पता चला कि ससुरालियों ने उसे बुरी तरह से पीटा था, जिस वजह से कोमा में चली गई थी। हालत में सुधार होने पर उसने पिता के साथ थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ मारपीट समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई। छत्रपाल निवासी ग्राम सिंधौली ने दी हुई तहरीर में बताया कि उसने बेटी का विवाह 2021 में तेजभान निवासी कमला बिहार थाना कटघर जिला मुरादाबाद में किया था शादी के बाद से ही दामाद समेत अन्य ससुराली उस पर दहेज में बाइक और एक लाख की नकदी के लिए प्रताड़ित करने लगे। काफी समझाने के बाद भी नहीं समझे, दस मार्च 2024 को ससुरालजनों ने उसे बुरी तरह पीटा जिससे वह बेहोश हो गई ।सूचना पर वह पहुंचे तो उन्हें बेटी कोमा में मिली ।तहरीर के आधार पर पुलिस ने ससुर बसन्त राम, सास कमलेश, जेठ तेजपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

गोकशी करने वाले चार आरोपियों को जेल भेजा

गोकशी करने के आरोपियों को जेल भेजती पुलिस। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिथरी चैनपुर

- चारों लोगों ने रजऊ गांव में दो गोवंशीय पशु का किया था वध

अमृत विचार : तीन दिन पहले गोकशी करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है। गिरफ्तार आरोपी पहले भी कई आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। आरोपियों के खिलाफ अन्य थानों में भी मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

गुरुवार को क्षेत्र के रजऊ परसपुर गांव के खेत में दो गोवंशीय पशुओं के अवशेष मिले थे। जिस पर ग्रामीणों और हिंदू संगठनों ने आक्रोश जताया था। ग्रामीणों की सूचना पर सीओ हाईवे ने बिथरी इंस्पेक्टर के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया था, जिसके बाद पुलिस जांच में जुट गई थी। रविवार सुबह 10 बजे मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने शाहजहांपुर बरेली रोड पर भागने की फिराक में खड़े चार लोगों से पूछताछ की तब पता चला कि रजऊ में गोकशी की घटना को अंजाम दिया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम हनीफ उर्फ बुंदा निवासी अलीनगर थाना भोजीपुरा, शरीफ उर्फ बड़े और अब्दुल कय्यूम निवासी रसिया खानपुर थाना बीसलपुर जिला पीलीभीत और तस्लीम निवासी तालगांव थाना निगोही जिला शाहजहांपुर बताया ।चारों आरोपियों के खिलाफ अलग -अलग थानों में गोकशी समेत अन्य आपराधिक मामले दर्ज है ।आरोपियों के पास से तीन छुरी, दो सुआ,एक अदद प्लास्टिक की रस्सी,दो तमंचा 315 बोर व तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। इंस्पेक्टर संजय तोमर ने बताया चारों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

व्यापारी के घर से नकदी और गहने समेट ले गए चोर

रिठौरा, अमृत विचार : मोबाइल व्यापारी के घर शनिवार रात चोरों ने छत के रास्ते कमरे में घुसकर नकदी और गहनों पर हाथ साफ कर दिया। सुबह परिजनों को चोरी की जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी।

चौकी प्रभारी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से की पूछताछ की । नगर के मोहल्ला कुर्मियान में पूर्व चेयरमैन अशोक कुमार गुप्ता के भतीजे सुशील कुमार गुप्ता के बेटे मोबाइल व्यापारी सचिन गुप्ता परिवार के साथ रहते हैं। शनिवार रात आईपीएल मैच देखकर साढ़े बारह बजे सो गए थे। इसी दौरान छत के रास्ते चोर घर में घुसकर अलमारी के ताले खोलकर उसमें रखे 9 तौले सोने के गहने,आधा किलो चांदी, सवा चार लाख नकदी ,नए कपड़े चुरा ले गए ।सुबह होने पर मामले की जानकारी हुई ।घर में हड़कंप मच गया। तुरन्त मामले की सूचना रिठौरा पुलिस चौकी पर दी। मौके पर चौकी प्रभारी सौरभ यादव टीम के साथ मौके पर पहुंचे मामले की पूरी जानकारी ली। तहरीर के आधारा पर थाना हाफिजगंज में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई हैं।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
BAREILLY
पीलीभीत वाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओब्स्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आपॅरेशन
दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन
जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।
लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन
1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी)
2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी)
3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी)
4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच
5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन
6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन
हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
1) ऐशरमैन का इलाज
2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी)
3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन)
4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना
5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी)
रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

बाजार में दबंगों ने दुकानदार को पीटा

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

मारपीट के दौरान बाजार में लगी भीड़। ● अमृत विचार

- सूचना पर पहुंची पुलिस तीन लोगों को उठाकर लाई थाने

अमृत विचार : बाजार में मिठाई बेंच रहे दुकानदार की मामूली कहासुनी की पिटाई की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीन लोगों को हवालात में बैठा लिया ।रविवार को गांव सोरहा में बाजार लगी हुई थी।

गांव के ही सियाराम मिठाई बेंच रहे थे ।देर शाम गांव के ही कुछ लोग बाजार में पकोड़ी खरीदने गए तो रास्ते से न निकलकर मिठाई के ऊपर से कूदकर चले गए ।इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। दोनों भाइयों ने सियाराम की पिटाई कर दी ।वहां मौजूद लोगों ने सियाराम को बचाया और 112 नंबर पर सूचना कर दी। पुलिस को देख दोनों भाई वहां से भाग गए ।पुलिस ने वहां मौजूद हनीफ, लियाकत,मोहम्मद नवी और सियाराम पकड़कर थाने लें आई। इस बीच गांव में अफवाह फैल गई मुसलमानों ने एक राय होकर हिन्दू की पिटाई कर दी तो भीड़ एकत्र हो गई। कुछ देर बाद थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। थना प्रभारी ने लोगों को समझा -बुझाकर घर भेजा गांव में शांति व्यवस्था के लिए पुलिस जवान तैनात कर दिए गए हैं। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि दुकानदारों में विवाद हुआ है। दोनों पक्षों को पकड़ लिया है। तहरीर मिलेगी तो आगे कार्रवाई की जाएगी।

धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने का आरोप

मीरगंज, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के एक गांव की छात्रा ने थाने में तहरीर देकर बताया कि एक समुदाय के लड़के से 3 वर्ष पहले पढ़ाई के दौरान बातचीत होती थी। उस समय वह नाबालिग थी ।इस दौरान आरोपी ने उसके साथ कुछ फोटो खींच लिए जिसे आधार बनाकर वह धर्म परिवर्तन के लिए जबरदस्ती कर रहा है ।इसकी जानकारी उसने घर वालों की दी तो उन्होंने विरोध किया तो आरोपी और उसके पिता जबरदस्ती धर्म परिवर्तन को कह रहे हैं । 28 मार्च को आरोपी की बहन ने उसे फोन करके ब्लैकमेल किया और कहा कि उसके भाई ने जहर खा लिया है। इसको कुछ हो गया तो तुम्हें जिम्मेदार बता देंगे ,युवती ने थाने में तहरीर दी।

युवक से कुकर्म करने के आरोप में पांच पर रिपोर्ट

- वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मांगी दस लाख की रंगदारी

कैंट,अमृत विचार : ठेले पर मोमोज खा रहे एक युवक को तीन दबंग जबरन स्कूटी से सुनसान जगह ले गए और उसके साथ कुकर्म किया। विरोध करने पर तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। कुकर्म की बनाई गई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देते हुए 10 लाख रुपये की रंगदारी की मांग की। कोर्ट के आदेश पर कैंट पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

युवक ने बताया कि वह लाल लालफाटक के पास एक मोमोज के ठेले पर 1 फरवरी 2024 को रात 8 बजे मोमोज खा रहा था। इसी दौरान तीन दबंग स्कूटी से आए। और उसे मोमोज खिलाने को कहा। युवक ने पैसे न होने की बात कही। तीनों आरोपित युवक को स्कूटी पर जबरन बैठा कर एक सुनसान जगह पर ले गए। दो अन्य साथियों के साथ कुकर्म किया। जिसका वीडियो भी बनाया। सुनवाई न होने पर कोर्ट में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। कोर्ट के आदेश पर शनिवार देर रात पुलिस ने आरोपी अमन, अखिलेश राजपूत, सचिन व दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों ने युवक की जेब में रखे एक हजार रुपए रुपए लूट लिए।

नवजात की मौत के मामले में डीएम से शिकायत

बहेड़ी, अमृत विचार : प्रसव के दौरान नवजात शिशु की मौत के मामले में परिजनों ने जिलाधिकारी और मुख्यचिकित्साधिकारी से जांच कराकर कार्रवाई की मांग की हैं। कस्बे के मोहल्ला मोहम्मदपुर स्थित पावर हाउस के निकट एक निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान नवजात की मौत हो गई थी। मोहल्ला शाहगढ़ निवासी सिराज खां ने शनिवार को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह नगर के एक निजी अस्पताल में अपनी बहन का प्रसव कराने ले गया था। डॉक्टर ने नार्मल डिलीवरी होने का आश्वासन देने के साथ यह भी कहा कि अगर आपरेशन की नौबत आई तो उसके यहां महिला डॉक्टर भी तैनात है। सिराज खां का आरोप है कि प्रसव के दौरान लापरवाही से नवजात की मौत हो गई। शिकायत कर्ता ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाकर कार्रवाई की पुलिस से मांग की। इसके अलावा परिजनों ने जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्साधिकारी से भी शिकायत की है। इस मामले में सीएचसी प्रभारी डा. अजमेर सिंह ने कहा कि परिजनों की ओर से अगर कोई शिकायत उनके पास आती है तो जांच जरूर कराई जाएगी।

सेमीखेड़ा चीनी मिल बंदी की दूसरी सूचना जारी

देवरनियां, अमृत विचार : किसान सहकारी चीनी मिल सेमीखेड़ा के दोनों बायरल में फाल्ट होने की वजह से मिल का पेराई ठप हो गया। इससे मिल यार्ड में गन्ना तौल को अगली सूचना तक रोक दिया गया। मिल प्रबंधन के अनुसार खामी को ठीक किया जा रहा है, मिल धीमी गति से चल रही है। इधर मिल प्रबंधन ने इस वर्ष के पेराई सत्र समाप्ति की दूसरी और अंतिम सूचना जारी कर दी है। इस सूचना के तहत शनिवार को मिल बंद होना थी, मगर किन्हीं कारणों से रोक दिया गया। अब मिल तीन दिन बाद बंद होने की उम्मीद है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र सुशील कुमार को गलत चाल–चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। रामचन्द्रलाल पुत्र स्व. मिश्री लाल निवासी ग्राम हरीपुर फुलहर थाना माधौटाण्डा जिला पीलीभीत।
REQUIRED
Well qualified and trained (B.Ed and CTET must) teachers for
Mother Teresa Memorial School
Kareilly, Bareilly
1. PGT- English, Physics, Chemistry, Biology, Maths, Accountancy, Business Studies, Economics, Computer Science, Hindi and PHE.
2. TGT - English
3. PRT- Computer
4. Nursery teachers
EMAIL BIODATA within a week
mtms60469@gmail.com
Ph.No. 7599004065
PRINCIPAL
वैधानिक सूचना :– समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

एक नजर

आज 8 घंटे बिजली सप्लाई रहेगी बाधित

फरीदपुर अमृत विचार : गर्मी में उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति मिल सके, इसको लेकर बिजली विभाग की ओर से मरम्मत का काम कराया जा रहे हैं। सोमवार सुबह फरीदपुर 11 केवी फीडर पर 33 केवी लाइन में काम करने के चलते सुबह 10 :00 बजे से लेकर शाम 6 :00 बजे तक बिजली सप्लाई बाधित रहेगी ।अधिशासी अभियंता मनोज कुमार ने बताया कि बिजली कटौती की जानकारी उपभोक्ताओं को दी गई है।

अच्छे अंक लाने वाले छात्रों को किया सम्मानित

बिथरी चैनपुर,अमृत विचार : श्री गुलाब राय मांटेसरी सीनियर सेकंडरी स्कूल में वार्षिक परिणाम शनिवार को घोषित किया गया। स्कूल में अच्छे अंक लाने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में कक्षा 9 में अंश यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, कक्षा में प्रथम आने पर स्कूल ने उन्हें सम्मानित किया। परिजनों ने भी अंश को बधाई दी।

कोतवाली में दरोगा की पिटाई का वीडियो वायरल

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : भाजपा सांसद की भतीजी से छेड़छाड़ और मारपीट करने के मामले में कोतवाली सदर का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कोतवाली में बैठे दरोगा को खींचकर भीड़ पिटाई करते दिख रही है। मौके पर भाजपा सदर विधायक भी दिख रहे हैं। वीडियो के वायरल होने के बाद कई सवाल उठ रहे हैं।

ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटने से युवक की मौत

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : गोला सिकंदराबाद रोड पर अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलट जाने से एक युवक की मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शनिवार की रात हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव इमलिया निवासी नन्हेंलाल (30) ट्रैक्टर ट्राली से गन्ना लेकर चीनी मिल आ रहा था। गोला- सिकंदराबाद रोड पर हैदराबाद थाना क्षेत्र में वैदाखेड़ा के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खाई में पलट गया। जिसमें नन्हेलाल गंभीर घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों की मदद से एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टरों ने नन्हेलाल को मृत घोषित कर दिया।

पीलीभीत-शाहगढ़ के बीच 110 किमी की रफ्तार से दौड़ा इंजन

सीआरएस निरीक्षण पूरा होने के बाद शाम को किया स्पीड ट्रायल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

रेल ट्रैक की जांच करते रेल संरक्षा आयुक्त प्रणजीत सक्सेना।

अमृत विचार: रेल संरक्षा आयुक्त ने दूसरे दिन पीलीभीत-शाहगढ़ रेल खंड के माला से पीलीभीत के बीच आमान परिवर्तन एवं विद्युतीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। वहीं, स्पीड ट्रायल के दौरान पीलीभीत-शाहगढ़ के बीच 110 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से डीजल इंजन दौड़ाया गया। सीआरएस की अनुमति मिलने के बाद जल्द इस रूट पर ट्रेनों का संचालन होगा।

नवनिर्मित पीलीभीत-शाहगढ़ रेल खंड को लेकर पूर्वोत्तर परिमंडल लखनऊ के रेल संरक्षा आयुक्त प्रणजीत सक्सेना ने शनिवार को शाहगढ़ से माला के बीच कराए गए आमान परिवर्तन एवं विद्युतीकरण कार्य का निरीक्षण किया था। उन्होंने एलसी गेट, माला नदी पर बने ब्रिज आदि देखा था। इधर, रविवार को रेल संरक्षा आयुक्त ने चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर कंस्ट्रक्शन एससी श्रीवास्तव, मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव, पीईडी आरवीएनएल अनुराग, सीपीएम राजेश कुमार श्रीवास्तव, एसपीएस यादव के साथ माला से पीलीभीत रेलखंड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेलखंड में पड़ने वाले सभी हाल्ट एवं स्टेशनों का बारीकी से निरीक्षण किया।

भिंडरावाला का स्कैच लगी कार पुलिस ने सीज की

- सोशल मीडिया पर ट्वीट होने के बाद हरकत में आई पुलिस
- माधोपुर के प्रताप सिंह के नाम है कार

पूरनपुर, अमृत विचार: भिंडरावाला का स्कैच लगी एक कार क्षेत्र में घूम रही थी। सोशल मीडिया पर ट्वीट होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने कार को पकड़कर सीज कर दिया। गाड़ी पर लगा स्कैच भी हटवा दिया गया।

बीते दिनों ट्वीट किए गए कि पूरनपुर क्षेत्र में कई वाहनों पर खालिस्तानी समर्थक भिंडरावाला का फोटो लगा है। ये वाहन खुलेआम सड़कों पर फर्राटा भरते देखे जा सकते हैं। दो दिन पहले थाना घुंघचाई क्षेत्र में एक कार पर भिंडरावाला का स्कैच लगी कार घूम रही थी। सोशल मीडिया पर ट्वीट करते हुए कार्रवाई की मांग की गई। ट्वीट होने के बाद अधिकारियों ने थाना घुंघचाई पुलिस को कार्रवाई के आदेश दिए। पुलिस ने कार की तलाश शुरु कर दी। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने गाड़ी मालिक का पता किया, जिसके बाद पुलिस उसके घर जा पहुंची।

गाड़ी को थाने लाने के बाद सीज कर दिया गया। उस पर लगा भिंडरावाला का स्कैच हटवा दिया गया। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि इको स्पोर्टस कार पर स्कैच लगा था, जिसके बारे में शिकायत की गई। यह माधोपुर के प्रताप सिंह के नाम है। कार को सीज कर दिया है।

योगी के बाद पीलीभीत आ सकते हैं प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह

- भाजपा नेताओं की ओर से जारी किया गया सोशल मीडिया पर मेसेज, प्रशासन अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव में पीलीभीत सीट को जिताने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। दो अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आने का कार्यक्रम तय हो चुका है। उनके बाद प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के आने की संभावना है। इसे सीधे तौर पर चुनावी माहौल बनाने से जोड़कर देखा जा रहा है।

पीलीभीत लोकसभा सीट पर मतदान पहले चरण में 19 अप्रैल को होना है। भाजपा के कई दिग्गज पहले दिन से ही जितिन प्रसाद को जिताने के लिए डेरा जमाए हुए हैं। प्रदेश अध्यक्ष समेत कई दिग्गज यहां आ चुके है। दो अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आने का कार्यक्रम तय हो चुका है। इधर, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आने की उम्मीद पहले ही थी। रविवार रात को भाजपा के लोकसभा चुनाव के मीडिया प्रभारी और जिलाध्यक्ष के मैसेज ने इशारा कर दिया है कि प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह भी चुनावी को धार दने आएंगे। इसके बाद जिले में राजनीतिक हलचल बढ़ गई है। लोकसभा चुनाव के मीडिया प्रभारी /संयुक्त बार एसोसिएशन अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नौ अप्रैल और अमित शाह छह अप्रैल को पीलीभीत आयेंगे। वह भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में सभा करेंगे। इसका जल्द ही कार्यक्रम जारी हो जायेगा। जनसभा के लिए स्थान को चिह्नित किया जा रहा है। संगठन की तैयारी चल रही है।

चोरी की बाइकों के साथ तीन चोर पकड़े, पुर्जे भी बरामद

- तीनों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर अदालत में पेश किया
- 8 गिरफ्तार आरोपी संभल व चंदौसी के रहने वाले

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: थाना बनियाठेर क्षेत्र के भैतरी रेलवे फाटक के पास पुलिस ने चोरी की तीन बाइकों के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से बाइकों के पुर्जे व औजार बरामद किए गए हैं। तीनों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

रविवार को बनियाठेर थाना पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। तभी सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के भैतरी रेलवे फाटक के पास नई बस्ती में तीन युवक चोरी की तीन बाइकों के पुर्जे खोल रहे हैं। जिसे वह बाजार में बेचने का कार्य करते हैं। कुछ देर बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और बाइकों के पुर्जे खोल रहे तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से एक पूरी बाइक, दूसरी अधकटी और तीसरी बाइक के पुर्जे व औजार बरामद किए हैं। पुलिस की पूछताछ में युवकों ने अपना नाम दानिश गांव मऊ अस्सू थाना बनियाठेर, परवेज जारई गेट चन्दौसी, आलम मोहल्ला सरायतरीन थाना हयातनगर का बताया।

मुरादाबाद-आगरा हाइवे पर बाइक में पीछे से मारी टक्कर ,तीन घायल

चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार : बनियाठेर थाना क्षेत्र के मुरादाबाद-आगरा हाइवे पर थाने के पास बाइक सवार ने आगे चल रही बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जनपद मुरादाबाद के थाना कुंदरकी क्षेत्र के गांव बसेरा निवासी राजपाल पुत्र भूप सिंह अपनी पत्नी रीना के साथ बाइक पर सवार होकर चन्दौसी आ रहे थे। रविवार की सुबह दस बजे जब उनकी बाइक बनियाठेर थाना क्षेत्र के आगरा-मुरादाबाद हाइवे पर थाने के पास पहुंची तो राजपाल ने ब्रेक लगा दिए, जिससे पीछे आ रही बाइक ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में पहली बाइक पर सवार दंपती व दूसरी बाइक पर सवार नईम पुत्र मुस्तकीम निवासी गांव मई कोतवाली चन्दौसी घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां तीनों की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया।

गोमांस तस्कर को लगी गोली, सिपाही भी घायल

संवाददाता, वजीरगंज

अमृत विचार : थाना वजीरगंज क्षेत्र में चार दिन पहले कस्बा बगरैन क्षेत्र के श्मशान भूमि के पास गोवंशीय पशु का वध करके अवशेष फेंक गए थे। कई संगठनों के पदाधिकारियों ने विरोध जताया था। पुलिस ने अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी।

शनिवार को कुछ तस्करों की फिर से गोवंशीय पशु का वध करने की तैयारी में थे पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया। जिन्होंने कबूल किया कि वह गोवंशीय पशु का वध करने की तैयारी में थे। इसी बीच बाइक से दो युवक पहुंचे। पुलिस के रुकने के लिए कहने पर उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। एक तस्कर और एक सिपाही को गोली लगी। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मौके से छह तस्कर पकड़े गए हैं। 30 मार्च रात मुखबिर ने हतरा-मनवा रोड पर झाड़ियों के पीछे पांच लोगों के गोकशी करने की सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। गांव हतरा निवासी वसीम पुत्र अच्छन, शारिक पुत्र अल्ला रक्खा, तफ्शीर पुत्र तनवीर, हबीब पुत्र हमीद, बरेली के थाना आंवला क्षेत्र के शास्त्री गली निवासी कासिम पुत्र मोहम्मद मियां को गिरफ्तार किया। पुलिस की पूछताछ में उन्होंने बताया कि वह सात लोग गिरोह चलाते हैं। गोवंश का वध करके मांस बेचते हैं। शनिवार रात भी वह गोवध करने जा रहे थे। बताया कि उनके और साथी गांव हतरा निवासी शानू पुत्र मेंहदी और इसी गांव का राशिद उर्फ टुईया पुत्र हामिद अंसारी भी आने वाले हैं।

दो माह से लापता युवक का नदी में मिला शव

अमीरनगर,अमृत विचार : दो महीने पूर्व लापता हुए युवक का शव रविवार को गोमती नदी में उतराता मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव बाहर निकाला और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव काफी सड़ी-गली अवस्था में था।

रविवार की सुबह कुछ लोग गोमती नदी की तरफ गए थे। जहां उनकी नजर नदी में उतरा रहे शव पर पड़ी। सूचना पर आसपास के गांवों के तमाम लोग भी मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव नदी से बाहर निकलवाया। शव की पहचान मोहम्मदी कोतवाली के गांव सैदापुर निवासी भवन दीप सिंह (28) पुत्र कुलविंदर सिंह के रूप में हुई।

नशीला पाउडर रखने में दोषी को 10 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : लॉकडाउन के दौरान कस्बा उझानी में युवक से नशीला पाउडर डायजापाम बरामद हुआ था। उसके खिलाफ मुकदमा चल रहा था। स्पेशल जज एनडीपीएस एक्ट नवनीत कुमार भारती ने नामजद युवक को दोषी मानते हुए 10 साल की सजा और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजक एनडीपीएस अतुल कुमार सिंह के अनुसार लॉकडाउन के समय में 12 जुलाई 2020 को उपनिरीक्षक शिवेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ कोविड गाइडलाइन का पालन करा रहे थे। अढ़ौली रेलवे क्रॉसिंग के पास पहुंचे तो गोशाला की तरफ से रेलवे लाइन के किनारे एक व्यक्ति आता दिखाई दिया। वह पुलिस को देखते ही भागने लगा। पुलिस को शक हुआ तो उसे दौड़कर पकड़ा। उसने अपना नाम कस्बा उझानी के मोहल्ला भद्वारगंज निवासी गोविंद उर्फ गोविंदा पुत्र राम खिलाड़ी बताया। उसके पास से 520 ग्राम नशीला पाउडर डाइजापाम मिला। वह पाउडर बेचने जा रहा था। पुलिस ने रिपोर्ट लिखकर विवेचना के बाद कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया।

गोविंद उर्फ गोविंदा को पूरे केस की सुनवाई के दौरान जमानत नहीं मिल सकी। स्पेशल जज एनडीपीएस एक्ट ने पत्रावली पर मौजूद साक्ष्यों का अवलोकन किया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अवैध नशीला पाउडर डाइजापाम रखने के जुर्म में गोविंद उर्फ गोविंदा को दस वर्ष की सजा सुनाई है। साथ ही एक लाख रुपये का जुर्माना भी डाला है।

प्रेमी ने ठुकराया तो एक साल बाद आई पति और बच्चों की याद

पूरनपुर, अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र की एक महिला के दो बच्चे हैं। एक साल पहले महिला का पड़ोस के रहने वाले युवक से प्रेम प्रसंग हो गया। बच्चों और पति को छोड़कर महिला प्रेमी के साथ चली गई। वह एक साल तक प्रेमी के साथ नोएडा में रही। करीब तीन दिन पहले प्रेमी ने मारपीट कर महिला को भगा दिया। जैसे तैसे महिला पूरनपुर कोतवाली पहुंची और पुलिस को सारी कहानी बताई। पुलिस ने उसके पति को बुलाया। प्रेमी से ठुकराए जाने के बाद महिला ने फिर पुलिस के सामने पति के साथ जाने की इच्छा जताई। पति ने महिला को साथ रखने से इनकार कर दिया। पति और बच्चों को छोड़ने के बाद बेघर हुई महिला पति के साथ जाने की जिद पर अड़ी रही। दिन भर कोतवाली में वार्ता चलती रही, लेकिन कोई हल नहीं निकला।

जंगल से निकल गांव पहुंचे तेंदुए के शावक

संवाददाता पलिया कलां

अमृत विचार: दुधवा टाइगर रिजर्व के जंगल से भटक कर बाहर निकले तेंदुए के दो शावक खेतों से गन्ना कट जाने के बाद अब इधर-उधर छिपने की कोशिश कर रहे हैं। मुजहा गांव के खेतों की तरफ जाने वाले रास्ते पर बैठे तेंदुए के दो शावकों का किसी ने वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल किया है।

पलिया से मुजहा हवाई पट्टी की ओर जाने वाले मार्ग से खेतों की तरफ जाने वाली पगडंडी के किनारे बैठे तेंदुए के दो बच्चे लोगों को दिखाई दिए। जिन्हें उन्होंने अपने मोबाइल के कैमरे में कैद किया और वीडियो भी बनाई, जिसे सोशल मीडिया पर वायरल किया है। लोगों ने दोनों शावक तेंदुए के होने का दावा किया है। आशंका जताई जा रही है कि दोनों शावक अपनी मां मादा तेंदुआ के साथ जंगल से बाहर निकल कर आए होंगे। मादा तेंदुआ भी इधर-उधर शिकार की तलाश में भटक रही होगी। क्षेत्र में अब गन्ने की फसल लगभग समाप्त हो गई है। नतीजा दुधवा टाइगर रिजर्व के बाहर स्वच्छंद विचरण कर रहे हिंसक वन्य जीव अब अक्सर खेतों में दिखाई देने लगे हैं। इससे मानव -वन्य जीव संघर्ष की घटनाएं बढ़ने की संभावनाएं बढ़ गई हैं।

मुजहा ग्राम के खेतों की ओर जाने वाली पगडंडी के किनारे बैठे तेंदुए के दो शावक।

महिला ने पति-पिता संग मिलकर की युवक की हत्या

दातागंज, अमृत विचार : प्रेमी से पीछा छुड़ाने के लिए एक महिला ने पति और पिता के साथ मिलकर साजिश रचा। होली के दिन प्रेमी को मिलने के लिए बुलाया। गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। शव को बोरे में बंद करके रामगंगा नदी में फेंक दिया। युवक के लापता होने पर उसके परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने युवक का मोबाइल नंबर सर्विलांस पर लगाया। कॉल डिटेल खंगाली। पुलिस महिला तक पहुंची। सख्ती से पूछताछ में महिला ने घटना कबूल की। महिला के पति की निशानदेही पर पुलिस ने गांव मुड़ा पुख्ता के पास रामगंगा से बोरी में बंद शव बरामद कर लिया। तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी पति और पिता की तलाश की जा रही है। दातागंज क्षेत्र के गांव उगनपुर निवासी अमित (25) पुत्र राम सिंह खेती करके परिवार का पालन पोषण करते थे। होली के दिन शाम छह बजे वह घर से निकले थे। रात लगभग नौ बजे पत्नी को फोन करके बताया कि वह गांव बक्सेना निवासी अपने दोस्त के पास जा रहे हैं लेकिन वह रात भर घर नहीं लौटे।

सरकारी फार्मासिस्ट चला रहा प्राइवेट अस्पताल

- आयुर्वेदिक क्लीनिक में प्रसव करा रहा था झोलाछाप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : झोलाछाप और पंजीकृत अस्पतालों में असुविधाओं की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। इसका संज्ञान लेकर सीएमओ के निर्देश पर एसीएमओ ने टीम के साथ जाकर छापेमारी की। इस दौरान कई अस्पतालों में अव्यवस्थाएं मिलीं। कुछ अस्पतालों में मरीज भर्ती थे, लेकिन उन्हें देखने के लिए डॉक्टर नहीं थे। बायो मेडिकल बेस्ट,पंजीकृत डॉक्टर के नाम पर दूसरे डॉक्टर मिले।

एक फार्मासिस्ट के अस्पताल में भी गलत तरीके से प्रसव होते पाए गए। इस पर एसीएमओ ने अस्पताल संचालकों को नोटिस जारी कर तीन दिन में अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। छापेमारी का पता लगते ही तमाम झोलाछाप दुकानें बंद करके भाग गए। एसीएमओ डा. एसके सिंह ने टीम के साथ शनिवार को दोपहर बाद माधोटांडा में माही हॉस्पिटल, नेशनल हॉस्पिटल और एएस डेंटल केयर पर छापा मारा। जहां उन्हें तमाम अव्यवस्थाएं मिलीं। हॉस्पिटल में बायो मेडिकल वेस्ट की सुविधा नहीं थी।

मरीजों के लिए बेड की सुविधा पर्याप्त नहीं मिली। मरीज भर्ती होने के बाद भी बोर्ड पर पंजीकृत डॉक्टर के न मिलने पर एसीएमओ ने नोटिस जारी कर अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके बाद पूरनपुर के माइशा चाइल्ड केयर क्लीनिक, पूजा क्लीनिक, लाइफ लाइन पैथालॉजी और विशाल पैथोलॉजी लैब में छापेमारी की। बताते हैं कि इनमें एक अस्पताल का संचालन पूरनपुर क्षेत्र में कार्यरत एक फार्मासिस्ट चला रहा है, जबकि यह क्लीनिक आयुर्वेदिक में पंजीकृत हैं। इसके बाद भी यहां प्रसव आदि कराए जाने की बात सामने आई। डॉक्टर भी नदारद थे। स्टाफ ने भवन किराए पर होने की बात कही। साथ ही अस्पताल में स्टाफ की जानकारी भी सीएमओ कार्यालय में अपडेट नहीं कराई गई थी।

महिला से छेड़छाड़ के मामले में अखिलेश का भाजपा पर तंज

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार: दरोगा पर भाजपा सांसद की भतीजी से छेड़छाड़ और अभद्रता मामले को लेकर जहां सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ट्वीट कर भाजपा पर तंज कसा है। वहीं कई लोगों ने पुलिस के बीच दरोगा को खींचकर पीटने के वायरल हुए वीडियो को भी एक्स पर ट्वीट किया है ।

उन्होंने पुलिस व भाजपा पर सवाल खड़े किए हैं। एक्स समेत अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पुलिस की काफी किरकिरी हो रही है। दरअसल शुक्रवार की रात भाजपा सदर विधायक योगेश वर्मा भाजपा सांसद की भतीजी से दरोगा के छेड़छाड़ मारपीट मामले में सदर कोतवाली पहुंचे थे। उन्होंने समर्थकों के साथ कोतवाली में बैठकर कई घंटे धरना दिया था। इस दौरान समर्थकों ने जमकर हंगामा भी किया था।

भाभी ने की थी देवर की गला दबाकर हत्या

जलेसर। थाना जलेसर क्षेत्र के गांव मुशियार में तीन दिन पहले हुई युवक की हत्या का पुलिस ने खुलासा किया है। मृतक के भाभी से अवैध संबंध थे, भाभी पति के साथ रहना चाहती थी, देवर ने विरोध किया तो भाभी ने युवक को रास्ते से हटाने के लिए गला दबाकर हत्या करा दी। पातीराम निवासी ग्राम मुसियार थाना जलेसर ने बेटे सतीश कुमार की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच महिला गुड्डी देवी पत्नी सुनील कुमार निवासी मुसियार थाना जलेसर का नाम प्रकाश में आया। पूछताछ में उसने गुनाह कबूल कर लिया।

सार-संक्षेप

एसडीएम ने पत्नी का मेडिकल कॉलेज में कराया प्रसव

पीलीभीत, अमृत विचार : सरकारी अस्पतालों में जनता का विश्वास बढ़ाने और लोगों को जागरूक करने के लिए आए दिन अभियान चलाए जाते हैं। इसके बाद भी लोग प्राइवेट अस्पतालों की व्यवस्था में अधिक विश्वास करते हैं। समृद्ध लोग तो सरकारी अस्पतालों की ओर देखना पसंद नहीं करते। इस धारणा को गलत साबित करने के लिए कलीनगर तहसील के एसडीएम आशुतोष गुप्ता ने पत्नी का प्रसव मेडिकल कॉलेज के महिला अस्पताल में कराया। शनिवार रात एसडीएम कलीनगर आशुतोष गुप्ता ने पत्नी दीप्ति गुप्ता को प्रसव के लिए मेडिकल कॉलेज के जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया। एसडीएम की पत्नी का ऑपरेशनसे सुरक्षित प्रसव कराया गया। उनकी पत्नी ने बेटी को जन्म दिया। पहले भी पूर्व में तैनात रहे एसडीएम सौरभ दुबे व एसडीएम योगेश गौड़ पत्नी का प्रसव सरकारी अस्पताल में करा चुके हैं। सीएमओ डॉ. आलोक कुमार, सीएमएस डॉ. राजेश कुमार, वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. केके भट्ट, सीनियर रेजिडेंट डॉ. हिना, एनेस्थेटिस्ट डॉ. शुभम जोशी, जूनियर रेजिडेंट डॉ. वैशाली गुप्ता, डॉ. आजाद, डॉ.नरेश आदि रहे।

परीक्षाफल वितरण के मेधावियों का सम्मान

देवरनियां, अमृत विचार : रिछा के एचएमआई इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को परीक्षाफल वितरण कर मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। स्कूल के प्रबन्धक मोहम्मद रिजवान ने वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया,और मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार और मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया गया। इस मौके पर प्रिंसिपल ज़ुल्फिकार अहमद के अलावा शिक्षक मोहम्मद कलीम, नदीम अख्तर,फैसल,अमर सिंह, दरख्शां,सायमा,असरा सहित अन्य मौजूद रहे।

अच्छे अंक लाने वाले छात्रों को किया पुरस्कृत

न्वाबगंज, अमृत विचार : नगर के सरस्वती शिशु मंदिर और स्पाइस सीनियर सेकेंड्री स्कूल में परीक्षाफल वितरण के साथ ही अच्छे अंक पाने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया । सरस्वती शिशु मन्दिर में अध्यक्ष दीपक सूरी और प्रबंधक चोखेलाल गंगवार ने विभिन्न कक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया । स्पाइस सीनियर सेकेंड्री स्कूल में परीक्षाफल वितरण समारोह में प्रबन्धक महेश गंगवार व प्रधानाध्यापक रनवीर सिंह के साथ समिति के राममोहन गंगवार, उमेश गंगवार, धर्मपाल, मुकेश कुमार, पुरुषोत्तम समेत अन्य मौजूद रहे। प्रबन्ध समिति की ओर से अच्छे अंक पाने वाले छात्रों के साथ ही साइंस ओलम्पियाड फाउंडेशन की ओर से आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

ग्रामीण ने घर में खुद को मारी गोली, मौत

मोहम्मदी, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव हरना नरायनपुर में शनिवार की रात शराब के नशे में 55 वर्षीय व्यक्ति ने तमंचे से खुद को गोली मार ली, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मौके से तमंचा बरामद कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।गांव हरना नारायणपुर निवासी रामकिशोर पुत्र श्रीराम शनिवार को शराब पीकर वह अपने घर के कमरे में चारपाई पर बैठा था। शाम करीब सात बजे उसने तमंचे से सीने पर गोली मार ली, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ समय पहले उसने शराब छोड़ दी थी। उसके बाद इधर कई दिनों से फिर से शराब पीना शुरू कर दिया था। प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया लग रहा है कि रामकिशोर ने शराब के नशे में खुद को गोली मारी है। मौके से तमंचा बरामद हुआ है।

होली मिलन समारोह में दी एक-दूसरे को बधाई

कैंट, अमृत विचार : अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के बैनर तले रविवार को रामगंगा स्थित एक बरात घर में होली मिलन समारोह हुआ। समारोह में बड़ी तादाद में लोग एकत्र हुए। सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर होली की बधाई दीं। ऋषिपाल सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम का संचालन चौबारी के पूर्व प्रधान जयवीर सिंह ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारती चौहान और आरती चौहान ने समाज को राजनीतिक भागीदारी और उच्च शिक्षा पर जोर दिया। इस दौरान सुधीर कुमार सिंह, इंजीनियर भुवनेश्वर सिंह, धर्मवीर सिंह, श्यामवीर सिंह, राकेश कुमार सिंह, एडवोकेट अनूप सिंह, ओम प्रकाश सिंह, प्रेमपाल सिंह, महंत विजय देवनाथ, मुदित प्रताप सिंह, अतुल कुमार सिंह, केपी सिंह, गोपेंद्र पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

वीडियो बनाते समय डिवाइडर से टकराई बाइक, मौत

तिलहर ,अमृत विचार : नगरिया मोड़ पर वीडियो बनाते समय एक युवक की बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे वह घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज लाया गया। डॉक्टर ने बरेली के लिए रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। परिवार वाले उसका शव लेकर मेडिकल कॉलेज में आए जहां दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। चौक कोतवाली के मोहल्ला अजीजगंज निवासी कपूर गिहार का पुत्र सागर गिहार(18) अपने चार दोस्तों के साथ रविवार की दोपहर तिलहर घूमने के लिए गया था। वह एक बाइक पर अकेला था और उसके चार दोस्त दो बाइक पर थे। दिन में तीन बजे सभी लोग तिलहर से बाइक से काफी स्पीड से शहर आ रहे थे। सभी लोग बाइक चलाते समय वीडियो बना रहे थे। नेशनल हाईवे पर सागर गिहार की बाइक काफी स्पीड में थी और नगरिया मोड़ पर बाइक अनियंत्रित हो गयी, जो डिवाइडर से टकरा गयी। टकराने के बाद सागर गिहार के सिर और आंख पर चोट लग जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि उसके साथी वहां से निकल गए। सूचना पर तिलहर प्रभारी निरीक्षक विशाल प्रताप सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को मेडिकल कॉलेज लेकर आए। सूचना मिलने पर कपूर गिहार परिवार वालों के साथ अस्पताल पहुंचे। डॉक्टर के बरेली रेफर करने पर परिवार वाले घायल को लेकर बरेली के एक अस्पताल में ले गए।

कार्यालय उप निबंधक सदर द्वितीय, बरेली

सूचना

''सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय उप निबंधक सदर द्वितीय, बरेली में एक वसीयत मरणोपरान्त निबंधन हेतु कु. समायरा भूषण पुत्री श्री शशि भूषण लाल सुशील निवासी बी-25 जोप्लिंग रोड बटलर पैलेस कालोनी लखनऊ द्वारा प्रस्तुत किया गया है, जो श्रीमती कमलेश सिंह उर्फ चक्रेशवती पत्नी श्री महेन्द्र सिंह निवासिनी-फ्लैट संख्या 3002, हैरिटेज अपार्टमेन्ट, पार्क रोड, लखनऊ द्वारा निष्पादित है। यह वसीयत कुमारी समायरा भूषण पुत्री श्री शशि भूषण लाल सुशील व कुशाग्र भूषण पुत्र श्री शशि भूषण लाल सुशील निवासी बी-25 जोप्लिंग रोड बटलर पैलेस कालोनी लखनऊ के पक्ष में निष्पादित है। यदि इसके निष्पादन के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन के एक माह के अन्दर किसी भी कार्य दिवस में अपनी आपत्ति, साक्ष्य सहित प्रस्तुत कर सकता है।''

आज्ञा से
(रमेन्द्र श्रीवास्तव)
रजिस्ट्रीकरण अधिकारी
कार्यालय उप निबंधक सदर द्वितीय, जिला बरेली

दिनांक : 06.03.2024

फैशन डिजाइनर से दुष्कर्म का एक और आरोपी गिरफ्तार

फरार चल रहे जिला पंचायत सदस्य समेत अन्य की तलाश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- 350 बीघा जमीन को लेकर आरोपियों ने किया यह कांड

अमृत विचार : मुंबई की फैशन डिजाइनर से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे एक और आरोपी को पुलिस ने रविवार को पकड़ लिया। भांजी से सामूहिक दुष्कर्म करने में जिला पंचायत सदस्य सहित अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

शहजादनगर थाने में 21 मार्च को एक युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता का कहना था कि तीन वर्ष से मुंबई में रहकर वह फैशन डिजाइनर और मेकअप आर्टिस्ट का काम करती है। परिवार में मां और जुड़वा बहन है। पिता की मौत 2012 में हो चुकी है। वह मुरादाबाद में रहने वाले मामा के घर रहकर बड़ी हुई। उसके नाना व मामा के नाम पर करीब 350 बीघा जमीन है। दोनों की मौत हो जाने के बाद इस जमीन की वारिस उसकी मां हैं। इस जमीन पर मां के चेचेरे भाई जिला पंचायत सदस्य इम्तियाज हुसैन चिंटू, इरफान हुसैन, अफसार हुसैन व असरार हुसैन की नजर है। उसकी मां 14 साल से इन लोगों के कब्जे में थी। नौ माह पहले वह अपनी मां को छुड़ाकर ले गई थी। जमीन के कागजात और सबूत एकत्र करने के लिए वह 29 फरवरी को घर आई थी। उसने कचहरी से जमीन के कागज भी निकलवाए थे। इससे नाराज आरोपी 13 मार्च को उसे कार में डालकर अपने घर चमरौआ ले गए थे। चारों ने उसे बेल्ट से पीटा और फिर बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म किया था। कुछ अन्य लोगों ने भी दो दिन तक दुष्कर्म किया था। इसके बाद उसे दिल्ली जाने वाली ट्रेन में बैठा दिया था। पीड़िता की तहरीर पर दिल्ली पुलिस ने मामला दर्ज कर 21 मार्च को शहजादनगर थाने भेज दिया था। इसमें चचेरे मामा इम्तियाज हुसैन, इरफान हुसैन, अफसार हुसैन तथा असरार हुसैन, इसके अलावा मौलाना लतीफ, इरफान हाजी और चार लड़के अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

मतदान के लिए लोगों को जागरूक करेगा रेलवे

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए रेलवे लोगों को जागरूक करेगा। भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन अधिकारियों को रेलवे का सहयोग लेने का निर्देश दिया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस बार चुनावी प्रक्रिया को अधिक समावेशी, सूचनात्मक और सहभागी बनाने के लिए मतदाता शिक्षा कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने के लिए रेल मंत्रालय का भी सहयोग लिया जा रहा है। अधिक से अधिक मतदान के लिए आयोग ने भारतीय रेलवे के विशाल बुनियादी ढांचे का उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। रेल मंत्रालय के माध्यम से जो गतिविधियां संचालित की जानी हैं, उनमें मतदाता जागरूकता पर पूर्व-रिकॉर्ड की गई घोषणाओं को चलाना और पात्र मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रोत्साहित करना है।

रहस्यमय बीमारी से एक ही परिवार के पांच सदस्यों समेत सात की मौत

संवाददाता, रायबरेली

- स्वास्थ्य महकमे की टीम ने गांव पहुंचकर की जांच

अमृत विचार : सलोन क्षेत्र के गांव पूरे डंडी में पिछले दो हफ्ते में एक ही परिवार के पांच सदस्यों समेत सात लोगो की रहस्यमय बीमारी मौत हो गई है। मरने वाले मृतको की उम्र 50 से 65 के बीच के बताई जा रही है। रविवार को ग्रामीणों की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर पड़ताल शुरू कर दी है।

सलोन तहसील क्षेत्र के ममुनी ग्राम सभा स्थित पूरे दांडी गांव निवासी वृद्ध जगदीश मौर्य की आठ मार्च को मौत हो गई थी। इसके बाद इसी परिवार के शिव बहादुर की 17 मार्च, ठाकुरदीन की 26 मार्च, राम नारायण की 28 मार्च और रामेश्वर की 30 मार्च को मौत हो चुकी है। मरने वाले सभी मृतक एक ही परिवार के पट्टीदार है। इसके अलावा इसी गांव से सटे पूरे जुड़ावन का पुरवा गांव में 19 मार्च को रामकुमार पासी और 22 मार्च को राज लाल पटेल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो चुकी है। एक के बाद एक हो रही ताबड़तोड़ मौतों से ग्रामीणों को कोरोना काल की यादे ताजा कर दी है। ग्रामीणों की सूचना पर रविवार को स्वास्थ्य विभाग की सयुंक्त टीम ने गांव का दौरा किया।

इसके बाद एहतियातन दवा का छिड़काव कराया गया है। सत्यपाल विश्वकर्मा ने बताया कि उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम को सूचित कर रहस्यमय मौतों की जानकारी दी थी। इस सम्बंध में सीएचसी अधीक्षक डॉ. भावेश कुमार का कहना है कि ग्रामीणों की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव गई हुई थी। सभी मृतक किसी ना किसी बीमारी से ग्रसित थे।उन्हें पांच मौतों की ही सूचना मिली थी। फिर भी गांव में लोगो की जांच कराई गई है।

सार-संक्षेप

किशोरी से दुष्कर्म, पुलिस ने अपहरण में दर्ज की रिपोर्ट

रामपुर/पटवाई, अमृत विचार : पटवाई पुलिस ने धाराओं में खेल करते हुए किशोरी से दुष्कर्म के मामले में अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की है। इससे लोगों में आक्रोश है। मामला पटवाई थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। यहां रहने वाले एक ग्रामीण का कहना है कि उसकी 16 वर्षीया बेटी अपने बहन और भाइयों के साथ कमरे में सो रही थी। इस दौरान रात करीब 11 बजे लाखन और मनवीर उसके घर में घुस गए और उसकी बेटी का अपहरण करके ले गए थे। बेटी को गायब देख उनके होश उड़ गए। उन्होंने किशोरी को हर जगह तलाश किया मगर कहीं पता नहीं चला। तड़के करीब चार बजे उनकी लड़की एक मंदिर के पास दिखाई दी। जब पीड़ित ने आवाज लगाई तो आरोपी उसे सड़क पर फेंक कर फरार हो गए। इससे किशोरी का हाथ भी टूट गया। किशोरी अपने साथ दुष्कर्म होना बताया। इसके बाद पुलिस ने मामले में दुष्कर्म की बजाए अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की है।

पुलिस ने पकड़ी शस्त्र बनाने की फैक्ट्री

स्वार, अमृत विचार : पुलिस ने अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री से 17 बने व अधबने तमंचे, 132 कारतूस तथा शस्त्र बनाने के उपकरण समेत एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है। रविवार की सुबह कोतवाल संदीप त्यागी को मुखबिर से सूचना मिली कि लीड इंडिया स्कूल की ओर जाने वाले रास्ते पर अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री चल रही है। सूचना पर कोतवाल ने कस्बा इंचार्ज ललित कुमार, उपनिरीक्षक नायाब खां, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार, अभिषेक कुमार, कांस्टेबल संदीप कुमार की टीम गठित कर छापामार कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी शुरू कर दी। पुलिस को देख आरोपी घबरा गया और भागने लगा। पुलिस ने पीछा करके आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने मौके से 315, 12 और 32 बोर के 17 बने-अधबने तमंचे, 13 कारतूस तथा भारी मात्रा में तमंचे बनाने के उपकरण बरामद किए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नगर की नई बस्ती निवासी अय्यूब बताया।

गृह कलह में युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

स्वार, अमृत विचार : गृह कलह के चलते 32 वर्षीय युवक ने घर में रखे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। इससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने अजीमनगर पुलिस को कोई कार्रवाई न करने को कहा। थाना अजीमनगर के एक गांव निवासी 32 वर्षीय युवक का परिजनों से काफी दिनों से विवाद चला आ रहा था। रिश्तेदारों ने भी समझाने की कोशिश की लेकिन विवाद बढ़ता ही चला गया। शनिवार को युवक के परिजन रिश्तेदारी में विवाह में शामिल होने गए थे। युवक और उसकी पत्नी घर पर थे। देर रात युवक ने घर में रखे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। यह देख पत्नी बुरी तरह घबरा गई। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोग भी आ गए। उनकी मदद युवक को स्वार सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर अजीमनगर पुलिस सीएच पहुंच गई और शव को कब्जे में ले लिया। परिजनों द्वारा कार्रवाई करने से इनकार करने पर पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। रविवार को शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

मंजरी ने दो स्वर्ण सहित चार पदक जीत बढ़ाया मान

अयोध्या, अमृत विचार : खेलो इंडिया जूनियर महिला तैराकी प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक व दो रजत पदक हासिल कर मंजरी जायसवाल ने जिले का परचम लहराया है। अब तक राष्ट्रीय स्तरीय व राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिताओं की विभिन्न स्पर्धाओं में अपने तैराकी खेल प्रदर्शन से लोगों का ध्यानाकर्षित कर सौ से अधिक पदक अपने नाम कर चुकी मंजरी का सपना आलंपिक में देश के लिए स्वर्ण पदक जीतने का है। हरियाणा के बहादुरगढ़ में 30 मार्च तक हुई खेलो इंडिया जूनियर महिला तैराकी प्रतियोगिता राउंड-2 के बटर फ्लाई 100 मीटर व 200 मीटर स्पर्धा में विजेता बन स्वर्ण पदक जीता। वहीं ब्रेस्ट स्ट्रोक 200 मीटर व व्यक्तिगत मिडले 200 मीटर स्पर्धा में उपविजेता रहीं और रजत पदक से संतोष करना पड़ा। मंजरी को इस विशिष्ट प्रदर्शन पर 42 हजार पुरस्कार राशि का चेक प्रदान किया गया। मंजरी अपनी उपलब्धि का श्रेय पिता डॉ. राहुल जायसवाल को देती हैं।

छह माह में सोने ने निवेशकों को दिया चौंकाने वाला लाभ

लखनऊ, अमृत विचार : न सहालग है और न ही तीज त्योहार। बावजूद इसके पीली धातु सर्राफा बाजार में अपनी चमक बिखेरे हुए है। रोज नए आयाम गढ़ता सोना अब 70,500 रुपये प्रति तोला (प्रति 10 ग्राम) पहुंच गया है। कारोबारी कह रहे हैं कि वैश्विक पटल के हाल देख कहा जा सकता है कि बाजार में स्वर्ण धातु की चमक फिलहाल अभी कम होने वाली नहीं है। बीते छह माह का तुलनात्मक भाव देखा जाए तो सोने में निवेश करने वालों को 12,000 रुपये प्रति 10 ग्राम का सीधा लाभ हुआ है। मार्च माह की शुरुआत का रेट करीब 66,500 रुपये प्रति 10 ग्राम था जो अब बढ़कर 70,500 हो गया है। यानी मार्च के एक माह से कम अवधि के बीच ही पीली धातु ने चार हजार रुपये प्रति 10 ग्राम का रिटर्न फायदा दिया है। वैश्विक परिस्थितियों में होती उथल-पुथल से सोना निवेशकों की पहली पसंद बनकर उभरा है।

अवैध संबंध के शक में पत्नी, बेटी-बेटे की हत्या

संवाददाता, लखनऊ/ सरोजनीनगर

- शव कमरे में बंदकर भागा, पुलिस को मकान मालिक ने दी सूचना

अमृत विचार: बिजनौर के सरवन नगर में अवैध संबंध के शक में पीओपी कारीगर ने पत्नी, बेटी व बेटे की गला दबाकर हत्या के बाद शव कमरे में बंद कर भाग गया। दुर्गंध पर मकान मालिक के बेटे ने पुलिस को सूचना दी।

पुलिस के मुताबिक बलरामपुर जिले के रतनपुर गांव का रामलखन 15 मार्च से सरवन नगर में अमृत लाल गौतम के मकान में किराए पर पत्नी ज्योति, बेटी पायल और बेटा आनंद संग रह रहा था। रविवार दोपहर दो बजे पड़ोसियों को तेज दुर्गंध आने पर मकान मालिक को बताया। अमृत लाल का बेटा वीरेंद्र ऊपर पहुंचा। दुर्गंध रामलखन के बंद कमरे से आने की सूचना पुलिस को दी। साउथ डीसीपी तेज स्वरूप सिंह, एसीपी कृष्णानगर विनय द्विवेदी और इंस्पेक्टर बिजनौर अरविंद राणा मौके पर पहुंचे।

पुलिस को फर्श पर ज्योति व बच्चों के शव बोरी में मिले। डीसीपी ने बताया कि आरोपी रामलखन को गिरफ्तार कर लिया गया है।

महिला ने बेटे के साथ मिलकर की थी महंत मनिरामदास की हत्या

सीतापुर, अमृत विचार : मिश्रिख कोतवाली इलाके में महंत की टुकड़ों में हत्या कर शव फेंके जाने के मामले में पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस ने हत्यारोपी महिला और उसके बेटे को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त दो धारदार हथियारों को भी बरामद किया है। वारदात को अंजाम देने की प्रमुख वजह बाबा के आरोपी महिला से अवैध सम्बन्ध होना बताया गया। साथ ही महंत के तंत्र विद्या के चलते हत्यारोपी महिला की बेटी और बहू के घर से चले जाने से सामाजिक अपमान महसूस होना बताया जा रहा है।

बहराइच में पिता ने सौतेली बेटी की गला काट कर हत्या की, बेटा घायल

- पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी पिता को किया गिरफ्तार

बहराइच, एजेंसी : जिला मुख्यालय के कोतवाली नगर क्षेत्र में रविवार सुबह एक व्यक्ति ने अपनी 14 वर्षीया सौतेली पुत्री की चाकू से गला काटकर हत्या कर दी और आठ साल के सौतेले पुत्र को चाकू मारकर घायल कर दिया।

पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी पिता संतोष कुमार को हिरासत में ले लिया है। पुलिस के अनुसार नगर पालिका में सफाईकर्मी पिंकी वाल्मीकि रविवार सुबह आठ बजे ड्यूटी पर चली गयी थी, उसका पति संतोष व बच्चे घर पर थे। बताया गया कि संतोष ने अपनी सौतेली पुत्री रिया (14) के गले पर चाकू से वार किया और रिया को बचाने आए उसके भाई (आठ) को भी चाकू मारा। शोर सुनकर आसपास के लोग दोनों बच्चों को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान रिया की मौत हो गयी। लड़के की हालत अब सामान्य बताई जा रही है। अस्पताल पहुंची पुलिस अधीक्षक (एसपी) वृंदा शुक्ला ने पत्रकारों को बताया कि अत्यधिक रक्तस्राव के कारण बच्ची को बचाया नहीं जा सका। एसपी ने बताया कि आरोपी ने खुद को भी चाकू मार कर घायल किया है। आरोपी पिता नगर पालिका में अनुबंध पर सफाईकर्मी का काम करता है। इसकी पत्नी भी वहीं सफाईकर्मी है। एसपी ने कहा कि अभी तक घटना की वजह मालूम नहीं हो सकी है।आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। घटना की जानकारी मिलने पर जिला अस्पताल पहुंची बच्चों की मां ने पत्रकारों से कहा कि उसके पति की दिमागी हालत ठीक नहीं है और दो साल से उसका इलाज जारी है। पिंकी के पहले पति राजा वाल्मीकि की करीब आठ वर्ष पूर्व बीमारी से मौत हो गई थी। राजा के मृत्योपरांत पिंकी ने संतोष कुमार वाल्मीकि से विवाह कर लिया था।

निर्माणाधीन पुल के तीन बीम गिरने से किसानों में रोष

संवाददाता, बुरावली/अमरोहा

निर्माणाधीन पुल। ● अमृत विचार

अमृत विचार : चार जिलों की सीमाओं को जोड़ने वाले निर्माणाधीन पुल के तीन बीम शुक्रवार की रात गिर गए। यह पुल जिला बुलंदशहर, संभल, अमरोहा, हापुड़ को जोड़ेगा। वहीं पुल के बीम गिरने के बाद भी रविवार को कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा और न ही कोई कार्रवाई की गई। जाहिर है कि इतनी बड़ा मामला होने पर भी अधिकारी लापरवाह हैं।

जिला बुलंदशहर के ऊंचा गांव को अमरोहा जिले के गांव बिरामपुर को जोड़ने के लिए गंगा नदी पर पुल का निर्माण हो रहा है। शुक्रवार रात को अचानक इसके दो बीम टूट कर गिर गए और एक क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। गनीमत रही की कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। यह पुल 83 करोड़ की लागत से बन रहा था। जैसे ही निर्माणाधीन पुल के दो बीम गिरे तो सूचना पाकर ग्रामीणों की भीड़ भी जुट गई। लापरवाही छुपाने के लिए जेसीबी से खड्डा खोदकर बीम को दबाने में कर्मचारी जुट गए। लेकिन ऐसा करने से ग्रामीणों ने रोक दिया। वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी सूचना दी। पिछले साल जनवरी में निर्माणाधीन पुल में दरार पड़ गई थी। भाकियू शंकर गुट के पदाधिकारी एवं तरौली गांव के प्रधान प्रमोद नागर ने बताया कि पुल निर्माण की शुरुआत से ही कार्यदायी संस्था द्वारा मानकों की अनदेखी की जा रही थी। घटिया सामग्री का आरोप लगाते हुए 15 मई 2022 को पूल के नजदीक हंगामा किया था।

ओवैसी के साथ मिलकर प्रदेश में चुनाव लड़ेंगी पल्लवी

लखनऊ, अमृत विचार : अपना दल कमेरावादी की नेता व विधायक पल्लवी पटेल ने रविवार को ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के साथ मिलकर प्रदेश में तीसरे मोर्चे पीडीएम का एलान किया है।

यह तीसरा मोर्चा इंडिया गठबंधन और सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पीडीए के जवाब में रविवार को होटल क्लार्क अवध में लांच किया गया। इस अवसर पर अपना दल कमेरावादी की नेता पल्लवी पटेल ने कहा कि पिछड़ा समाज, दलित और मुसलमान समाज, जिसका दमन किया जा रहा है, जिसके सम्मान पर कुठाराघात किया जा रहा है। सरकार और मुख्य विपक्ष के खिलाफ हम ये पीडीएम न्याय मोर्चा लेकर आए हैं।

उत्तराखंड

रुद्रपुर में पीएम मोदी कल करेंगे जनसभा

रुद्रपुर। प्रधानमंत्री मोदी दो अप्रैल को रुद्रपुर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री किच्छा बाईपास रोड स्थित एफसीआई के सामने मैदान में नैनीताल-ऊधमसिंह नगर सीट के प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में जनसभा करेंगे।

इसको लेकर विधायकों और पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। साथ ही हर विधानसभा से 50-50 बसें रैली में लाने का लक्ष्य रखा गया। इसके अलावा नगर व ग्रामीण मंडल अध्यक्षों समेत अन्य पदाधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय की गई है। विधायक शिव अरोरा ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हुए हैं।

रुद्रपुर में 194 रिक्रूट आरक्षी पासआउट

संवाददाता, रुद्रपुर

पासिंग आउट परेड को सलामी देते एडीजी सीआईडी व साथ में सेनानायक।

अमृत विचार : 46वीं वाहिनी पीएसी प्रांगण में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों की पासिंग आउट परेड का आयोजन हुआ, जहां एडीजी सीआईडी ने परेड का निरीक्षण किया और जवानों का उत्साहवर्धन किया। वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया।

रविवार को परेड ग्राउंड दीक्षांत समारोह का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि निदेशक सतर्कता एवं अपर पुलिस महानिदेशक सीआईडी वी मुरुगेशन ने सेनानायक 46वीं वाहिनी पीएसी पंकज भट्ट के साथ परेड का निरीक्षण किया। वहीं पास आउट आरक्षियों ने मार्च पास्ट के माध्यम से सलामी दी। मुख्य अतिथि मुरुगेशन ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर समाज की सुरक्षा का हिस्सा बनना गौरवशाली क्षण होते हैं, जहां नौ माह का प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सभी आरक्षियों को अलग-अलग जनपदों में स्थानांतरित किया जाएगा, जहां से हर आरक्षी की जिंदगी की शुरुआत होती है। सेनानायक पंकज भट्ट ने बताया कि 46वीं वाहिनी पीएसी प्रांगण में 15 जून 2023 को 194 रिक्रूटों का प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। नौ माह की कड़ी मशक्कत के बाद 194 नागरिक पुलिस के आरक्षियों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

35.86 ग्राम स्मैक के साथ तीन गिरफ्तार

हल्द्वानी, अमृत विचार : अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने तीन स्मैक तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिसमें एक महिला भी शामिल है। पुलिस ने 35.86 ग्राम स्मैक बरामद कर सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। शनिवार की रात चेकिंग के दौरान काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा की टीम ने सुल्ताननगरी गौलापार निवासी अभिजीत कुमार को 12.1 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। वहीं चोरगलिया रोड निवासी नईम को 12.40 ग्राम स्मैक और मुखानी थानाध्यक्ष पंकज जोशी की टीम ने अंजू आर्या पत्नी संजय आर्या निवासी वार्ड 24 चोरगलिया रोड को 11.45 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया।

लिव-इन में रह रही प्रेमिका की हत्या

संवाददाता, देहरादून

- युवती के शव को सूटकेस में रखकर जंगल में लगाया ठिकाने
- देहरादून की घटना, तीन माह बाद खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार: देहरादून में लिव इन में रह रहे प्रेमी के प्रेमिका की हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रेमी ने प्रेमिका का शव सूटकेस में बंदकर आशारोड़ी के जंगल में ठिकाने लगा दिया। आरोपी की तीन माह बाद गिरफ्तारी से घटना का खुलासा हुआ। रविवार को पुलिस ने जंगल से सूटकेस से लड़की का शव बरामद किया।

हरिद्वार के कनखल थाना क्षेत्र के जमालपुर कला के शहरुल जहां पत्नी जहीर हसन ने 29 जनवरी को कोतवाली पटेलनगर पुलिस को पत्र देकर पुत्री शहनूर की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। शहनूर देहरादून में संस्कृति विहार कालोनी में ब्यूटी पॉर्लर का काम करती थी और वह 26 दिसंबर से लापता है। उसका कहीं पता नहीं लगा। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली, लेकिन एसएसपी अजय सिंह के निर्देश पुलिस की टीम जांच में जुट गई।

जांच में पता चला कि शहनूर कालोनी में ही राशिद नाम के युवक के साथ लिव इन रिलेशनशिप में थी। राशिद युवती के गुम होने के बाद से ही फरार है। 30 मार्च को सूचना मिली कि राशिद अपने किराए के कमरे से सामान लेने आया है, जिस पर पुलिस ने उसको पकड़ लिया। राशिद ने 27 दिसंबर को शहनूर की गला दबाकर हत्या करने की बात कबूली और बताया शव को सूटकेस में रखकर जंगल में फेंक दिया था। पुलिस ने राशिद की निशानदेही पर आशारोडी के जंगल से सूटकेस से शव बरामद किया।

पुलिस के मुताबिक राशिद पुत्र मुर्सलीन बागोवाली, मुजफ्फरनगर का रहने वाला है। फेसबुक पर दोनों की दोस्ती हुई थी। सितम्बर 2023 से दोनों किराए के कमरे में रह रहे थे। शहनूर के देररात आने पर दोनों में झगड़ा होता था। 26 दिसंबर को दोनों में झगड़ा हुआ, तब उसने शहनूर की गला घोंटकर हत्या कर दी।

ग्रेड कम आने पर छात्रा ने फांसी लगाई, कक्षा 9 की परीक्षा दी थी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : ग्रेड कम आने पर पिता ने बेटी से सिर्फ इतना कहा कि अबकी अच्छे से पढ़ाई करना। लेकिन बेटी को यह बात चुभ गई और शनिवार की आधी रात उसने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना से परिवार सदमे में है।

देवखड़ी नीलकंठ कॉलोनी जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा निवासी रघुनंदन होमगार्ड में कार्यरत हैं। परिवार में पत्नी, 15 वर्षीया बेटी शगुन और साढ़े तीन साल का बेटा है। शगुन ने इस बार कक्षा 9 की परीक्षा दी थी। रघुनंदन ने बताया कि शुक्रवार को वह बेटी के साथ रिजल्ट और 10वीं कक्षा की कॉपी-किताबें लेकर घर लौटे थे। रिजल्ट में ग्रेड कम आए थे जिससे शगुन भी दुखी थी। शगुन को 10वीं के लिए अच्छे से पढ़ाई करने की बात कहकर वह रात 8 बजे ड्यूटी पर चले गए। करीब ढाई बजे मां की आंख खुली तो शगुन फांसी के फंदे से लटक रही थी। उसने दरवाजे की चौखट के ऊपर बने रोशनदान से चुनरी कस कर फांसी लगा ली थी। जानकारी मिलते ही आनन-फानन में रघुनंदन घर पहुंचे और बेटी को बेस अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

शूटर्स की तलाश में पुलिस ने नेपाल, बंगाल में डाला डेरा

बाबा तरसेम हत्याकांड

संवाददाता, रुद्रपुर/नानकमत्ता

ऊधमसिंह नगर में सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दिए थे बाबा तरसेम सिंह के हत्यारोपी।

अमृत विचार: नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह के हत्यारे अभी भी पुलिस की पकड़ में नहीं आ सके हैं। दर्जन भर से अधिक पुलिस टीमें कई राज्यों में हत्यारों की तलाश में जुटी हैं। नेपाल और बंगाल में पुलिस टीमों ने डेरा डाल रखा है। शूटर्स के विदेश भागने की संभावना के चलते पुलिस उनके खिलाफ लुकआउट नोटिस की तैयारी कर रही है। वहीं इस संबंध में कनाडा दूतावास से भी संपर्क साधा गया है।

बीती 28 मार्च को डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या कर दी गई थी। बाइक सवार दो सिख व्यक्तियों ने नजदीक से उन्हें गोली मारी थी। दोनों शूटर्स की पहचान अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू और सरबजीत सिंह के रूप में हो चुकी है, लेकिन चार दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। पुलिस की ओर से दोनों पर 25-25 हजार का इनाम भी घोषित कर दिया गया है। शूटर्स की तलाश में पुलिस, एसओजी, एसटीएफ की दर्जन भर से अधिक टीमें जुटी हैं पर हत्यारों का पता नहीं लग सका है। हत्यारों के विदेश भागने की उम्मीद है। माना जा रहा है कि दोनों शूटर्स पीलीभीत के रास्ते नेपाल जा सकते हैं। इसलिए नेपाल व बंगाल में पुलिस टीमों ने डेरा डाल रखा है। इधर, पुलिस ने दोनों शूटर्स के फोटो व उनकी जानकारियों को अन्य राज्यों की पुलिस के साथ भी साझा किया है। शूटर्स विदेश न चले जाएं इसके चलते लुक आउट नोटिस की तैयारी की जा रही है। पुलिस का दावा है कि अभी शूटर्स देश में ही कहीं छुपे हुए हैं। पुलिस की कोशिश है कि वे देश से बाहर न जा पाएं। पुलिस की मानना है कि हत्यारे भागने के लिए लंबा रास्ता नहीं चुनेंगे। हो सकता है उन्होंने कहीं आसपास शरण ले रखी हो, इसलिए खटीमा-पीलीभीत सीमा पर छानबीन की जा रही है।

शाहजहांपुर और पीलीभीत में छापा, 5 संदिग्ध उठाए

शाहजहांपुर, अमृत विचार : डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या के मामले में उत्तराखंड एसटीएफ ने रविवार सुबह बंडा, निगोही और पीलीभीत के बिलसंडा थाना क्षेत्र से पांच संदिग्धों को हिरासत में लिया। एसटीएफ को शक है कि बाबा की हत्या का षड्यंत्र करने वालों में कुछ लोग शाहजहांपुर के भी हैं। बंडा और निगोही थाने की पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिए जाने की पुष्टि की है।

बड़े भाई की मौत के सदमे में छोटे ने भी तोड़ा दम

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : सेमलखलिया गांव में रविवार को रिटायर्ड पोस्टमास्टर के निधन के बाद श्मशान घाट में उनकी चिता ठंडी भी नहीं हुई थी कि इस सदमे से उनके छोटे भाई का भी हार्ट अटैक से निधन हो गया। एक ही दिन दो भाइयों के निधन से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

सेमलखलिया गांव निवासी डाक विभाग से सेवानिवृत्त केशवदत्त जोशी (78 वर्ष) का रविवार तड़के 3 बजे हार्ट अटैक से निधन हो गया। गांव और परिवार में सूचना के बाद सुबह करीब 11 बजे पार्थिव शरीर को दाह संस्कार के लिए रामनगर स्थित विश्रामघाट ले जाया गया। चिता में आग लगाने के बाद ही केशवदत्त के छोटे भाई दुर्गादत्त जोशी (70) के सीने में तेज दर्द उठने लगा। हार्ट अटैक की आशंका से परिजन उन्हें तुरंत निजी अस्पताल ले गए, जहां से उन्हें काशीपुर के लिए रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में ही दुर्गादत्त जोशी का निधन हो गया। इसके बाद दुर्गादत्त जोशी की अर्थी भी दाह संस्कार के लिए विश्रामघाट ले जाई गई, जहां बड़े भाई केशवदत्त की चिता जल रही थी। उनके बराबर में ही गमगीन माहौल में छोटे भाई की पार्थिव देह को मुखाग्नि दी गई।

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण : सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहनेवाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।

संपादकीय

चुनाव के बीच कच्चातिवु

लोकसभा चुनाव के बीच एक बार फिर कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंपे जाने का मुद्दा गरमा गया है। कच्चातिवु भारत और श्रीलंका के बीच पाक जलसंधि में 285 एकड़ में विस्तृत एक निर्जन स्थान है, जो भारत के रामेश्वरम से लगभग 14 समुद्री मील की दूरी पर स्थित एक द्वीप है। वर्ष 1974 में भारत की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और श्रीलंका की सिरिमा आरडी भंडारनायके ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिससे कच्चातिवु को श्रीलंका क्षेत्र के हिस्से के रूप में मान्यता दी गई। समझौते के परिणामस्वरूप इस क्षेत्र के स्वामित्व में परिवर्तन हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि कांग्रेस ने कच्चातिवु द्वीप ' संवेदनहीन' ढंग से श्रीलंका को दे दिया था। गौरतलब है कि समझौते ने भारतीय मछुआरों को द्वीप के आस-पास मछली पकड़ने, वहां अपने जाल सुखाने की अनुमति के साथ भारतीय तीर्थयात्रियों को द्वीप पर स्थित कैथोलिक तीर्थ की यात्रा करने की अनुमति दी। इस निर्जन द्वीप पर मत्स्य पालन का अधिकार और संप्रभुता को लेकर यह भारत और श्रीलंका के बीच लंबे समय से विवाद का मुद्दा रहा है। जब इंदिरा गांधी ने श्रीलंका को यह द्वीप सौंपा तो सबसे ज्यादा विरोध तमिलनाडु में हुआ था। तमिलनाडु के तत्कालीन मुख्यमंत्री करुणानिधि ने इसका पुरजोर विरोध किया था। इसको लेकर साल 1991 में तमिलनाडु विधानसभा में प्रस्ताव पास किया गया। प्रस्ताव में उस द्वीप को वापस लेने की मांग की गई। इसके बाद ये मामला उच्चतम न्यायालय में भी पहुंचा। हालांकि भारत सरकार ने 2013 में स्पष्ट किया कि पुनः प्राप्ति का सवाल ही नहीं उठता क्योंकि कोई भी भारतीय क्षेत्र हस्तांतरित नहीं किया गया था। तत्कालीन केंद्र सरकार ने दावा किया कि कच्चातिवु भारत-श्रीलंका अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के श्रीलंकाई हिस्से पर स्थित है। राजनीतिक कारणों और जनभावना के चलते कच्चातिवु का स्थानांतरण भारत की संसद के दोनों सदनों में विरोध और बहस शुरू होने का कारण बना। ये विवाद इसलिए भी बना हुआ है क्योंकि श्रीलंका, भारत के मछुआरों को वहां पर सुस्ताने और अपने जाल सुखाने से लगातार रोकता आया है। दूसरी ओर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव में तमिलनाडु को ध्यान में रखकर कच्चातिवु द्वीप का मुद्दा उठाया, जबकि उनकी सरकार की विदेश नीति की विफलता के कारण नेपाल, भूटान और मालदीव जैसे पड़ोसियों के कारण रिश्ते बिगड़ गए। राजनीति और सियासी मांगों से अलग, भारत के कई सामरिक विशेषज्ञों को भी इस बात की आशंका लगती है कि भारत की मुख्यभूमि के बेहद करीब स्थित द्वीप तक कहीं चीन किसी तरह से अपनी पहुंच न बना ले। ऐसे में भारत को श्रीलंका के साथ अपने पारंपरिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को मज़बूत बनाने पर अधिक ध्यान देना चाहिए।

समझ नहीं आता कि देश किसका है

कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

यक्ष प्रश्न है कि जीवनदायिनी नदियों का पानी सरकारी आदेशों के तहत कारपोरेटी कारखानों को दहेज की तरह सौंपा जा रहा है लेकिन मनुष्य और पशु पक्षियों को पीने और निस्तार के लिए प्राकृतिक जलाशयों पर अधिकार लुटेरे कानून बनाकर छीन लिया गया है।

जनसंख्या के लिहाज से हिंदुस्तान दुनिया की सबसे बड़ी जम्हूरियत है। अद्भुत यूनानी दार्शनिक अफलातून वेद ऋचाओं की तरह याद है। कहता है लोकतंत्र जनता के लिए, जनता का, जनता के द्वारा शासन है। जनतंत्र में खोपड़ियां गिनी जाती हैं, तोड़ी नहीं। यही पश्चिमी अवधारणा भारत को लगभग 130 करोड़ लोगों का समुच्चय समझती है। भारतीय समझ के अनुसार सांस्कृतिक और मानवीय दृष्टि से पूरी धरती एक कुटुंब है। अलबत्ता देशों की भौगोलिक सरहदें अलग-अलग संसार रचती हैं। भारतीय जीवन की अलग बानगी, पहचान और सुगंध है। समाज नाम का आधुनिक शब्द पश्चिम से आयातित है। भारत में लोकजीवन की मर्यादाएं राजाज्ञा से बड़ी अनुशासन संहिता की तरह प्रभावशील रही हैं। राज्य का मकसद लोककल्याण और लोकयश हासिल करना होता था। निजी महत्वाकांक्षाएं, विवेक और राजकीय आदेश लोक इच्छाओं के सामने नतमस्तक होते थे।

आज हिंदुस्तान में समझ नहीं आता कि देश किसका है। ईश्वर अर्थात कुदरत ने धरती, वन, पशु पक्षी, समुद्र, नदी, झील, खनिज जैसी नायाब संपत्तियां सौंपी हैं। हमारी संस्कृति नदियों की तरह नदियों के किनारे समय के प्रवाह की तरह विकसित होती रहीं। गंगा, यमुना, ब्रम्हपुत्र, सिंधु, नर्मदा, गोदावरी, कृष्णा और कावेरी बहते हुए जलांश नहीं हैं। वे भारतीय अस्तित्व की धमनियां हैं। उनमें कालजयी रक्त बहता है। देश का भौगोलिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक इतिहास समय के प्रवाह में इनके जल की स्याही से लिखा गया। वह अमिट पहचान है। हिमालय, सतपुड़ा, विंध्याचल और नीलगिरि की गुफाओं और कंदराओं में ऋषिचिंतन खदबदाता पकता रहा है। समूचा देशज ज्ञान अविनश्वर है। बुद्ध ने तो बोधि वृक्ष को आध्यात्मिक संस्कारों का संरक्षक बना दिया। वाल्मीकि ने मिथुनरत क्रौंच पक्षी को बहेलिए द्वारा मारे जाने के क्षण को कविता के इतिहास का अमर उद्गगम बना दिया।

यक्ष प्रश्न है कि जीवनदायिनी नदियों का पानी सरकारी आदेशों के तहत कारपोरेटी कारखानों को दहेज की तरह सौंपा जा रहा है लेकिन

मनुष्य और पशु पक्षियों को पीने और निस्तार के लिए प्राकृतिक जलाशयों पर अधिकार लुटेरे कानून बनाकर छीन लिया गया है। वैचारिक विश्वविद्यालय रहे पहाड़ सरकार और कारपोरेट घरानों के आपराधिक षड़यंत्र की हिंसा के चलते खोखले किए जा रहे हैं।

केदार घाटी जैसी भयानक त्रासदी हुई लेकिन सजा किसी को नहीं मिली। लौहअयस्क, कोयला, बाक्साइट और अन्य खनिज कुछ घरानों की धन कमाने की हविश के लिए बलात्कृत बना दिए गए हैं। नागरिक असहाय होकर यह आधुनिक चीरहरण देख रहे हैं। कारखानों से निकलती रासायनिक गैसों से प्राणपद हवा प्रदूषित हो गई है। सांस लेने में कई नई बीमारियां हो रही हैं। कोई कानून सरकारों को मजबूर नहीं करता कि मनुष्य के जीने के अधिकार में कटौती नहीं हो सकती। नगरपालिका और पंचायत संस्थाएं जहरीला पेयजल सीमित मात्रा में मुहैया कराती हैं। अंगरेजी कानूनों के चलते कोई कारगर कार्यवाही नहीं होती। करोड़ों किसान खून पसीना बहाते, आत्महत्या करते अनाज उगाते हैं। कुछ तिजारती डकैत उसे अपने भंडारों में ठूंस देते हैं। उपभोक्ताओं को अनाज कई गुना दामों में उनके अधिकारों की डंडी मारकर सरकारी कानूनों के तहत भीख और अहसान बतौर दिया जाता है। उम्मीद की जाती है कि लोग फिर भी खुश रहें।

अंगरेज ने नहीं सिखाया लेकिन हिंदुस्तानी नेता

केदार घाटी जैसी भयानक त्रासदी हुई लेकिन सजा किसी को नहीं मिली। लौह अयस्क, कोयला, बाक्साइट और अन्य खनिज कुछ घरानों की धन कमाने की हविश के लिए बलात्कृत बना दिए गए हैं। नागरिक असहाय होकर यह आधुनिक चीरहरण देख रहे हैं। कारखानों से निकलती रासायनिक गैसों से प्राणपद हवा प्रदूषित हो गई है। सांस लेने में कई नई बीमारियां हो रही हैं। कोई कानून सरकारों को मजबूर नहीं करता कि मनुष्य के जीने के अधिकार में कटौती नहीं हो सकती। नगरपालिका और पंचायत संस्थाएं जहरीला पेयजल सीमित मात्रा में मुहैया कराती हैं। अंगरेजी कानूनों के चलते कोई कारगर कार्यवाही नहीं होती।

उससे अधिक क्रूर हैं। संविधान में डींगें मारी गई हैं कि मनुष्य को गरिमामय जीवन का अधिकार है। उच्चतम न्यायालय भी विक्टोरियाई अंगरेजी में अपने न्यायनिर्णय परोसता रहता है। वह संविधान, न्याय और आदेश किस काम के जो बांझहीन लफ्फाजी बनकर किताबों में कैद होकर रहें। मजदूरों को कारखाना मालिक जानवरों की तरह चूसते रहें। शहरों, कस्बों बल्कि गांवों तक में सुबह चहचहाने और रात को मीठी लोरी सुनाने वाली चिड़ियों का समूह ओजोन परतों में बढ़ते जा रहे छेद के कारण दफ्न हो गया है।

यह देश किसका है। बाबा अरबपति बनने की होड़ में हैं। गुंडों की फौज पालते हैं। देह व्यापार करते हैं। कालेबाजारियों का धन सफेद करने की जुगत बिठाते हैं। साधु कहलाते सत्ता परिवर्तन के षड़यंत्र में शामिल होते हैं। राम कभी देव रहे होंगे। ब्रह्मचारी चोगा ओढ़े लोग हिंदू स्त्रियों को कम से कम चार बच्चे पैदा करने का फतवा जारी कर देते हैं। कूढ़मगज अल्पसंखक सत्ता में घुसकर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगा रहे हैं। मिडिल फेल राष्ट्र निर्माता बन रहे हैं। पीएचडी होकर दैनिक वेतनभोगी भी नहीं हैं। लाखों विधवाएं नर्क का जीवन जी रही हैं। नैतिकता की डींग मारते नागरिक सड़कों पर बलात्कारियों के सामने कायरों की तरह दुम दबाकर भागते हैं। 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते' का नारा उपजाने वाले औरतों की देह को उपयोग और व्यापार की वस्तु बना रहे हैं। किसका है यह देश जहां न्यायालय बिक रहे हैं। उनकी शिकायत भी नहीं हो सकती। डाक्टरों के मानव व्यापार कारखानेनुमा अस्पताल वेंटिलेटर पर पड़े मरीज की लाश तक नहीं सौंपते, जब तक अवैध फीस का भुगतान नहीं किया जाए। दुनिया को भारत द्वारा दी गई शिक्षा उसके ही काम नहीं आ रही है। पेट की रोटी के वास्ते देश के नेता अस्मिता खोकर अमेरिका के चरणों में लगातार लोट रहे हैं।

नौकरशाही अंगरेजी भाषा, शासन व्यवस्था और तहजीब माथे पर चंदन की तरह लीपे हुए है। वह मादरी जुबान, देशी समझ, इतिहास परंपराओं और स्वदेश बोध को गिरवी रखकर एक सौ तीस करोड़ भारतीयों के संकुल को कीड़ा मकोड़ा समझती है। पता नहीं रावण बनाम राम, कंस बनाम कृष्ण, भस्मासुर बनाम शिव, अंग्रेज बनाम भगतसिंह, हिंसा बनाम गांधी की कहानियों में कितनी सचाई रह गई है। सरकारों, विदेशियों, नौकरशाहों, न्यायालयों वगैरह ने मिलकर भारतीयों को देश नाम के मकान का किराएदार बना दिया है। इस संपत्ति पर कब्जा 'मेक इन इंडिया', 'अंगरेजियत', 'लार्ड मैकाले', 'एड्स की बीमारी', 'किसानों की आत्महत्या', 'स्त्रियों के बलात्कार', 'कारपोरेटियों के अनाचार' का हो गया है। पता नहीं यह देश किसका है।

प्रसंगवश

मकसद क्या लिखा है उसको समझना नहीं सिर्फ पढ़ना है

मेरे बगल की बिल्डिंग के एक फ्लैट में रमज़ान शुरू होने से लेकर आज तक तकरीबन पूरे दिन (शायद रात में भी) कुछ लोग लगातार कुरान की तिलावत (पढ़ना) कर रहे है। कभी कभी उनकी बॉलकनी में मदरसे में हफीजा करने वाले कुछ बच्चे दिखाई देते हैं।

ये अमल नया देखा है। क़ुरान ख़्वानी (सामूहिक क़ुरान पाठ) देखा है। जो कुछ घंटों का होता है। व्यक्तिगत कुरान पढ़ना रमज़ान में आम है। ज़्यादातर मुसलमान पढ़ते है। ये सारे लोग जो इस्लामी क़ानून की किताब क़ुरान पढ़ते है वो इसलिए पढ़ते है कि इससे गुनाह माफ होंगे, सबाब मिलेगा!

सबसे मज़ेदार बात है कि इतनी मोटी किताब बिना एक लफ़्ज़ समझे घंटों पढ़ लेते हैं। क्योंकि क़ुरान अरबी में है और हिंदुस्तान में अरबी तो हाफ़िज को भी सिर्फ़ पढ़ना आता है। समझ में उनको भी नहीं आती। क्योंकि हफ़ीज़े के दौरान हाफ़िज को सिर्फ़ रटना सिखाया जाता है। उन्हें अरबी ग्रामर नहीं पढ़ाया जाता है। हाफ़िज होने के बाद अगर आगे का कोर्स करना हो तब अरबी लैंग्वेज का बेसिक ज्ञान शुरू होता है।

कुछ लोग है वो कुरान का उर्दू/इंग्लिश/हिंदी अनुवाद भी पढ़ते हैं। लेकिन ज्यादातर तिलावत के वक़्त अरबी में ही सीधे पढ़ी जाती है। ऐसे में समझने के लिए अरबी सीखना ज़रूरी हो जाता है। लेकिन यहां मकसद क़ुरान में क्या लिखा है उसको समझना नही है। सिर्फ़ इसलिए पढ़ना है क्योंकि वो अल्लाह की किताब है और उसे पूरे रमज़ान में दो तीन बार पूरा पढ़ लेना है। जितनी बार पढ़ कर खत्म करेंगे उतना सवाब मिलेगा।

और जयादा सवाब कमाने का तरीक़ा है कि सामूहिक रूप से पढ़ा जाए और एक दिन में दो तीन चार बार पूरा कुरान पढ़ कर ख़त्म कर दिया जाए। इसे क़ुरान ख़्वानी कहते है। यहां भी समझ कर पढ़ना नहीं है। बस जल्दी जल्दी पढ़ना है। मेरे पड़ोस वाले फ़्लैट के मालिक ने और बड़ा टारगेट रखा है। पूरे महीने दिन के 24 या 18 घंटे सामूहिक क़ुरान ख़्वानी। वो भी हाफ़िज़ा करने वाले प्रोफेशनल स्टूडेंट्स के ज़रिए। मतलब एक महीने में सौ बार कुरान ख़त्म तो हो



सोचिए एक किताब जिसके ज़रिए दुनियां बदल गई। उसे अब सिर्फ़ ज़ोर ज़ोर से, हिल हिल के बिना एक लफ्ज समझे बूझे पढ़ा जा रहा है। सिर्फ़ इसलिए की इससे अल्लाह खुश होगा, शाबाशी देगा, जन्नत में फ्लैट देगा।

ही जाएगी। इस तरह फ़्लैट वाले भाई साहब थोक के भाव में सवाब कमा लेंगे।

इकबाल अहमद

सोचिए एक किताब जिसके ज़रिए दुनियां बदल गई। उसे अब सिर्फ़ ज़ोर ज़ोर से, हिल हिल के बिना एक लफ्ज समझे बूझे पढ़ा जा रहा है। सिर्फ़ इसलिए की इससे अल्लाह खुश होगा, शाबाशी देगा, जन्नत में फ्लैट देगा।

तक़रीबन वैसा ही जैसे संस्कृत पर पंडितों (ब्राह्मण) ने क़ब्ज़ा कर किया और आम आदमी को बोला समझने की ज़रूरत नही है। उसके लिए हम है न। फलां फलां यज्ञ करो और हमें मोटी दक्षिणा दो। हम आपकी वैतरणी पार लगाएंगे। स्वर्ग पहुंचाएंगे।

कुछ वैसा ही इधर हो रहा है। मज़हबी मठाधीशों का ये कहना भी शुरू हो चुका है कि क़ुरान समझना आम आदमी के बस की बात नहीं है। रोज़ा नमाज़ करो। बाक़ी हमारे ऊपर छोड़ दो। कई लोगों को जानता हूं जिन्होंने सुबह सुबह घर/दुकान/ऑफिस आकर क़ुरान की आयतें पढ़ने के लिए तनख़्वाह पर मौलाना रखे हुए है। आपको क्या लगता है। एक लफ्ज समझे बग़ैर क्या किसी किताब का सिर्फ़ एक पन्ना भी आप पढ़ सकते है? वो भी तब जब वो किताब आपके जीवन जीने का तरीक़ा बताने वाली क़ानूनी किताब हो।

समय के अनुसार बदलते रहे हैं चुनावी मुद्दे

भारत के प्रथम चुनाव में पंडित नेहरू ने अपने भाषण में छुआछूत और जमींदारी की प्रथा मिटाने के लिए आम लोगों से अपील की थी एवं इसके लिए भरोसा भी दिलाया था। इसके अलावा महिलाओं से पर्दा प्रथा छोड़कर देश के निर्माण के काम में आगे आने की गुजारिश भी की थी। इसी तरह चुनावी मुद्दे समय और जरूरतों के अनुसार बदलते रहे। लेकिन आज विश्व जलवायु परिवर्तन, जल की कमी, मिटटी की घटती उर्वरकता, आतंक आदि वैश्विक समस्याओं से जूझ रहा है। अतः अब जीवन के लिए जरूरी पंचमहाभूत की स्थिति को देखते हुए राजनैतिक पार्टियों को चाहिए कि इन समस्याओं पर मुख्य रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए। इसके लिए आम जन को भी सरकारों के साथ अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। तभी सरकार के जो भी प्रयास जल, जंग, जमीन के संरक्षण के लिए किये जा रहे है, सफल होंगे।

क्योंकि पंचमहाभूतों के संरक्षण से ही विश्व में बढ़ रही आर्थिक असमानता।, कुपोषण, रोजगार, आदि को भी कम किया जा सकता है। इसके अलावा तकनीकी विकास से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे दैत्य तेजी से मानव कि जिंदगी में हस्तक्षेप करने वाले है। इसलिए विकास के नाम पर जो कुछ धरती ने खोया है उसको एक सुनिश्चित अनुपात में रखना मानवता के लिए बहुत जरूरी है।

आज के समय राजनैतिक पार्टियों को चाहिए कि समुद्र के किनारे बसे शहर या जल पर रोजगार के लिए निर्भर लोगों को सरकार से प्रकृति संरक्षण के लिए तेज़ी से काम करने के लिए पहल करनी चाहिए। क्योंकि लोकतंत्र तब तक ही है जब तक आम आदमी चुप है।

गुंजन मिश्र
पर्यावरणविद

आधुनिक वैज्ञानिक सोच ने अभी तक प्रकृति को ठगा है। ये उसी का परिणाम है हमने अपने बच्चों को जीवन के अधिकारों से वंचित कर दिया।

इसीलिए अगर लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए गरीबों, असहाय आदि को उस पंक्ति में लाकर खड़ा करना होगा जहां से वह शासन व्यवस्था में अपनी भागीदारी तय कर सके। तभी वसुधेव कुटुंबकम की धारणा स्थापित हो सकेगी। उदहारण के लिए आज यूक्रेन और वानातू दोनों देश इको साइड के मुद्दे पर एक हो गए है। दुनिया के किसी भी शहर में जीवंत जल का कोई प्रबंधन नहीं है।

आधुनिक वैज्ञानिक सोच ने अभी तक प्रकृति को ठगा है। ये उसी का परिणाम है हमने अपने बच्चों को जीवन के अधिकारों से वंचित कर दिया। इसलिए आज की जो आम आदमी की आवश्कताएं है उन पर भारत सरकार को ध्यान देना चाहिए। यानी हमको विकसित भारत की जगह समृद्ध भारत की तरफ आगे बढ़ना होगा तभी हम सही अर्थों में लोकतंत्र को महत्व दे पाएंगे। प्रकृति संरक्षण के लिए समय समय पर आंदोलन होते रहे, लोग अपने जीवन की आहुति देते रहे है। इसके बाबजूद अगर हम अनसुना करेंगे तो स्वामी सानंद उर्फ़ डा. जीडी अग्रवाल एवं अभी हाल ही में सोनम वांगचुक गांधी के रास्ते पर चलकर इको साइड के लिए अपना विरोध दर्ज़ करवाया। लेकिन आने वाले समय में यही विरोध एक क्रांति का रूप ले सकता है। यही कारण है कि इको साइड के कारण होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए यानी पंचमहाभूतों का संरक्षण राजनैतिक पार्टियों का मुख्य मुद्दा हो। आज की परिस्थिति में धरती पर जीवन के लिए प्राकृतिक नियमों को अपनाकर ही एक गुणवत्ता युक्त जीवन जिया जा सकता है। यही वजह है कि देश को आज 'चुनावी बांड' की नहीं बल्कि 'पर्यावरणीय बांड' की जरूरत है। नहीं तो मानव के सामने सामाजिक, आर्थिक, और प्राकृतिक परिपेक्ष्य में बहुत बड़ा संकट खड़ा हो जाएगा। इसलिए अब आम जान के मन में किसी के चुनाव जीतने हारने से बड़ा मुद्दा एक व्यवस्थित लोकतंत्र का होना। यानी हरित या ग्रीन लोकतंत्र। अब समय आ चुका है कि आम लोग अब ऐसी सरकार चाहते है जो उनकी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्राकृतिक साम्राज्य को बचा कर रखे।

ये कोई बड़ी बात नहीं कि भविष्य में लोगों को इको साईडल टैक्स के नाम पर हर्ज़ाना देना होगा। शस्य - श्यामला धरती, स्वच्छ और शुद्ध वायु व जल, अन्न धान्य, नदी, पहाड़, जंगल यही वास्तविक धन, है क्योंकि ब्रह्मांड में जो कुछ भी है वो प्रकृति का अंग है यही वजह है कि मानव शरीर भी प्राकृतिक संरचना का एक अभिन्न अंग है। इसलिए अर्थशास्त्रियों को चाहिए कि कुछ ऐसे नियम कानून बनाए जाएं जहां कृत्रिम धन को पाने के लिए हम अपने वास्तविक धन को नष्ट न करें, जो की कर रहे है। अतः वास्तव में अब वोट बैंक की राजनीति से दूर हटकर राजनैतिक पार्टियों का मुद्दा अब जीवन के आधार होना चाहिए।

सोशल फोरम

यह सच है बाकी कथा

मथुरा में यदि कुछ सच लगा तो वह यमुना है। निराला की कविता की ये पंक्तियां याद आईं, 'यमुने तेरी इन लहरों में किन अधरों की आकुल तान। पथिक प्रिया सी जाग रही है, उस अतीत के नीरव गान।' अब अतीत एक शोर है, अब कुछ भी संगीतमय या नीरव बचा नहीं है। उपर्युक्त कविता पंक्तियों के आगे है, ' बता कहां अब वह बंसीवट, कहां गए नटनागर श्याम?' यह प्रश्न मेरे मन में जोर-जोर से दस्तक दे रहा था। क्या अब कृष्ण मथुरा- वृंदावन में नहीं हैं? जहां बंशी बज रही हो, वहां लोग शोर करें तो कृष्ण क्या करें? मैं जब मंदिर में गया, बहुत शोर था। ढाई सौ रुपए लेकर कृष्ण का आसानी से दर्शन कराने वाले पुरोहित भक्तों को फंसा रहे थे। भीतर गया, एक कोने में पुरी के जगन्नाथ के रूप में 'बलराम, सुभद्रा और कृष्ण' थे। यहां से राधा बाहर हैं। मंदिर के मध्य में सफेद संगमरमर के राधा-कृष्ण थे, जो लोगों के मन में मुख्य रूप से बसे हैं। फिर कृष्ण का तीसरा रूप है द्वारकाधीश मंदिर में सिंहासन पर बैठे काले रंग के कृष्ण का। यहां कृष्ण अकेले हैं।सूरदास के एक पद में है कि कृष्ण एकबार राजपुरुष के वेश में रुक्मिणी के साथ एक शोभायात्रा में जयजयकारती प्रजा के साथ थे। गली में भीड़ थी। गोपिकाएं भी उनको देखने राधा के साथ आईं थीं। रुक्मिणी के मन में बड़ी उत्सुकता थी राधा को देखने की। कृष्ण काफी दूर खड़ी राधा को दिखाते हुए रुक्मिणी से कहते हैं- वह देखो दूर, जो गोरी स्त्री चुप खड़ी है, वह राधा है।

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

अब राधा सामान्य नागरिक थी, अपने प्रेम में खोई हुई अकेली। कृष्ण अब द्वारकाधीश के रूप में थे, भीड़ और लाव-लश्कर के साथ। रचनाकार को किसके साथ होना चाहिए? निश्चय ही उसके साथ नहीं जिसकी जयजयकार हो रही है, सिर्फ उसके साथ होना चाहिए जो अपने अकेलेपन में चुप है और व्यथा में डूबा है। सत्ता का अस्त्र हमेशा भीड़ है। सत्ता हमेशा प्रेम से, राधा से अलग कर देती है। मथुरा एक कृष्णमय नगर है। मुझे यही सच लगा, बाकी कथा है। मजेदार बात यह कि एक भद्र, पढ़ी लिखी महिला मथुरा में पूछ रही थी, 'राम जन्मभूमि कहां है?' कितना भारी दबाव है प्रचार का।

-फेसबुक वॉल से

समासों में उलझा राजनीति का व्याकरण

राजनीति के संधि-समासोंमें करण ही होता है, व्याकरण नहीं। जब एनडीए और इंडिया नहीं थे, तब भी संधि-विच्छेद और समास विग्रह होते ही थे। शत्रु राजा के आक्रमण में कोई भेदिया -प्रत्यय ऐसा मिल जाता था कि पूरे भरोसे में ही सिंहासन का विच्छेदन हो जाता था। और बाद में भेदिया प्रत्यय का भी। पता नहीं आचार्य चाणक्य के पास कौन सा चेप था कि सिकंदर के आक्रमण को रोकने के लिए सारे डॉट और डॉट कॉम को एक ही सीरीज में ला दिया। देश बना, जनता को महादेश मिला। फिर भी बलिहारी है आज के लोकतंत्र की। यही कि अब पार्टियों से टूटते -जुड़ते आवाजाही के गलियारे स्वागत- संस्कृति के नगाड़ों से गूंजते रहते हैं।

पर इन दिनों तो लगता है कि इस मौसम में बारहखड़ी के अक्षर जब- तब शिरोरेखा के खिलाफ बुलंद हैं। पाणिनी को ही बुलवा लिया जाए तो इंग्लिश-हिंग्लीश सहित भाषाई पेंचों में इतने उलझ जाएंगे कि सारे संधि- सूत्र मुंह ताकते रह जाएंगे। अलग बात है कि राजनीति के सूत्र तो संधि-विच्छेद और समास विग्रह में ही लोकतंत्र की बुनियाद रचते हैं। कब संस्कृत का शब्द वोटर से निकटता जतलाने के लिए प्राकृत-अपभ्रंश की यात्रा करते हुए ठेठ देसी बखान कर देगा। कब ट्वीटर की चिड़िया बड़बोली व्यंजना में बवाल मचा देगी। और अगले ही स्टॉप पर मन के उबाल की ऐसी फूलमती भाषा से पत्थर बरसाएगी कि पार्टी को ही किनारा पड़ेगा- 'यह उनका निजी विचार है'। पार्टी को



बीएल आच्छा
चेन्नई

यह समय अकेले चलने का नहीं है। गढ़े-उखड़े रहने का नहीं है। शेयर बाजार की तरह मौसम विज्ञान या लाइट हाऊस को प्रेडिक्ट करने का है। शतरंजी गणित में अपने खाने को सुरक्षित रखने का है।

उनसे लेना- देना नहीं, पर अपना बनाए रखना है। जो जितनी गिरी भाषा में बात कहेगा वही मीडिया का अष्टम स्वर बनेगा। अब ऐसी कचरा पंखुड़ियों को डस्टबिन में डालते- डालते कोई शहर तो स्वच्छता में नंबर वन हो जाता है, पर राजनीति का आकाश तो चैनलों में डम- डम डिगा- डिगा के साथ गगनभेदी हो जाता है। और लोकतंत्र के मंदिरों में बहसान जारी हो तो मामला ही सिरमौर हो जाता है।

चुनावी मौसम में संधि-विच्छेद के अध्याय द्वंद्वात्मक हो जाते हैं। पार्टी विच्छेद हुआ नहीं कि नई संधि दरवाजे पर मोलभाव के लिए खड़ी हो जाती है। और दो की लड़ाई में समास का फल-भोक्ता तीसरा (बहुब्रीहि समास) ही हो जाता है। कभी-कभी पति -पत्नी का योजक द्वंद्व समास घर में एका और बाहर में अलग-अलग पार्टीबाजी का बिजूका लिए लोकतंत्र को मजबूत करते जाते हैं। कई बार बरसों से जमे मूल शब्द उखड़ने का नाम नहीं लेते। महिलाओं के तो पूरे इतिहास के कच्चे चिट्ठे खोलकर रख देते हैं। फिर पलट- बुद्धि और सुलट- बुद्धि के टूल बॉक्स बन जाते हैं। कभी घिसे औजार से गाड़ी दौड़ने लगती है। कभी नए औजार का जनाधार पुरानी गाड़ी में फिट हो जाता है। ऐसे में पुरानी संधियां दिले बेचारगी के अफसाने गाने लगती हैं। कभी जन्मजात दलीय उम्मीदवार ताकता रह जाता है।

कभी बगावती तान के बावजूद पटकनी में गुत्थमगुत्था। जीत गए तो विच्छेद का सुर-भंग भी मान- मनौव्वल के बाद लौटने का स्वागत द्वार रचा जाता है। तब के बगावती टूल किट की बारूदी जबानें धमाका करती थीं। पर सारी बकरौली के बावजूद पुराने दरवाजों में लौटते ही सारा बारूद राजनीति के चेहरे का क्रीम मोइश्चराइजर बन जाता है। अजीब सा व्याकरण है। यह कैसा एलजेब्रा है कि 'ए' को 'ए स्क्वायर' करने जाओ तो हाथ मलते कुंआरे रह जाते हैं। जब बहुमत के जादुई आंकड़े के आसपास हो तो विजेता निर्दलीय भी छब्बे जी नहीं अट्ठेजी का बहुमान पा जाता है। और कहने को कि ये तो हमारे अपने ही हैं। जैसे ज्योतिष में राजभंग योग होता है वैसे संधि- विच्छेद और समास- विग्रह के लाभों का अंदरूनी गणित सिर चढ़कर बोलता है। कभी- कभी पिता-पुत्र लाल सुर्खियों में होते हैं। कभी चाचा-भतीजे। तालमेल के जोड़क सूत्र भारोत्तोलन करते रहते हैं। कभी पार्टियां टूट जाती हैं। फिर नए नामकरण। पर राष्ट्र और जन तो बरकरार रहते हैं, जैसे सरकारी बैंकों में इंडिया तो रहेगा ही। बहुत हुआ तो पार्टी के नाम के साथ ब्रेकेट में ए बी सी डी। पहले विद्वान लोग किताब का पाठ संपादन करते थे,अब राजनेता पार्टी- संपादन। और पार्टी संपादन करते- करते पार्टी का अध्यक्ष ही विरोधी किताब का पाठ बन जाता है। कहें तो अव्ययीभाव समास ही व्यय-भाव में छलांग लगा जाता है। यह समय अकेले चलने का नहीं है। गढ़े-उखड़े रहने का नहीं है। शेयर बाजार की तरह मौसम विज्ञान या लाइट हाऊस को प्रेडिक्ट करने का है। शतरंजी गणित में अपने खाने को सुरक्षित रखने का है। अकेले अपना गीत गाने का नहीं, आर्केस्ट्रा में अपना सुर ताल साधने का है। बिना आर्केस्ट्रा के न तो अपने सध पाते हैं न पब्लिक का मिजाज। राजनीति के आर्केस्ट्रा में तो धुनों का समीकरण साधना पड़ता है। पर एक-दूजे के धुर विरोधी भी पुरानी जबानों के विडियो को एक्सपायरी डेट का नहीं होने देते। मौका देखा नहीं कि पुराने विडियो से सकपका दिया।

कितना पुराना हो गया व्याकरण भी। केवल संस्कृत के शब्दों में ही संधि होती थी। बड़ी मुश्किल से हिंदी के कुछ शब्दों में तालमेल बिठाया। अब तो शब्दों के तोड़-मरोड़ में ही व्यंजना के वार-पलटवार। राजनीति के संधि-समासों में मेल-मिलाप के विशेषण भी मीडिया में सिरफोड़ शोर मचाते हैं। अब रोजमर्रा पालों की छलांग लगाते पेंचों का कोई व्याकरण बनाए तो बनाए कैसे?



पर्वतीय, पिछड़े वर्ग और मुस्लिम मतदाताओं को लेकर भाजपा, कांग्रेस व बसपा में जमकर खींचतान बीते तीन चुनावों में यही वोट बैंक तय करता रहा है जीत और हार

धर्म नगरी में अब तक छह बार भाजपा और चार मर्तबा कांग्रेस ने दर्ज की है जीत

भाजपा की हैट्रिक आसान कर सकता है चतुष्कोणीय मुकाबला

हरिद्वार संसदीय सीट

अंकुर शर्मा, हल्द्वानी

अमृत विचार : उत्तराखंड में इस बार सबसे ज्यादा धर्मनगरी हरिद्वार संसदीय सीट की चर्चा है। यहां से कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के बेटे कुंवर वीरेंद्र रावत को टिकट दिया है, तो भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को उम्मीदवार बनाया है। खानपुर क्षेत्र से निर्दलीय विधायक उमेश कुमार भी चुनाव मैदान में हैं। वहीं बहुजन समाज पार्टी ने मुजफ्फरनगर जिले की मीरापुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे जमील अहमद को मैदान में उतारा है। इस हाल में यहां मुकाबला रोचक बन गया है। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि इस सीट पर भाजपा जीत की हैट्रिक बनाती है अथवा चौतरफा संघर्ष में फंसती है।

छह विस सीटों पर भाजपा, पांच पर कांग्रेस काबिज

- हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र में आने वाली 14 विधाससभा सीटों में वर्तमान में छह पर भाजपा और पांच सीटों पर कांग्रेस का कब्जा है। दो सीटों पर बसपा तो एक पर निर्दलीय प्रत्याशी जीता था।
- 2022 के विधान सभा चुनावों में भाजपा को 38 .8 प्रतिशत, कांग्रेस को 36 .0 प्रतिशत, बसपा को 14 .1 प्रतिशत आम आदमी पार्टी को 1 .9 प्रतिशत तथा सपा को 0 .2 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे।
- हालांकि 2017 के विधानसभा चुनावों में भाजपा काफी आगे रही थी। उसे 45 .6 और कांग्रेस को 32 .4 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे। बसपा को इस चुनाव में 13 .8 प्रतिशत मत मिले थे।
- समाजवादी पार्टी भी एक बार दौड़ा चुकी है धर्म नगरी में साइकिल
- कैडर वोटों के सहारे बसपा यहां बनाती और बिगाड़ती रही है खेल

1 **कुंवर वीरेंद्र रावत**
कांग्रेस ने दिया है टिकट

2 **त्रिवेंद्र सिंह रावत**
पूर्व मुख्यमंत्री, भाजपा प्रत्याशी

3 **उमेश कुमार**
खानपुर से निर्दलीय विधायक

हरपाल साथी ने जीत की हैट्रिक का बनाया रिकॉर्ड

- हरिद्वार संसदीय सीट वर्ष 1977 में अस्तित्व में आई। पहला संसदीय चुनाव जनता पार्टी ने जीता। उस दौरान इस इलाके में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का खासा प्रभाव था।
- वर्ष 1980 में यह सीट जनता पार्टी (सेक्युलर) ने जीती लेकिन 1984 में समीकरण बदले और कांग्रेस ने विजय पताका फहराई।
- वर्ष 1987 के उपचुनाव में भी कांग्रेस का कब्जा कायम रहा। वर्ष 1989 के चुनाव में कांग्रेस ने इस सीट पर जीत की हैट्रिक लगाई।
- वर्ष 1991 में कांग्रेस से भाजपा में आए राम सिंह सैनी ने राजनीति बदल दी और यह सीट भाजपा के खाते में चली गई। हालांकि परिसीमन में बदलाव हुआ और यह सीट आरक्षित हुई। इसके बाद भाजपा के कद्दावर नेता हरपाल साथी ने लगातार तीन चुनाव जीतकर हैट्रिक का रिकॉर्ड बनाया।

उत्तराखंड बनने के बाद पहले चुनाव में सपा का खुला खाता

- वर्ष 2004 में उत्तराखंड राज्य का गठन के तुरंत बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में सपा ने हरिद्वार सीट भाजपा से छीन ली। इसके बाद नया परिसीमन हुआ और यह सीट आरक्षित से सामान्य हो गई। अल्मोड़ा से हरिद्वार पहुंचे कांग्रेस के कद्दावर नेता हरीश रावत ने यहां से 2009 में जीत दर्ज की और केंद्रीय जल संसाधन मंत्री बने। वर्ष 2014 में मोदी लहर ने इस सीट पर फिर राजनीति बदल दी। यहां से भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक को उम्मीदवार बनाया। निशंक ने भारी मतों से जीत दर्ज की और वर्ष 2019 में भी अपनी जीत का प्रदर्शन दोहराया।

देहरादून की तीन व हरिद्वार की 11 विस सीटें शामिल हैं

- हरिद्वार लोकसभा सीट में देहरादून की तीन विधानसभा सीटें डोईवाला, धर्मपुर और ऋषिकेश शामिल हैं। हरिद्वार जिले की हरिद्वार, बीएचईएल रानीपुर, ज्वालापुर, भगवानपुर, झबरेड़ा, पिरान कलियर, रूड़की, खानपुर, मंगलौर, लक्सर व हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा सीटें लोक सभा क्षेत्र का हिस्सा हैं।

2019 चुनाव का लेखा जोखा



उम्मीदवार	वोट
रमेश पोखरियाल	665,674
अंबरीश कुमार	4,06,945
अंतरिक्ष सैनी	1,73,528

2014 में किसको कितने वोट



दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	रमेश पोखरियाल	592,320
कांग्रेस	रेणुका रावत	4,14,498
बसपा	मोहम्मद इस्लाम	1,13,663



हरिद्वार से निर्वाचित सांसदों की सूची

वर्ष	सदस्य	दल
1977	भगवान दास राठौड़	जनता पार्टी
1980	जगपाल सिंह	जनता पार्टी (सेक्युलर)
1984	सुंदर लाल	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1987	राम सिंह सैनी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1989	जगपाल सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1991	राम सिंह सैनी	भारतीय जनता पार्टी
1996, 98 व 99	हरपाल सिंह साथी	भारतीय जनता पार्टी
2004	राजेंद्र कुमार बाड़ी	समाजवादी पार्टी
2009	हरीश रावत	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
2014 व 19	रमेश पोखरियाल	भारतीय जनता पार्टी

दल	उम्मीदवार	वोट
कांग्रेस	हरीश रावत	332,235
भाजपा	यतींद्रानंद गिरि	2,04,823
बसपा	शहजाद	1,81,296

2009 चुनाव के आंकड़े



बदायूं में पिछली बार गुन्नौर ने गिरा दी थी सपा की साइकिल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : लंबे समय तक बदायूं लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी का कब्जा रहा। संसदीय क्षेत्र की पांच विधानसभा सीटों में गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र में सपा को हमेशा लंबी बढ़त मिलती रही। लेकिन पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में गुन्नौर की जनता ने सपा का मजबूत किला ढहा दिया। मोदी लहर में 2014 में गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी को जहां 54 हजार मत प्राप्त हुए थे, वहीं 2019 में 96,531 मतदाताओं ने भाजपा को वोट देकर सपा का खेल खराब कर दिया। इसके चलते भाजपा प्रत्याशी संघमित्रा मौर्य ने बदायूं में कमल खिला दिया। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि गुन्नौर की जनता इस बार किस ओर अपना रुख करेगी। मुस्लिम और यादव बाहुल्य क्षेत्र होने की वजह से बदायूं जिले में सपा का दबदबा रहा है। सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव बदायूं के लोगों को अपना कुनबा बताते थे। बदायूं सीट से मुलायम सिंह के करीबी रहे सलीम इकबाल शेरवानी पांच बार सांसद रहे। वर्ष 2009 में यहां सपा दो खेमे में बंट चुकी थी तो मुलायम सिंह ने अपने भतीजे पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव को चुनाव मैदान में उतारा। उस समय बसपा की सरकार थी। बसपा से बाहुबली डीपी यादव चुनाव मैदान में थे। लेकिन चुनाव में सपा को ही जीत हासिल हुई। इसके बाद 2014 में मोदी लहर में भी धर्मेंद्र यादव ने भाजपा उम्मीदवार बागीश पाठक को 1.65 लाख वोटों के अंतर से हरा दिया था। सपा की जीत में गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र का बड़ा हाथ रहा। लेकिन, वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा का गढ़ कहे जाने वाले गुन्नौर क्षेत्र ने पार्टी को तगड़ा झटका दिया। यहां से भाजपा उम्मीदवार को 96,531 वोट मिले। हालांकि सपा उम्मीदवार धर्मेंद्र यादव को यहां एक लाख छह हजार मत मिले, लेकिन भाजपा को अपेक्षा से ज्यादा वोट मिलने की वजह से सपा को हार का सामना करना पड़ा।

- भाजपा ने डा .संघमित्रा मौर्य का टिकट काटकर दुर्विजय सिंह शाक्य को उतारा तो सपा से शिवपाल सिंह यादव करेंगे मुकाबला
- 2014 की मोदी लहर में भाजपा प्रत्याशी को गुन्नौर में मिले थे महज 54 हजार वोट पर 2019 में 96,531 वोट लेकर जीता चुनाव
- अन्य विधानसभा सीटों पर सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव और भाजपा की संघमित्रा मौर्य में चलती रही थी मामूली अंतर से हार जीत

वर्ष 2019 में विधानसभावार मिले मत

- बिसौली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा को 1,11,686, सपा को 1,06,485 और कांग्रेस को 6,711 मत प्राप्त हुए थे।
- सहसवान विधानसभा क्षेत्र से भाजपा को 95,093, सपा प्रत्याशी को 1,09,873 और कांग्रेस को 21,198 वोट मिले थे।
- बिल्सी विधानसभा में भाजपा 1,03,191 वोट, सपा को 79,751 और कांग्रेस को 9,190 वोट मिले थे।
- सदर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को 1,03,842, सपा को 89,691 और कांग्रेस को 9,698 वोट हासिल हुए थे।
- गुन्नौर विधानसभा में भाजपा को 96,531 और सपा को 1,06,159 वोट मिले थे।

सपा में शिवपाल का टिकट बदले जाने की चर्चा

बदायूं लोकसभा सीट पर सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव का मुकाबला करने के लिए मौजूदा सांसद डा .संघमित्रा मौर्य का टिकट काटकर भाजपा ने इस बार दुर्विजय सिंह शाक्य को मैदान में उतारा है। वह पार्टी के ब्रज प्रांत के अध्यक्ष हैं। भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय शाक्य सपा मुखिया अखिलेश यादव व प्रत्याशी शिवपाल यादव पर तंज कस रहे हैं, शिवपाल पहले अपने भतीजे से तो निपट लें, अपने भतीजे की तो बात कर लें, भतीजे का विश्वास जीतें, जिसने यहां फंसा दिया है। इस बीच माना जा रहा है कि सपा बदायूं लोकसभा सीट पर उम्मीदवार बदल सकती है। इस संबंध में शिवपाल यादव का कहना है कि पार्टी जो भी निर्देश देगी, उसका पालन करूंगा।

इंडिया गठबंधन के पास भ्रष्टाचार के अतिरिक्त कुछ नहीं: मोदी

वाराणसी । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि विपक्षी गुट 'इंडिया' के नेताओं के पास भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और तुष्टिकरण के अलावा देने के लिए कुछ नहीं है। प्रधानमंत्री ने ये बात रविवार को नमो एप के जरिए अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी के पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत के दौरान कहीं। प्रधानमंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ 'टिफिन बैठक' में विकास के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता को दोहराया। विपक्ष पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' घिसी-पिटी बातों पर भरोसा करता है। उनमें तर्क और तथ्य दोनों का अभाव है। विपक्षी नेताओं पास भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और तुष्टिकरण के अलावा और कुछ नहीं है। वे बस इतना ही जानते हैं। इसलिए, जब जनता उन्हें अस्वीकार करने लगती है, तो वे मोदी की आलोचना करने लगते हैं। उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टियां कभी इस बात की सराहना नहीं करेंगी कि भारत कितना आगे आ गया है। वे परिवार के लिए और परिवार द्वारा हैं। अपनी बातचीत में मोदी ने कहा कि 10 साल पहले, आपने मुझे पहली बार अपना जनप्रतिनिधि होने की जिम्मेदारी सौंपी थी।

हम भी मोदी
मेरठ में आयोजित राजग की रैली को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने संबोधित किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में भारी जोश दिखा।

भाजपा-सपा में रहती टक्कर | इस बार बसपा यादव या मुस्लिम चेहरे पर दांव लगाने की कर रही तैयारी

एटा में हर बार अटकती रही हाथी की राह

गजेंद्र चौहान, कासगंज

अमृत विचार : एटा- कासगंज लोकसभा क्षेत्र में हाथी की राह कभी आसान नहीं हो पाई। यहां बहुजन समाज पार्टी को कभी जीत नहीं मिली। हालांकि विधानसभा चुनाव में कासगंज में बसपा के प्रत्याशी को जीत मिली थी। शायद यही वजह है कि इस बार अभी तक बसपा ने लोकसभा का प्रत्याशी घोषित नहीं किया है।

बहुजन समाज पार्टी ने एटा लोकसभा क्षेत्र से कई धुरंधरों को मैदान में उतारा, लेकिन यहां की जनता ने उनको नकार दिया। कई बार प्रत्याशी घोषित होने के बाद बदलते भी रहे। लेकिन जीत हासिल नहीं हुई। इस बार यादव या मुस्लिम वर्ग से प्रत्याशी बनाए जाने की अटकलें हैं। बसपा जिलाध्यक्ष डीपी राना ने बताया कि हमने पैनल बनाकर मुख्यालय को भेज दिया है। इसमें नौ नाम शामिल किए गए हैं। अब मुख्यालय से ही निर्णय लिया जाएगा। संभवतः दो दिन में सूची आ जाएगी। उसमें एटा के प्रत्याशी का नाम शामिल होगा।

विधानसभा चुनाव में मिली थी बड़ी सफलता

- विधानसभा चुनाव में एटा- कासगंज जिले में बसपा को बड़ी सफलता मिली थी। कासगंज विधानसभा क्षेत्र से हसरत उल्ला शेरवानी, सोरों विधानसभा क्षेत्र से ममतेश शाक्य, पटियाली विधानसभा क्षेत्र से अजय यादव और एटा के अलीगंज विधानसभा क्षेत्र से अवधपाल सिंह यादव ने बसपा के टिकट पर चुनाव जीता और उस समय बसपा की सरकार प्रदेश में बनी थी। इसके अलावा वर्ष 2002 में पटियाली विधानसभा क्षेत्र से राजेंद्र सिंह चौहान ने चुनाव जीता था। वर्ष 2012 में अमापुर विधानसभा क्षेत्र से ममतेश शाक्य ने बसपा से चुनाव जीता था।

16 लाख से ज्यादा मतदाता

- इस लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। इनमें कासगंज, अमॉपुर, पटियाली, एटा और मारहरा विधानसभा सीटें शामिल हैं। इस सीट पर 7,42,422 पुरुष वोटर हैं। महिला मतदाताओं की संख्या 8,78,827 है। थर्ड जेंडर के मतदाता 46 हैं। 2019 में कुल वोटरों की संख्या 9,99,607 थी। मतदान प्रतिशत 61 .65% रहा था। एटा क्षेत्र मंट लोध, यादव और शाक्य जाति की बहुलता है।

बीते दो चुनावों का जनादेश

- 2019 लोकसभा चुनाव में एटा सीट से बीजेपी के राजवीर सिंह ने जीत हासिल की थी। उन्हें 5,45,348 वोट मिले थे। सपा के देवेंद्र यादव 4,22,678 वोट पाकर दूसरे नंबर पर रहे और आरजेएपी के सूरज सिंह 51,26 वोटों के साथ तीसरे नंबर पर रहे थे। 2014 के चुनाव में भी कल्याण सिंह के बेटे राजवीर सिंह को टिकट मिला था। उन्होंने बड़ी जीत हासिल की थी। एटा में हुए 58 फीसदी मतदान में भाजपा के राजवीर सिंह को करीब 51 फीसदी वोट मिले थे तो उनके प्रतिद्वंद्वी समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार को सिर्फ 29 फीसदी वोट मिले थे।

पहली बार पति-पत्नी एक साथ पहुंचे थे संसद

फैजाबाद के डीएम रहते श्रीराम के प्राकट्योत्सव में निभायी थी महत्वपूर्ण भूमिका

राजू जायसवाल, बहराइच

अमृत विचार: बहराइच जिले का नाता अयोध्या के रामलला के ऐतिहासिक प्राकट्योत्सव से जुड़ा हुआ है। उस समय फैजाबाद अब अयोध्या में कलेक्टर रहे केके नैयर बाद में जब बहराइच से और उनकी पत्नी कैसरगंज से चुनाव लड़ीं तो जिले की जनता ने दोनों को साथ जीत दिलाई थी। देश में पहली बार लोकसभा चुनाव में एक साथ पति और पत्नी जीतकर संसद पहुंचे थे।

अयोध्या में रामलला विराजमान हो गए हैं। जबकि बाबरी मस्जिद के लिए भी दूसरी जगह जमीन देदी गई है। भाजपा की ओर से मंदिर और मस्जिद का मुद्दा उठाया जाता था, लेकिन मंदिर और मस्जिद का हल निकलने के बाद भी इससे जुड़ी घटनाएं लोगों को अतीत में डाल रही है। लोकसभा चुनाव में एकबार पुनः मंदिर और मस्जिद के केंन्द्र में रहे फैजाबाद (अब अयोध्या) के तत्कालीन जिलाधिकारी केके नैयर ने वर्ष 1966 के आसपास विवाद को बढ़ता देख अदालत के आदेश पर बाबरी मस्जिद में

शकुंतला नैयर

केके नैयर

ताला लगवा दिया था। इसके बाद उन्होंने नौकरी से इस्तीफा दे दिया और राजनीति में उतर गए। जनसंघ पार्टी ने केके नैयर को बहराइच और उनकी पत्नी शकुंतला नैयर को कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र से टिकट दिया। दोनों को जिले की जनता ने सर आंखों पर बैठाया। इसका आलम रहा कि वर्ष 1967 में हुए लोकसभा चुनाव में बहराइच और कैसरगंज लोकसभा सीट से पति पत्नी ने एकसाथ जीत दर्ज की थी। यह एक रिकार्ड भी है कि दंपती को जिले की जनता ने एक साथ संसद भेजा।

जिले में इसका असर भी देखने को मिलता है। जिले से अधिकतर समय भाजपा या उससे जुड़ी पार्टी ही सबसे अधिक बार जीत दर्ज करने में सफल रही है।

सुर्खियों में आया जनपद

पति-पत्नी जब एक साथ एक ही जिले से चुनकर संसद में पहुंचे तो देश की राजनीति में यह मामला सुर्खियों में बन गया। देश के साथ जिले में भी लोग कहने लगे कि जनता ने भावनाओं को समझते हुए जीत दिलाई है।

विधायक भी बनी थीं शकुंतला

जिले में परिसीमन से पूर्व फखरपुर विधान सभा सीट थी। इस सीट पर भी शकुंतला नैयर ने दो बार विधान सभा चुनाव जीता था। इसके बाद वह भाजपा समर्थित सरकार में मंत्री भी बनीं। इनकी क्षेत्र में अलग ही पहचान थी।

संसद में पहले दंपत्ति थे नैयर

बहराइच से केके नैयर और कैसरगंज लोकसभा से शकुंतला नैयर ने एकसाथ लोकसभा चुनाव जीता था। वर्ष 1967 में हुए चुनाव में देश में यह पहला मौका था कि किसी जिले से पति और पत्नी को चुनाव जितवाकर उन्हे संसद भेजा गया है।

जब प्रियंका ने बदल दी थी रायबरेली की चुनावी फिजा

रमेश शुक्ल , ऊंचाहार रायबरेली

- और चौथे स्थान पर पहुंच गये थे भाजपा के अरुण नेहरू
- कांग्रेस के कैप्टन सतीश शर्मा ने दर्ज कराई थी जीत

अमृत विचार: 18 वीं लोकसभा चुनाव के संदर्भ में रायबरेली में पांचवे चरण में 20 मई को मतदान होगा। रायबरेली से लोकसभा सदस्य रहीं सोनिया गांधी राजस्थान से राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो चुकी हैं। रायबरेली में उनकी विरासत संभालने के लिए उनकी पुत्री प्रियंका गांधी की खासी चर्चा है।

अतीत के झरोखे से

कांग्रेस की तरफ से अभी तक औपचारिक रूप से रायबरेली से उम्मीदवार की घोषणा नहीं हुई है , किंतु कांग्रेस के लोगों को पूरी उम्मीद है कि प्रियंका ही रायबरेली से कांग्रेस का चेहरा होंगी। प्रियंका गांधी यदि रायबरेली से चुनाव लड़ती हैं तो यह उनके राजनैतिक जीवन का पहला चुनाव होगा। क्योंकि अभी तक प्रियंका ने कोई चुनाव नहीं लड़ा है। प्रियंका गांधी रायबरेली में 1999 से सक्रिय हैं। उनकी रायबरेली में ऐसी शुरुआत हुई थी कि आज भी यहां के लोगों के जेहन में 27 साल की प्रियंका के वो दो वाक्य याद है , जिन्होंने 1999 के लोकसभा चुनाव की पूरी फिजा ही बदल कर रख दी थी ।

बात साल 1999 के लोकसभा चुनाव की है। रायबरेली में चुनावी मुहिम ज़ोर-शोर से जारी थी। कांग्रेस के उम्मीदवार कैप्टन सतीश शर्मा मैदान में थे तो बीजेपी की तरफ़ से राजीव गांधी के चचेरे भाई और प्रियंका गांधी के चाचा अरुण नेहरू। उस वक्त 27 साल की एक महिला कांग्रेस का प्रचार कर रही थी। उन्हें देखने काफ़ी भीड़ जमा हो जाती थी। देर रात तक सभाओं में लोग घंटों इस महिला को सुनने के लिए बैठे रहते थे। अरुण नेहरू रायबरेली से पहले भी चुनाव जीत चुके थे। अरुण नेहरू की वजह से रायबरेली में बीजेपी के लिए माहौल बनता हुआ दिख रहा था। ऐसे में उस 27 साल की लड़की ने एक चुनावी रैली के बीचोबीच सवाल पूछा, "मेरे पिता जी से दग़ाबाज़ी करने वालों को आपने यहां पर घुसने कैसे दिया."उन्होंने आगे कहा, ''क्या आप उन्हें वोट देंगे जिन्होंने मेरे पिता की पीठ में छुरा घोंपा.'' इस बयान की काफ़ी चर्चा हुई और इसकी गूंज दिल्ली तक सुनी गई। दूसरे दिन अरुण नेहरू के प्रचार के लिए अटल बिहारी वाजपेयी रायबरेली पहुंचे। उन्होंने अपने भाषण में उस लड़की के बयान पर काफ़ी हल्के-फुल्के ढंग से अपनी प्रतिक्रिया दी।

अटल जी ने कहा था कि "हमने सुना कि ये किसी का इलाक़ा है। आपने इस आदमी को घुसने कैसे दिया।" इसके बाद चुनाव प्रचार काफ़ी ज़ोर-शोर से चला और कहा जाने लगा कि मुक़ाबला कांटे का हो गया है, लेकिन उस एक लाइन ने अमेठी-रायबरेली चुनाव की कहानी बदल दी थी। शुरु में कांटे की टक्कर देने वाले अरुण नेहरू चौथे नंबर पर चले गए और कांग्रेस के कैप्टन सतीश शर्मा जीत गए। कैप्टन सतीश शर्मा के लिए प्रचार करने वाली ये लड़की थीं प्रियंका गांधी।

चुनाव को लेकर लोकसभा क्षेत्रों में बढ़ाई गई सुरक्षा और सतर्कता

अतुल गर्ग और केंद्रीय मंत्री बालियान पर हमले के बाद जारी किये गये सख्त निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। भाजपा से मुजफ्फरनगर के प्रत्याशी केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ संजीव बालियान और गाजियाबाद के अतुल गर्ग पर हुए हमले के बाद कई अन्य चुनावी क्षेत्रों से भी हमले की साजिश का इनपुट मिल रहा है। इसके पीछे मतदाताओं के बीच पार्टी को बदनाम करने की विपक्ष की साजिश के साथ नाराज कार्यकर्ताओं के नाम भी सामने आ रहे हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री समेत भाजपा का शीर्ष नेतृत्व गंभीर हो गया है। शासन ने जिला प्रशासन समेत खुफिया इकाईयों को सतर्क रहकर समय रहते कार्रवाई का निर्देश दिया है।

केंद्रीय राज्य मंत्री और मुजफ्फरनगर से भाजपा प्रत्याशी डॉ संजीव बालियान के काफिले पर शनिवार को खतौली पुलिस स्टेशन क्षेत्र में मढकरीपुर गांव में रात करीब साढ़े आठ बजे पथराव में विपक्षी नेताओं की साजिश सामने आई है। इस सीट पर रालोद और भाजपा का समझौता होने से भाजपा बहुत मजबूती का दावा कर रही है। सपा ने यहां से हरेंद्र मलिक को मैदान में उतारा है। हरेंद्र और संजीव दोनों ही जाट समुदाय से हैं। इसलिए मुकाबला कांटे का माना जा रहा है। मगर, विरोधी पक्ष 19 अप्रैल को मतदान से पहले भाजपा को बदनाम करने के लिए तमाम दांव-पेच चल रहा है।

शासन को आई जिला प्रशासन की रिपोर्ट में इसे विपक्ष की साजिश बताया गया है। अराजत तत्वों और उन्हें उकसाने वालों की तलाश और धर-पकड़ तेज हो गई है। हालांकि चुनाव प्रचार के दौरान गाजियाबाद सीट से भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के साथ शुक्रवार को हुई हाथापाई और इससे पहले बागपत में भाजपा और रालोद कार्यकर्ताओं के बीच टकराव में माना जा रहा था कि आपसी नाराजगी का असर है। लेकिन बालियान पर हमला बड़ी साजिश का हिस्सा माना जा रहा है, इसमें 15 नेताओं की गाड़ियों के शीशे चकनाचूर हुए और कई लोग गंभीर हाल मे मेरठ जिला अस्पताल में भर्ती हैं। प्रत्याशी को किसी तरह से जान बचाकर निकाला गया। भाजपा प्रत्याशी डा. संजीव बालियान कहते हैं कि मढकरीपुर में साजिशन हमला किया गया है। उन्होंने इस मामले से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को भी अवगत कराया है।

- भाजपा को बदनाम करने के लिए प्रत्याशियों पर हमले की बड़ी साजिश, भाजपा का शीर्ष नेतृत्व भी गंभीर
- गाजियाबाद में अतुल गर्ग और मुजफ्फरनगर में संजीव बालियान के बाद आगे भी हमले होने की आशंका

योगी ने हमलावरों पर सख्त कार्रवाई का दिया निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा प्रत्याशी डॉ संजीव बालियान पर हुए हमले पर शासन को सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कार्यकर्ताओं से ऐसे हमलों को लकेर सतर्क रहने का संदेश भेजा है। साथ ही शीर्ष नेतृत्व को भी जानकारी दी गई है। सूत्रों के अनुसार गृह विभाग ने सभी जिलों को सतर्क रहने और खुफिया सूचनाएं समय रहते जुटाने के साथ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। ऐसे और हमले कहां-कहां हो सकते हैं, इसे चिन्हित करने और समय रहते पर्दाफाश करने को कहा गया है।

सोशल मीडिया पर पुराने वीडियो से भी निशाना साध रहा विपक्ष

लोकसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच सोशल मीडिया पर विपक्ष भाजपा नेताओं पर भीड़ के हमले का वीडियो साझा करके निशाना साध रहा है। बताने की कोशिश हो रही है कि 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करने गए भाजपा नेताओं को लोगों ने भगाया। ऐसे वीडियो साझा करते हुए आप छात्र विंग की उप्र इकाई के अध्यक्ष वंशराज दुबे ने लिखा है कि ' 'जनता गली-मोहल्लों से ही पार नहीं जाने दे रही है, चले हैं 400 पार लाने! जबकि भाजपा नेताओं पर हमले का यह वीडियो करीब छह साल पुराना दार्जीलिंग में बंगाल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहे दिलीप घोष से धक्का मुक्की और पार्टी के कार्यकर्ताओं को पीटने का है। इसका लोकसभा चुनाव 2024 से कोई संबंध नहीं है।

दो महिलाओं ने किया संसद में गोंडा का प्रतिनिधित्व

उमानाथ तिवारी, गोंडा

अमृत विचार: जनता की रहनुमाई करने में जिले की आधी आबादी काफी उदासीन रही है। महिलाओं के सशक्तीकरण व राजनीति में हिस्सेदारी बढ़ाने की वकालत जमीनी हकीकत से कोसों दूर दिखायी पड़ती है। कांग्रेस की सुचेता कृपलानी व भाजपा की केतकी सिंह को छोड़कर किसी तीसरी महिला की भागीदारी इस लोकसभा सीट पर नहीं दिखाई देती।देश की पहली महिला मुख्यमंत्री सुचेता कृपलानी की कर्मभूमि होने के बावजूद गोंडा जिले में महिलाओं की राजनीतिक हिस्सेदारी हमेशा से उपेक्षित रही है। इसके चलते ही 73 साल के इतिहास में अब तक जिले से चुनाव लड़ने वाली मात्र दो महिलाएं ही जीतकर लोकसभा सभा की दहलीज को पार कर पायी है।

देश की आजादी के बाद से अब तक 73 साल के लंबे राजनीतिक सफर में पुरुषों की तुलना में महिलाओं की भागीदारी महज चंद फीसदी रही है। 17 लोकसभा चुनावों में सिर्फ दो महिलाएं ही संसद की चौखट तक पहुंची है। वर्ष 1967 में कांग्रेस पार्टी से सुचेता कृपलानी व वर्ष 1996 में भाजपा से केतकी सिंह ने इस सीट से महिलाओं का प्रतिनिधित्व किया है। महिला अधिकारों की वकालत करने वाली राजनैतिक पार्टियां टिकट के नाम पर मुंह फेर लेती हैं। वर्ष 1967 में सुचेता कृपलानी की जीत के बावजूद कांग्रेस ने दोबारा किसी महिला को प्रत्याशी नहीं बनाया। 1996 को अपवाद को छोड़ दिया जाए तो भारतीय जनता पार्टी ने भी कभी किसी महिला को इस सीट से टिकट नहीं दिया है। वर्ष 1996 के चुनाव में भाजपा ने केतकी सिंह को टिकट इसलिए दिया था क्योंकि उनके पति बृजभूषण शरण सिंह जेल में थे और पार्टी को सहानुभूति की उम्मीद थी।

सपा ने वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में मेहनौन की तत्कालीन विधायक रहीं नंदिता शुक्ला को टिकट दिया था लेकिन मोदी लहर में वह जीत दर्ज करने में नाकाम रहीं। हालांकि इस चुनाव में उन्हे करीब 2 लाख वोट मिले थे, लेकिन पार्टी ने उन्हे दोबारा मौका नहीं दिया।

बहुजन समाज पार्टी ने भी अब तक कभी भी इस सीट पर किसी महिला को मौका नहीं दिया है। जिले के कुल 1838295 मतदाताओं में 852422 महिला मतदाता होने के बावजूद महिलाओं की हिस्सेदारी चिंताजनक दिखाई देती है। मौजूदा चुनाव में समाजवादी पार्टी के सिंबल पर श्रेया वर्मा चुनाव मैदान में है जबकि सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा ने वर्तमान सांसद कीर्तिवर्धन सिंह को तीसरी बार चुनाव मैदान में उतारा है।


सुचेता कृपलानी। फाइल फोटो

केतकी सिंह।

कब कौन बना सांसद

वर्ष	सांसद	पार्टी	वर्ष	सांसद	पार्टी
1951	चौधरी हैदर हुसैन	कांग्रेस	1991	बृजभूषण शरण सिंह	भाजपा
1957	दिनेश प्रताप सिंह	कांग्रेस	1996	केतकी सिंह	भाजपा
1962	राम रतन गुप्ता	कांग्रेस	1998	कीर्तिवर्धन सिंह	सपा
1967	सुचेता कृपलानी	कांग्रेस	1999	बृजभूषण शरण सिंह	भाजपा
1971	कुंवर आनंद सिंह	कांग्रेस	2004	कीर्तिवर्धन सिंह	सपा
1977	सत्यदेव सिंह	जनता पार्टी	2009	बेनी प्रसाद वर्मा	कांग्रेस
1980	कुंवर आनंद सिंह	कांग्रेस	2014	कीर्तिवर्धन सिंह	भाजपा
1984	कुंवर आनंद सिंह	कांग्रेस	2019	कीर्तिवर्धन सिंह	भाजपा
1989	कुंवर आनंद सिंह	कांग्रेस			



गोंडा में विधानसभा वार मतदाताओं की संख्या

विधानसभा	कुल मतदाता	महिला	पुरुष	अन्य
मेहनौन	378547	175126	203414	07
गोंडा सदर	360423	168753	191639	31
मनकापुर	338771	158730	180035	00
गौरा	333641	154046	179588	07
उतरौला	426913	195767	231116	30
योग-	1838295	852422	985846	75

कुशीनगर से लड़ेंगे स्वामी प्रसाद

राज्य ब्यूरो लखनऊ

- राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी शीघ्र घोषित करेगी और प्रत्याशी

अमृत विचार: राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य कुशीनगर से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। इंडिया गठबंधन में शामिल रहने के बावजूद सीटें न मिलने पर पार्टी ने रविवार को कुशीनगर व देवरिया सीट के लिए प्रत्याशी घोषित किया। हालांकि बाद में देवरिया सीट पर प्रत्याशी बनाए गए एसएन चौहान का टिकट निरस्त कर दिया गया। इस बीच पार्टी प्रमुख मौर्य गाजीपुर पहुंचकर मुख्तार अंसारी के परिजनों से मुलाकात की और शोक संवेदना व्यक्त की।

आरएसएसपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने रविवार को सोशल मीडिया मंच ''एक्स'' के जरिए चुनाव लड़ने की घोषणा की। वह इंडिया गठबंधन से अलग कुशीनगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी के अन्य प्रत्याशियों के नामों की घोषणा शीघ्र की जाएगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के गठन 22 फरवरी से लेकर निरंतर इंडिया गठबंधन को जिताने और मजबूत बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने देशवासियों से संविधान बचाओ-भाजपा हटाओ, लोकतंत्र बचाओ-भाजपा हटाओ, देश बचाओ-भाजपा हटाओ।'' अपील भी की। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन में शामिल यूपी की दोनों बड़ी पार्टियों के नेताओं से वार्ता भी हुई, उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप पांच नामों की सूची भी भेजी। वह प्रतीक्षा करते रहे कि उस पर निर्णय कर इन्ही दोनों पार्टियों की ओर से तय किये गये नामों की घोषणा भी हो, पर घोषणा नहीं हुई।

हर चुनाव में दलीय निष्ठा बदलती रही श्रावस्ती लोकसभा की जनता

पिछले तीन चुनाव में कांग्रेस, भाजपा और बसपा को दिया मौका

लालजी सिंह, बलरामपुर

अमृत विचार: वर्ष 2009 में परिसीमन के बाद अस्तित्व में आई श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र की जनता ने हर बार अपनी दलीय निष्ठा बदली है। पिछले तीन लोकसभा चुनाव में यहां की जनता कांग्रेस, भाजपा तथा बसपा को मौका दिया था ।इस बार अभी तक केवल भाजपा ने अपना पत्ता खोला है। इंडिया गठबंधन तथा बसपा के लोग अभी तक प्रत्याशी की घोषणा नहीं कर पाए हैं।

वर्ष 2009 में बलरामपुर लोकसभा का अस्तित्व खत्म कर महात्मा बुद्ध की तपोस्थली श्रावस्ती के नाम से नया लोकसभा क्षेत्र बनाया गया था। इस लोकसभा क्षेत्र में श्रावस्ती जनपद की दो विधानसभा श्रावस्ती पूर्व नाम इकौना तथा भिनगा और बलरामपुर के तीन विधानसभा बलरामपुर सदर, तुलसीपुर और गैंसड़ी शामिल हैं।

वर्ष 2009 के चुनाव में कांग्रेस के डॉक्टर विनय कुमार पांडेय के ऊपर इस क्षेत्र की जनता ने अपना विश्वास जताया और उन्हें अपना सांसद बनाया। उन्होंने सपा के रुवाब सईदा को हराया था । वर्ष 2014 के चुनाव में बाहुबली माफिया अतीक अहमद को हराकर भाजपा के दद्दन मिश्रा ने यह सीट भाजपा के खाते में डाल दी। वर्ष 2019 के चुनाव में दद्दन मिश्रा अपना पुराना इतिहास नहीं दोहरा पाए। उन्हें सपा बसपा गठबंधन के प्रत्याशी बसपा के राम शिरोमणि वर्मा के हाथों मामूली मतों से हार का सामना करना पड़ा। इस सीट पर हिंदू मतों में ब्राह्मण, कुर्मी और दलित वोटों का वर्चस्व है।

यह तीन लोग लड़ाई में निर्णायक साबित होते हैं। क्षेत्र में मुस्लिम मतदाताओं की आबादी भी करीब 20% है। वोटों के ध्रुवीकरण में इनकी भी भूमिका महत्वपूर्ण रहती है। भाजपा को छोड़ अन्य दलों के प्रत्याशी मुस्लिम मतदाताओं को अपनी तरफ करने का हर संभव प्रयास करते हैं।

दद्दन मिश्रा।

राम शिरोमणि वर्मा।

चुनाव परिणाम

वर्ष 2009
1-डा. विनय कुमार पांडेय - कांग्रेस — कुल प्राप्त मत-201556
2-रिजवान जहीर - बसपा — कुल प्राप्त मत-159527

वर्ष 2014
1-दद्दन मिश्रा- भाजपा — कुल प्राप्त मत-345964
2-अतीक अहमद - सपा — कुल प्राप्त मत-260051

वर्ष 2019
1-राम शिरोमणि वर्मा - बसपा — कुल प्राप्त मत-441771
2-दद्दन मिश्रा - भाजपा — कुल प्राप्त मत-436451

भाजपा का प्रत्याशी घोषित, विपक्ष में अभी चुप्पी

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने एमएलसी साकेत मिश्रा को श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित कर दिया है। साकेत मिश्रा पूर्व प्रशासनिक अधिकारी नृपेन्द्र मिश्रा के बेटे हैं। नृपेंद्र मिश्रा वर्तमान में अयोध्या राम तीर्थ निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं । साकेत मिश्रा पिछले 5 सालों से लोकसभा क्षेत्र में लगातार बने रहकर लोगों का काम करते रहे ।इंडिया गठबंधन में यह सपा के खाते में है। सपा और बसपा ने अभी तक यहां से प्रत्याशी घोषित नहीं किया है।

सीट

लोकसभा क्षेत्र में विधानसभावार मतदाता



2-तुलसीपुर
पुरुष-203276
महिला-174322
अन्य-17
कुल मतदाता-377615

1-बलरामपुर सदर
पुरुष-225626
महिला-193405
अन्य-00
कुल मतदाता-419026

4- श्रावस्ती
पुरुष-222338
महिला-198809
अन्य-14
कुल मतदाता-421161

3-गैंसड़ी
पुरुष-192888
महिला-168801
अन्य-19
कुल मतदाता-361708

5-भिनगा
पुरुष-210270
महिला-183143
अन्य-02
कुल मतदाता-393415

सपा व कांग्रेस सरकारों के समय क्षेत्र ने कर्फ्यू की यातनाओं को झेला

चुनाव स्वार्थी परिवार बनाम मोदी परिवार का है: योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरठ की चुनावी रैली में कहा कि यह चुनाव सिर्फ चुनाव नहीं है, बल्कि उन लोगों को फिर से सही जगह दिखाने का है, जिन लोगों ने सामाजिक तानेबाने को छिन्न-भिन्न करने का कार्य किया है।

यह चुनाव फैमिली फर्स्ट बनाम नेशन फस्ट, माफियाराज बनाम कानूनराज, भ्रष्टाचार बनाम जीरो टॉलरेंस, तुष्टिकरण बनाम सबका साथ-सबका विकास, स्वार्थ के परिवार बनाम मोदी के परिवार, जातिवाद बनाम गरीब कल्याण के बीच का है। योगी ने कहा कि एक तरफ विकास को लेकर चलने वाली सरकार है तो दूसरी तरफ हजार षडयंत्र करने वाले नापाक गठबंधन के लोग तमाम तरह के भ्रम की आवाज पैदा कर रहे हैं। तय करना है कि कर्फ्यू चाहिए या कांवड़ यात्रा। योगी ने कहा कि इस क्षेत्र में 10 वर्ष के अंदर काफी परिवर्तन हुआ है। कांग्रेस व सपा सरकारों के समय इस क्षेत्र ने दंगा पॉलिसी व कर्फ्यू की यातनाओं को झेला है। जब भी समाज को जाति और परिवारवादियों के माध्यम से बांटने की चेष्टा होगी तो उसका फायदा दंगावादी लोग उठायेंगे।

चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न किसानों का सम्मान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को ''भारत रत्न'' मिलना किसानों का सम्मान है। यूपी व देश का किसान इसके लिए पीएम के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता है। सीएम ने आह्वान किया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में 2014, 2017, 2019 और 2022 में आपने एनडीए गठबंधन को आशीर्वाद दिया है। एक बार फिर आपका आशीर्वाद 2024 में हमें प्राप्त हो। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी, अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, निषाद पार्टी के अध्यक्ष व प्रदेश सरकार के मंत्री डॉ. संजय निषाद, सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश सरकार के मंत्री ओमप्रकाश राजभर, मेरठ के सांसद राजेंद्र अग्रवाल, बागपत के सांसद सत्यपाल सिंह, राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी, मेरठ से भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल, कैराना से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी, मुजफ्फरनगर से भाजपा प्रत्याशी संजीव बालियान, बिजनौर से एनडीए प्रत्याशी चंदन चौहान, बागपत से राजकुमार सांगवान आदि मौजूद रहे।

मोदी प्रधानमंत्री नहीं होते तो चरण सिंह को भारत रत्न नहीं मिलता : जयंत चौधरी

मेरठ। राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य जयंत चौधरी ने रविवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मंच साझा करते हुए उनकी जमकर सराहना की और कहा कि अगर नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री नहीं होते तो चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न नहीं मिलता। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के साथ रविवार को मेरठ में एक रैली को संबोधित कर लोकसभा चुनाव अभियान की शुरुआत की जिसमें रालोद प्रमुख जयंत चौधरी भी शामिल हुए।

पहले चरण के लिए मतदान की तैयारी शुरू

लखनऊ, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के पहले चरण की आठ सीटों पर मतदान के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने तैयारी तेज कर दी है। आयोग ने स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए मतदान केंद्रों पर अर्धसैनिक बलों की तैनाती की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान होना है। इस सिलसिले में जिला निर्वाचन अधिकारियों को समुचित तैयारी के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराया जा रहा है। अब तक सार्वजनिक व निजी स्थानों से कुल 52,64,709 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई है।

कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश के लिए घोषित किये 40 स्टार प्रचारक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सूची में मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी व प्रियंका गांधी शामिल

अमृत विचार: कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए 40 स्टार प्रचारक घोषित किए हैं। प्रचारकों में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी प्रियंका गांधी समेत पार्टी के अन्य नेताओं के नाम शामिल हैं।पार्टी की ओर से रविवार को प्रचारकों की सूची जारी की गई।

अन्य प्रचारकों में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, नेता विधान मंडल दल आराधना मिश्रा 'मोना', सलमान खुर्शीद, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार, सुखबीर सिंह सुक्खू, डीके शिवाकुमार, अशोक गहलोत, दिग्विजय सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, हरीश रावत, सचिन पायलट, प्रमोद तिवारी, राजीव शुक्ला, इमरान प्रतापगढ़ी, दीपेंद्र

सिंह हुड्डा, रंजीत रंजन, प्रदीप जैन आदित्य, निर्मल खत्री, राज बब्बर, बृजलाल खाबरी, अजय कुमार लल्लू, पीएल पुनिया, इमरान मसूद, मीम अफजाल, नदीम जावेद, सुप्रिया श्रीनेत, धीरज गुर्जर, प्रदीप नरवाल, तौकीर आलम, राजेश तिवारी, सत्यनारायण पटेल, नीलांशु चतुर्वेदी व अल्का लांबा शामिल हैं।

धर्मांतरण के लिए जा रहे 110 लोगों को पुलिस ने पकड़ा

50 हजार रुपये, नौकरी का झांसा देकर उन्नाव के चर्च लेकर जा रहे थे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बजरंग दल की सूचना पर पुलिस ने गंगा बैराज से दो बसों को पकड़ा
- पीड़ित की तहरीर पर नवाबंगज थाने में दर्ज की गई एफआईआर

अमृत विचार: बजरंग दल कार्यकर्ताओं की सूचना पर नवाबगंज पुलिस ने शनिवार देर रात शहर के अब तक के सबसे बड़े धर्मांतरण का खुलासा किया है। व्यापार, नौकरी, पैसा, इलाज का झांसा देकर धर्मांतरण के लिए उन्नाव, नवाबगंज स्थित चर्च ले जाए जा रहे 110 लोगों को गंगा बैराज पर पुलिस ने पकड़ा। ये दो बसों में सवार थे।

मूलरूप से बदायूं के खौसार गांव निवासी संजय बाल्मीकि पत्नी संगीता व बच्चों के साथ अर्मापुर सर्वेंट क्वार्टर में रहते हैं। उन्होंने बताया कि आवास विकास कल्याणपुर निवासी साइमन विलियम व विष्णुपुरी निवासी दीपक मोरिस ने उनके परिवार को बहला-फुसला कर कहा कि अगर तुम क्रिश्चियन बन जाओ तो तुम्हारी सारी परेशानी दूर हो जाएंगी। साइमन व दीपक मोरिस ने उनकी पत्नी व बच्चों को बहका दिया, जिससे वह उनसे अलग रहने लगे। संजय के मुताबकि आरोपी उस पर भी क्रिश्चियन धर्म अपनाने का दबाव बना रहे हैं। इसके बदले नौकरी व 40 से 50 हजार रुपये दिए जांएगे। शनिवार देर रात संजय समेत 110 लोग दो प्राइवेट बसों से उन्नाव जिले के नवाबगंज स्थित चर्च में धर्म परिवर्तन के लिए ले जाए जा रहे थे। जिसकी जानकारी संजय ने बजरंग दल महानगर प्रमुख कृष्णा तिवारी को दी। सूचना पर पुलिस ने गंगा बैराज पर चेकिंग शुरू करके दोनों बसों को पकड़ लिया। बसों में सवार लोगों से पूछताछ करने पर सामने आया कि नवाबगंज, अर्मापुर आदि कई जगहों से लोगों को एकत्रित कर धर्मांतरण के लिए उन्नाव स्थित चर्च ले जाया जा रहा था। संजय की तहरीर पर पुलिस ने साइमन विलियम और दीपक मोरिस के खिलाफ धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम की धारा के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में लिया।

थाने में हंगामा कर आरोपियों को छुड़ाया

बजरंग दल के पदाधिकारी कृष्णा तिवारी का आरोप है कि नवाबगंज पुलिस ने आरोपियों को थाने से छोड़ दिया। बताया कि पुलिस ने साइमन और दीपक मोरिस को हिरासत में लिया था, लेकिन देर रात ईसाई धर्म के लोगों ने थाने पर हंगामा किया। हंगामें के बाद नवाबगंज पुलिस दोनों को थाने से नोटिस देकर छोड़ दिया। थाना प्रभारी दीनानाथ मिश्रा ने बताया कि जमानतीय धाराओं में रिपोर्ट होने के चलते दोनों को थाने से छोड़ा गया है।

तीन प्रदेशों के राज्यपाल ने रामलला के दरबार में लगाई हाजिरी

अयोध्या, अमृत विचार : भव्य राम मंदिर में दर्शन पूजन करने के लिए रविवार को गुजरात, सिक्किम और मेघालय के राज्यपाल अयोध्या पहुंचे। तीनों ही रामलला के दर्शन कर भाव विभोर हो उठे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने स्वागत किया तो पुजारी ने रामनामी ओढ़ाकर प्रसाद भेंट किया। प्राण प्रतिष्ठा के बाद से श्रद्धालु ही नहीं अलग-अलग राज्यों के मुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्रियों का प्रतिनिधिमंडल अयोध्या पहुंच दर्शन पूजन कर चुका है। अब राज्यों के राज्यपाल भी अयोध्या दर्शन को पहुंच रहे हैं। रविवार को सबसे पहले मेघालय के राज्यपाल राज्यपाल फागू चौहान अपने पैतृक आवास आजमगढ़ से सड़क मार्ग से अयोध्या पहुंचे और रामलला का दर्शन किया।

उसके बाद सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य एयरपोर्ट से सीधे सर्किट हाउस पहुंचे। फिर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय श्रीराम एयरपोर्ट पर पहुंचे। प्रोटोकॉल के तहत दोनों राम जन्मभूमि परिसर पहुंचे और रामलला का दर्शन पूजन किया।

नर्स परामर्श कार्यक्रम के संचालन पर रोक, मेंटरों की संविदा समाप्त

कार्यालय संवददाता, कानपुर

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक ने जारी किया आदेश

अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 और वर्ष 2025-26 में प्रदेश में नर्स परामर्श कार्यक्रम के संचालन पर रोक लगा दी है। साथ ही नर्स मेंटर की संविदा भी समाप्त कर दी है। हालांकि यह नर्स मेंटर अब एक अप्रैल से स्टाफ नर्स के रूप में कार्य करेंगी। उन्हें सिर्फ स्टाफ नर्स का ही मानदेय दिया जाएगा। अलग से परामर्श कार्यक्रम का अतिरिक्त मानदेय अब नहीं मिलेगा।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने सीएमओ डॉ.आलोक रंजन को पत्र जारी किया है, जिसमें कहा कि कानपुर समेत प्रदेश के 75 जिलों के ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य इकाइयों में नर्स मेंटर कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। ब्लॉक स्तरीय चिकित्सा इकाइयों में नामांकन के आधार पर संविदा स्टाफ नर्स से नर्स मेंटर के रूप में नामित व सीधी भर्ती के माध्यम से कार्यरत हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 और वर्ष 2025-26 के लिए भारत सरकार से प्राप्त निर्देशों में नर्स मेंटरिंग कार्यक्रम के संचालन की स्वीकृति नहीं दी गई है। इसलिए नर्स मेटरिंग कार्यक्रम का संचालन 31 मार्च के बाद नहीं किया जाएगा। सीधी भर्ती से कार्यरत नर्स मेंटर व स्टाफ नर्स से नामित नर्स मेंटर के मद में किसी भी प्रकार का व्यय नहीं किया जाएगा। सीएमओ के मुताबिक शासन से निर्देश मिला है कि सीधी भर्ती के माध्यम से कार्यरत संविदा नर्स मेंटर का 31 मार्च के बाद नवीनीकरण नहीं किया जाए। मतलब 31 मार्च 2024 से इनकी संविदा समाप्त हो जाएगी। संविदा नर्स मेंटर से कोई भी कार्य नहीं लिया जाएगा और एक अप्रैल से इस मद में किसी भी प्रकार का व्यय भी नहीं किया जाएगा।

सार-संक्षेप

5 से मुम्बई, पुणे के लिए चलेंगी समर स्पेशल ट्रेनें

लखनऊ, अमृत विचार : ग्रीष्मकाल में ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर साप्ताहिक व पुणे-गोरखपुर साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन स्पेशल वाया लखनऊ होकर चलायेगा। ट्रेन नंबर 01123 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक स्पेशल 05 अप्रैल से 28 जून तक प्रत्येक शुक्रवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से दोपहर 12:15 बजे रवाना होकर ठाणे, कल्यान, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, खण्डवा, दूसरे दिन इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं., उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ दोपहर 1:45 बजे, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर शाम 6:55 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में ट्रेन नंबर 01124 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस साप्ताहिक 06 अप्रैल से 29 जून तक प्रत्येक शनिवार को गोरखपुर से रात्रि 9:15 बजे रवाना होकर दूसरे दिन लखनऊ तड़के 2:55 बजे, तीसरे दिन लोकमान्य तिलक टर्मिनस 7:25 बजे पहुंचेगी।

होली के एक हफ्ते बाद भी ट्रेनों में भीड़

लखनऊ, अमृत विचार : होली में घर आए लोगों को लौटने के लिए ट्रेनों में सीटें नहीं मिल पा रही हैं। नियमित के साथ विशेष ट्रेनों में भी वेटिंग चल रही है। रविवार को लखनऊ से दिल्ली जाने वाली सभी ट्रेनों में लंबी वेटिंग रही। वेटिंग टिकट के साथ यात्री रेलवे कर्मचारियों से सीट की फरियाद करते नजर आए। लखनऊ मेल के स्लीपर में 150, थर्ड एसी में 75 वेटिंग पहुंच गई है। एसी एक्सप्रेस के थर्ड एसी में 76 और गोमती के चेयरकार में 57 वेटिंग दिख रही है। त्योहार मनाकर लौटने वालों की भीड़ चारबाग और लखनऊ जंक्शन पर नजर आई। आलम यह है कि मुंबई जाने वाली ट्रेनों में एक, दो और तीन अप्रैल को वेटिंग 186 पहुंच गई है। दिल्ली की ट्रेनों में भी लंबी वेटिंग है।

चिकित्सीय कार्यक्रमों में अब शराब नहीं पी सकेंगे डॉक्टर

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग की ओर से देशभर में जारी हुआ दिशा निर्देश
- कांफ्रेंस, सेमिनार, सीएमई व अन्य विविध आयोजन में शराब पर रोक

अमृत विचार: चिकित्सा क्षेत्र में होने वाली काफ्रेंस, सेमीनार, सीएमई या अन्य पार्टियों में डॉक्टर खुलेआम शराब का सेवन नहीं कर सकेंगे। क्लीनिक्स व कॉकटेल पार्टियों से परहेज कर, जनसामान्य को शराब व तम्बाकू आदि उत्पादों से होने वाले नुकसान से जागरूक करेंगे। यह निर्देश रविवार को दिल्ली से स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.अतुल गोयल ने जारी किये हैं।

स्वास्थ्य महानिदेशक ने निर्देश में स्पष्ट किया है कि शराब व तम्बाकू आदि संबन्धित उत्पाद जनसामान्य की सेहत के लिए नुकसानदायक हैं। इनके सेवन से लिवर सिरोसिस, कैंसर, हेमोरेजिक स्ट्रोक आदि गंभीर बीमारियां बढ़ रहीं हैं। 63 प्रतिशत लोगों की मौत गैर संचारी (नॉन कम्यूनिकेबिल डीजीज) से हो रही है। इन कारणों से हो रही मौतों की रोकथाम के लिए शराब व अन्य संबन्धित उत्पादों से नुकसान के प्रति समाज में जागरूकता जरूरी है। इसके लिए चिकित्सा स्वास्थ्य से जुड़े लोगों को आगे आना होगा। डॉ.अतुल गोयल कहा कि पहले चरण में डॉक्टरों को आगे आना होगा। उन्हें स्वस्थ दिनचर्या के प्रति लोगों को जागरूक करना होगा। चिकित्सकों के बाद, स्वास्थ्य क्षेत्र से संबद्ध दूसरे संवर्ग के लोगों को भी जिम्मेदारी निभानी होगी।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन लखनऊ शाखा के पूर्व अध्यक्ष डॉ.पीके गुप्ता ने केन्द्रीय मंत्रालय का कदर सराहनीय है। ये अच्छा प्रयास है, बेहतर स्वास्थ्य के लिए चिकित्सक को समाज में आदर्श माना जाता है। चिकित्सक संवर्ग व्यसनों से दूर होगा तभी समाज पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। लोगों की शराब से दूरी बढ़ेगी।

भाजपा सांस्कृतिक, सामाजिक व व्यवसायिक वर्गों से करेगी संवाद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भाजपा ने रविवार को आयोजित विशेष सम्पर्क अभियान की बैठक में विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक व व्यवसायिक वर्गों में सेमिनार से टू-वे डॉयलाग और सम्पर्क से संवाद की कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया।

भाजपा विशेष सम्पर्क अभियान के तहत शिक्षक, चिकित्सक, अधिवक्ता, शिक्षण संस्थान प्रमुख, व्यवसायिक केन्द्र, व्यापारी, सामाजिक संगठनों के प्रमुख, अवकाश प्राप्त अधिकारी, पूर्व सैनिक, उद्योगपति, सीए, प्रवासी भारतीय, साहित्यकार, कवि, धार्मिक अध्यात्मिक प्रमुख, प्रबुद्ध वर्ग सहित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व व्यवसायिक क्षेत्रों से जुडे. लोगों के साथ सम्पर्क करेगी तथा सेमिनार के माध्यम से संवाद स्थापित करेगी।

राज्य मुख्यालय पर हुई बैठक में लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश सह संयोजक व सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि भाजपा सतत सम्पर्क व संवाद के माध्यम से सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के मंत्र के साथ लगातार जनता के बीच है। प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाएं, ऐतिहासिक निर्णय, विकसित भारत का संकल्प तथा देश की आन्तरिक व वाह्य सुरक्षा की सुदृढ़ व्यवस्था के 10 वर्षों का लेखा-जोखा लेकर प्रत्येक व्यक्ति व प्रत्येक वर्ग के बीच पहुंचना है। उन्होंने कहा कि देश नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आर्थिक सम्पन्नता के साथ विश्व का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। इस दौरान अभियान के सहसंयोजक डा. अभयमणि त्रिपाठी, एमएलसी उमेश द्विवेदी, पवन चौहान, महंत दिव्यागिरि सहित प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजक व सहसंयोजक उपस्थित रहे।

अभियान के प्रदेश संयोजक ओम प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि प्रत्येक लोकसभा स्तर पर विशेष सम्पर्क अभियान के लिए 1100 सदस्य चयनित किये गए है। जो अपने-अपने सम्पर्क वर्ग में अपनी टोली बनाकर केन्द्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों का पत्रक लेकर सम्पर्क करेंगे। भाजपा ने तीनों सह प्रभारियों संजीव चौरसिया, संजय भाटिया व रमेश बिधूड़ी के बीच कार्य का बंटवारा किया है। संजीव चौरसिया को अवध व कानपुर क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है।

भाजपा के राज्य मुख्यालय पर रविवार को आयोजित विशेष संपर्क अभियान की बैठक को संबोधित करते मंत्री जेपीएस राठौर। ● अमृत विचार

- सेमिनार से टू-वे डॉयलाग और सम्पर्क से संवाद की कार्ययोजना को दिया गया अंतिम रूप

वर्ग पहेली-26

बाएं से दाएं

1.1. बाजा बजवाने का कार्य या भाव 2. वह मज़दूरी जो किसी से बाजा बजवाने के बदले में दी जाती है।

2. आवश्यक शारीरिक क्रियाओं को बनाए रखने के लिए उत्तरदायी संभावित क्षमता, (रिज़र्व)।

5.1. संपत्ति, जायदाद, मिलकियत

7. छटांक भर तौल का एक बाट या बटखरा।

8.1. महीने का आधा भाग, पंद्रह दिन का समय, अर्धमास, (फोर्टनाइट) 2. चंद्रमास का शुक्ल या कृष्ण पक्ष।

ऊपर से नीचे

1.1. अग्रिम, पेशगी, (एडवांस) 2. झाड़ू।

2. छोटा संदूक, छोटा बकस।

3. तिरहुत में गाया जाने वाला एक तरह का गीत।

4. अमरीका से संबंधित, अमरीका का।

6.1. आरोप, दोष, कलंक 2. निशान, चिह्न 3. दाग, धब्बा।



वर्ग पहेली -25 का हल

1 क	ढ़	ना			2 झाँ	3 क
			4 दै			टा
	5 ठ	ग	वा	ना		स
6 पें			क		7 था	
ग		8 प	रि	9 घा	ती	
		छा		ट		
10 भा	ग	ड़			11 दो	ही

सुडोकू -105

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

				6		4		
4	7	8	1			9		
			2		4			
6							2	
3		7				5		8
	2		8		7		1	
			9					
		9			6		7	
		5		4				

सुडोकू -104 का हल

1	3	9	7	6	5	4	8	2
2	7	8	4	1	3	5	9	6
4	6	5	2	9	8	1	7	3
7	9	2	6	5	4	8	3	1
8	5	1	9	3	7	2	6	4
3	4	6	8	2	1	9	5	7
5	8	3	1	7	2	6	4	9
6	1	4	3	8	9	7	2	5
9	2	7	5	4	6	3	1	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 अप्रैल, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 21.09 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-मूल 23.12 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

मेष — आज पेट से संबंधित कोई समस्या परेशान जरूर करेगी लेकिन यदि आप अपने आहार पर ध्यान रखेंगे तो स्वस्थ रहेंगे। आपको अपना मन हमेशा शान्त रखना चाहिए। साथ ही प्रेम संबंधों में अपने जिद्दी स्वभाव को लचीला बनाएं।

वृष — आज कई महत्वपूर्ण कार्य गति में आ सकती हैं। पिता की आज्ञा का अनुसरण अवश्य करें। आप प्रतिदिन बाहर जाते हैं और खुद ड्राइविंग करते हैं तो कृपया आज के दिन खुद ड्राइविंग करने से बचें और हो सके तो सार्वजनिक वाहन से यात्रा करें।

मिथुन — आज कॉलेज के छात्र अपने लिए कुछ नए क्षेत्रों को देखेंगे और उन पर काम करने का विचार करेंगे। किसी करीबी रिश्तेदार का सहयोग भी लिया जा सकता है। बैंकिंग और मीडिया से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन विशेष रूप से शुभ है।

कर्क — आज अहंकार को अपने ऊपर हावी ना होने दें। परिवार में किसी की कोई बात आपको बुरी लग रही है तो उनसे खुलकर बात करें अन्यथा दूरियां बढ़ जाएगी। यदि आपने धैर्य से काम लिया तो बात संभल जाएगी। मित्र हर कीमत पर आपकी मदद करना चाहेंगे।

सिंह — आज यदि आपने कहीं से लोन लिया हुआ है तो वहां से समस्या उत्पन्न होगी। परिवार में भी कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ेगा जिसका हल जल्दी नहीं निकल पाएगा। उच्च अधिकारी आपके ऊपर प्रसन्न रहेंगे।

कन्या — आज गले से संबंधित कोई समस्या परेशान कर सकती है। शरीर में विटामिन की कमी भी होगी जिस कारण आलस छाया रहेगा। ऐसे में जूस इत्यादि पौष्टिक चीजों का सेवन करते रहें। शेयर मार्केट में निवेश लाभप्रद सिद्ध होगा। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन सराहनीय रहेगा।

तुला — आज मानसिक रूप से एक दम स्वस्थ रहेंगे और पहले से ज्यादा ऊर्जावान महसूस करेंगे। दोपहर के समय नए-नए विचारों का मन में समावेश होगा तथा प्रसन्नता छाई रहेगी। प्रेमी जन आपके प्रति आकर्षित रहेगा। वित्तीय स्थिति काफी अच्छी रहेगी।

वृश्चिक — आज यदि आप स्कूल या कॉलेज में हैं तो आज के दिन मन पढ़ाई में कम और अन्य कामों में ज्यादा लगेगा। आप अपनी रुचि के अनुसार काम करेंगे। धार्मिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। विदेशी संस्थानों में शिक्षा को उत्सुक विद्यार्थियों के लिए सप्ताह शुभ है।

धनु — आज यदि आपने कहीं पैसा निवेश कर रखा है तो उस ओर नज़र बनाए रखें क्योंकि वहां से अचानक से धन लाभ मिलेगा। भूमि संबंधी सौदे में आश्चर्यजनक रूप से नए अवसर हाथ में आएंगे। अधूरे काम आसानी से पूर्ण हो जायेंगे।

मकर — आज घर में किसी सदस्य के विवाह की बात चल सकती है और कहीं से उनके लिए एक अच्छा रिश्ता भी आएगा जिस कारण सभी का मन आनंदित रहेगा। बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए योजना बनायेंगे। जीवनसाथी के साथ एकान्त में अच्छा समय बितायेंगे।

कुंभ — आज के दिन जीवनसाथी पर ध्यान देने की आवश्यकता है। रिश्तों में थोड़ी कड़वाहट जरुर आएगी लेकिन यदि आपने संयम और धैर्य से काम लिया तो वह जल्दी ही सुलझ जाएगी। कोई सुखद समाचार आपको प्राप्त होगा।

मीन — आज कहीं रिश्ते की बात चल रही है तो संभल कर रहें क्योंकि किसी मित्र के द्वारा उसमे दरार डालने का प्रयास किया जाएगा जिस कारण बात बिगड़ भी सकती है। युवा जातक नया उद्यम करने की योजना बना सकते हैं। अपने सहयोगियों पर पूर्ण विश्वास रखें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- परदेसी बाबू — सुबह : 10.49
- दरार — रात : 07.01

SONY PIX
- एनाबेल कम्स होम — सुबह : 10.21
- द मैन फ्रॉम टोरंटो — रात : 09.00

SONY SMAX
- प्यार दीवाना होता है — दोपहर : 12.00
- एनिमल — रात : 09.33

ZEE CINEMA
- कोई...मिल गया — सुबह : 10.30
- धमाल — रात : 07.45

colors CINEPLEX
- बुड्ढा होगा तेरा बाप — सुबह : 09.35
- गोलमाल 3 — शाम : 06.00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 07.45 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति अपनी पत्नी को इंग्लिश सीखा रहा था ...
अगले दिन दोपहर में पत्नी डिनर ले लो जी।
पति-यह डिनर नहीं लंच है जाहिल औरत
पत्नी- जाहिल तू, तेरा पूरा खानदान यह रात का ही बचा हुआ खाना है ज्यादा दिमाग मत चला रोटी चर ले।

पप्पू ने एक राह चलती लड़की से कहा आपने पहचाना मुझे?
लड़की- नहीं, आप कौन हैं?
पप्पू- मैं वही हूं, जिसे आपने कल भी नहीं पहचाना था।

इंडिया गठबंधन ने महारैली में पांच सूत्री मांगें रखीं

विपक्षी नेताओं का लोकतंत्र बचाने के लिए एकजुटता का आह्वान, केजरीवाल-हेमंत सोरेन की रिहाई की मांग

नई दिल्ली, ब्यूरो/ एजेंसी

- विपक्षी नेता बोले- निर्वाचन आयोग को लोकसभा चुनावों में समान अवसर सुनिश्चित करना चाहिए

इंडिया गठबंधन के दलों ने रविवार कोरामलीला मैदान से पांच सूत्री मांगें रखीं, जिनमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तत्काल की रिहाई की मांग भी शामिल है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने विपक्ष की 'लोकतंत्र बचाओ महारैली' में मंच से 'इंडिया' गठबंधन की तरफ से ये मांगें रखीं। उन्होंने कहा, ''निर्वाचन आयोग को लोकसभा चुनावों में समान अवसर सुनिश्चित करना चाहिए।

निर्वाचन आयोग को चुनाव में हेराफेरी करने के उद्देश्य से विपक्षी दलों के खिलाफ जांच एजेंसियों द्वारा की जानी वाली कार्रवाई रोकनी चाहिए। हेमंत सोरेन और अरविन्द केजरीवाल की तुरंत रिहाई की जाए। चुनाव के दौरान विपक्षी राजनीतिक दलों का आर्थिक रूप से गला घोंटने की जबरन कार्रवाई तुरंत बंद होनी चाहिए। प्रियंका गांधी ने यह मांग भी रखी, चुनावी चंदे का उपयोग कर भाजपा द्वारा बदले की भावना, जबरन वसूली और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय की निगरानी में एसआईटी का गठन होना चाहिए। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा आज जो लोग सत्ता में हैं, वो अपने आपको रामभक्त कहते हैं। मुझे लगता है कि वो कर्मकांड में उलझ गए हैं और दिखावे में लिप्त हो गए हैं। इसलिए उन्हें यह याद दिलाना जरूरी है कि सत्ता सदा नहीं रहती, अहंकार चूर-चूर हो जाता है।

नई दिल्ली के रामलीला मैदान में लोकतंत्र बचाओ रैली के दौरान कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल। ● एजेंसी

महारैली को संबोधित करते हुए खड़गे ने कहा कि यह एकजुटता संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए है। देश में निष्पक्ष चुनाव नहीं हो रहा है। मोदी लोकतंत्र नहीं चाहते हैं। वह तानाशाही तरीके से देश को चलाना चाहते हैं। उन्होंने लोगों का आह्वान किया, जब तक हम मोदी को नहीं हटाएंगे, मोदी के विचारधारा को नहीं हटाएंगे, तब तक देश में सुख और समृद्धि नहीं आएगी। खरगे ने दावा किया, आरएसएस जहर की तरह है। अगर आप इसको चाटकर देखेंगे तो भी मरेंगे, पीएंगे तो भी मरेंगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र बचाने के लिए सबको एकजुट होना पड़ेगा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा ब्रह्मांड में सबसे ज्यादा झूठ बोलने वाली पार्टी करार देते हुए कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद पूरी दुनिया में भाजपा की ''थू-थू हो रही है। यादव ने यहां संवाददाताओं से कहा, "अगर हम आंकड़े निकलेंगे तो ब्रह्मांड में इतना झूठ किसी ने नहीं बोला होगा जितना भाजपा ने बोला है।

बड़े आंदोलनों की नींव रखी गई है दिल्ली के रामलीला मैदान में

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- जेपी ने "सिंहासन खाली करो कि जनता आती है" नारा इसी मैदान में दिया था

रामधारी सिंह दिनकर की एक कविता की पंक्ति "सिंहासन खाली करो जनता आती है" नारा लगाकर दिल्ली के इसी रामलीला मैदान से जनता के बीच उतरे थे लोकनायक जयप्रकाश नारायण। नाम मिला, जेपी आंदोलन। रविवार को फिर एक नारा इसी मैदान पर दिया गया है "तानाशाही हटाओ लोकतंत्र बचाओ"। जेपी आंदोलन में समाजवादी लोग थे।

रविवार की उक्त रैली में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी लोकनायक की तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ललकारा। कहा कि दिल्ली की गद्दी में बैठने वाले हुक्मरान ज्यादा दिन तक यहां नहीं रुकेंगे। उन्होंने उन्होंने बीजेपी से सवाल किया है कि यदि आप 400 पर का नारा दे रहे हैं तो फिर आम आदमी पार्टी के नेताओं से क्यों डरते हो। कुल मिलाकर रामलीला मैदान की रैली ने आज बहुत सारे संस्मरण ताजा कर दिए। कई ऐतिहासिक राजनीतिक आंदोलनो के गवाह दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को हुई विपक्ष की रैली से क्या फिर कोई देशव्यापी संदेश जाएगा। इस सवाल ने देश भर के प्रमुख राजनेताओं को झकझोर दिया है। खासतौर से 400 पार या 180 से कम और मैच फिक्सिंग के आरोपी का जवाब देने के लिए सत्ता पक्ष को फिर से कोई रणनीति अपनानी पड़ेगी। मुगलकाल से आज तक रामलीला मैदान हमेशा देशव्यापी चर्चा में रहा है। कई बड़े आंदोलन की नीव यहां रखी गई है। ब्रिटिश शासको से लेकर जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, लोकनायक जयप्रकाश नारायण, अन्ना हजारे, किसान आंदोलन का गवाह भी बना। अजमेरी गेट और तुर्कमान गेट के बीच 10 एकड़ जमीन में फैला हुआ यह मैदान कभी तालाब होता था अब उसमें एक लाख से अधिक लोगों की क्षमता है। बहादुर शाह जफर ने मैदान में तब्दील करवा करवाया था। इसी मैदान पर 1883 में अंग्रेजों ने ब्रिटिश कैंप लगवाए थे। बाद में यहां रामलीला का मंचन शुरू हुआ। रामलीला मैदान में रैली, सभाओं, प्रदर्शन और आंदोलन के लिए तब पसंद किया जाने जब 1945 में मोहम्मद अली जिन्ना को यहां एक जनसमूह ने मौलाना की उपाधि दी थी। आजादी की लड़ाई में महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल एवं अन्य बड़े नेताओं ने यहां पर भारत को आजाद करने की भी अलख जलाई थी। 1952 में रामलीला मैदान में जम्मू कश्मीर मुद्दे पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे क्रांतिकारियों ने सत्याग्रह भी किया था। प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 1956 से 1957 के बीच इसी मैदान में देशवासियों को संबोधित करने के लिए बड़ी जनसभाओं का आयोजन किया था। 1965 में तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने यहां पर भारत- पाक जंग की जीत की जनसभा को संबोधित किया था। 1972 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बांग्लादेश बनने का जश्न भी इसी मैदान में मनाया था। 1975 में आपातकाल के दौरान लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने इसी मैदान में कांग्रेस के खिलाफ ऐतिहासिक रैली आयोजित की थी। बताते हैं कि रामधारी सिंह दिनकर की प्रसिद्ध पंक्तियां सिंहासन खाली करो कि जनता आती है नारा भी इसी रामलीला मैदान से गूंज था। इतना ही नहीं, अरविंद केजरीवाल को जब दिल्ली में कोई जानता नहीं था, तब अपनी पहली सभा इसी मैदान में की थी।

एक नजर

सिलेंडर फटने से झुलसे दंपति की मौत, बच्चे गंभीर

ग्वालियर। ग्वालियर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के सिंधिया नगर में अवधेश प्रजापति पत्नी बच्चों के साथ रहता था। वह कल दोपहर खाना खा रहा था और उसकी पत्नी खाना बना रही थी। तभी गैस सिलेंडर के लीक होने से निकली गैस में लगी आग ने सिलेडर और चूल्हे को अपनी चपेट में ले लिया और धमाके के साथ सिलेंडर फट गया। इससे अवधेश के कच्चे मकान की टीन अन्य सामान उड गया। हादसे में अवधेश, उसकी पत्नी रामबेटी, बेटी रेशमा, कुसुम तथा बेटा कान्हा छह वर्ष गंभीर घायल हो गये। बाद में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां गंभीर रूप से घायल अवधेश आज दमतोड़ दिया और उसकी पत्नी रामबेटी की कल रात मौत हो गयी।

ईडी ने गैंगस्टर सुरेंद्र सिंह के रिश्तेदारों की संपत्तियां कुर्क की

नई दिल्ली। लॉरेंस बिश्नोई गिरोह और अन्य के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत गैंगस्टर सुरेंद्र सिंह उर्फ चीकू के परिवार के सदस्यों की 17.82 करोड़ रुपये की बैंक जमा, नकदी और जमीन कुर्क की गई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि अचल संपत्तियां हरियाणा के नारनौल और राजस्थान के जयपुर में स्थित हैं।

विपक्ष की महारैली पर फूटा भाजपा का पोस्टर बम

नयी दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के पहले दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्ष के इंडी गठबंधन की महारैली के जवाब में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एक व्यापक एवं सघन पोस्टर बैनर अभियान छेड़ दिया है जिसमें विपक्ष को भ्रष्टाचार बचाओ गठजोड़ करार दिया। भाजपा ने राजधानी में रामलीला मैदान की तरफ जाने वाले सभी प्रमुख सड़कों के चौराहों को बड़े-बड़े बैनरों और पोस्टरों से पाट दिया जिनमें विपक्ष की रैली पर निशाना बनाया गया है।

विपक्षी गठबंधन की ओर से इस हमले का कोई प्रभावी जवाब नहीं आया है। तकरीबन सभी विपक्षी दलों के रामलीला मैदान में जमावड़े में उनके नेताओं ने भाजपा नीत केंद्र सरकार पर आरोप लगाया है कि वह विपक्ष को कमजोर करने के लिए ईडी, आयकर विभाग और सीबीआई जैसी एजेंसियों का जबरदस्त दुरुपयोग किया जा रहा है। विपक्षी दलों का आरोप है कि केंद्र सरकार ने जांच एजेंसियों के सहारे एक-एक कर विपक्ष के सभी बड़े नेताओं को या तो जेल में बंद कर दिया है, या उन पर भ्रष्टाचार के गंभीर मुकदमे चलाए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य जनता के बीच विपक्ष की छवि को खराब करना है। विपक्ष का आरोप है कि इसके सहारे भाजपा लोकसभा चुनाव में बढ़त बनाना चाहती है। लेकिन इसी बीच भाजपा ने अपना पोस्टर अभियान छेड़ दिया। भाजपा ने अपने पोस्टरों बैनरों में यह आरोप लगाया है कि पूरा विपक्ष भ्रष्टाचारी नेताओं को बचाने के लिए एकजुट हो गया है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश से भ्रष्टाचार को हटाने का संकल्प लिया है। भाजपा का यह पोस्टर अभियान केवल सड़कों, चौराहों और गलियों, मोहल्लों तक सीमित नहीं रहा बल्कि यह अभियान बहुमंजिली हाउसिंग सोसाइटियों, ऑटो रिक्शा एवं टैक्सियों, बस स्टॉप तक जा पहुंचा। हाउसिंग सोसाइटियों की लिफ्ट लॉबी में भी पोस्टर लगवाए गए हैं। भाजपा के पोस्टरों एवं बैनरों में एक तरफ जेल में बंद किसी नेता की तस्वीर दिखाई गई है, वहीं दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भ्रष्टाचार पर वार करने की बात कहते हुए दिखाए गए हैं। भाजपा ने आज अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर पोस्टर जारी करते हुए विपक्ष की इस रैली को भ्रष्टाचारी दलों और नेताओं का मेला बताया था।

भाजपा ने मैच-फिक्सिंग वाले बयान के लिए राहुल गांधी पर पलटवार किया

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने मोदी के खिलाफ "मैच फिक्सिंग" के आरोप के लिये राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि अतीत में कांग्रेस सरकार ने पार्टी के प्रथम परिवार को लाभ पहुंचाने के लिये पड़ोसी देश श्रीलंका के साथ एक 'सौदा' करके कच्चातिवु द्वीप उसे सौंप दिया था। गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी पर लोकसभा चुनावों में 'मैच फिक्सिंग' करने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए कहा था कि अगर भाजपा अपने प्रयासों में सफल हो गई, तो देश का संविधान बदल दिया जाएगा और लोगों के अधिकार छीन लिये जाएंगे। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए गांधी के इस बयान को लेकर कांग्रेस की आलोचना। उन्होंने कहा कि विभाजनकारी राजनीतिक कांग्रेस के 'डीएनए' में है। पूनावाला ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने 1947 में धर्म के आधार पर देश का विभाजन और जम्मू-कश्मीर के एक हिस्से को पाकिस्तान के कब्जे में छोड़ने भी संकोच नहीं किया। गांधी ने यहां रामलीला मैदान में आयोजित 'इंडिया' गठबंधन की लोकतंत्र बचाओ रैली में कहा कि यह कोई सामान्य चुनाव नहीं बल्कि देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है। गांधी की टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूनावाला ने कहा, ''कुछ लोग मैच फिक्सिंग के बारे में बात कर रहे हैं। 1974 में, इंदिरा गांधी सरकार ने राष्ट्र हित और तमिलनाडु के लोगों के हितों से समझौता करते हुए, कांग्रेस के प्रथम परिवार को लाभ पहुंचाने के लिये कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया था...राहुल गांधी जी, आपके परिवार ने एक डील-फिक्सिंग की थी। भाजपा प्रवक्ता ने कांग्रेस पर अक्साई चीन को चीन के अवैध कब्जे में और जम्मू-कश्मीर के एक हिस्से को पाकिस्तान के अवैध कब्जे में देने का भी आरोप लगाया।

चुनावी बॉण्ड के कारण ही चंदे का स्रोत, लाभार्थियों का पता चल सका: प्रधानमंत्री

नयी दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनावी बॉण्ड के मुद्दे से उनकी सरकार को झटका लगने की बात रविवार को खारिज कर दी और कहा कि कोई भी प्रणाली पूरी तरह से सही नहीं है और खामियों को दूर किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस विषय पर हंगामा करने वाले लोगों को पछतावा होगा। 'थंथी' टीवी पर एक साक्षात्कार के दौरान जब उनसे यह पूछा गया कि क्या चुनावी बॉण्ड विवरण से सत्तारूढ़ भाजपा को झटका लगा है, मोदी कहा, ''मुझे बताइए कि हमने ऐसा क्या कर दिया कि मैं इसे एक झटके के तौर पर देखूं। मेरा दृढ़ विश्वास है कि जो इसे (बॉण्ड के विवरण) को लेकर हंगामा कर रहे हैं और इसपर गर्व कर रहे हैं उन्हें पछतावा होगा।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार की चुनावी बॉण्ड योजना के कारण ही चंदे के स्रोतों और इसके लाभार्थियों का पता लगाया जा सका। उन्होंने कहा कि अगर आज जानकारी उपलब्ध हुई है तो उसकी वजह बॉण्ड हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या कोई एजेंसी 2014 में उनके केंद्र की सत्ता में आने से पहले के चुनावों के लिए धन के स्रोत और उनके लाभार्थियों के बारे में बता सकती है। उन्होंने कहा, ''कोई भी प्रणाली बिल्कुल सही नहीं होती।

मप्र में कांग्रेस ने लोगों से चंदा मांगा, बैंक खातों पर रोक लगे होने का दावा किया

भोपाल। कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई ने लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए चंदा मांगते हुए रविवार को 'एक नोट, एक वोट' अभियान शुरू किया और दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार ने उसके बैंक खातों से लेन-देन पर रोक लगा दी है, जिसके चलते उसके पास पैसे नहीं है। कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के प्रमुख जीतू पटवारी ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद बैंक खातों पर रोक लगाने के कदम का उद्देश्य चुनाव से पहले उनकी पार्टी को आर्थिक रूप से कमजोर करना है। अभियान भीड़भाड़ वाले रोशनपुरा चौराहे पर शुरू किया गया। भोपाल से पार्टी के उम्मीदवार अरुण श्रीवास्तव और जबलपुर के प्रत्याशी दिनेश यादव ने हाथों में बॉक्स लेकर प्रत्येक व्यक्ति से एक रुपया मांगा और एक वोट देने का अनुरोध किया। मध्य प्रदेश में अन्य सीट से कांग्रेस के उम्मीदवारों ने भी अभियान में हिस्सा लिया।

कारोबार/कृषि

एक नजर

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 10 साल में 125 अरब डॉलर पूंजीगत व्यय किया: रिपोर्ट

नयी दिल्ली। विभिन्न कारोबार से जुड़ी रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. ने पिछले दस साल में 125 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश किया है। कंपनी ने इस निवेश के जरिये हाइड्रोकार्बन और दूरसंचार कारोबार में बड़े पैमाने पर विस्तार किया है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। रिपोर्ट के अनुसार रिलायंस लंबे और गहन पूंजीगत व्यय चक्र (हाइड्रोकार्बन और दूरसंचार) से बाहर आ रही है। वित्तीय सेवा कंपनी गोल्डमैन सैक्श की रिपोर्ट में कहा गया है, ''कंपनी ने ओ2सी (रिफाइनरी और पेट्रो रसायन परिसर) कारोबार के पैमाना, एकीकरण और लागत प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने के लिए वित्त वर्ष 2013-18 के बीच लगभग 30 अरब डॉलर का निवेश किया है।

आरबीआई इस बार भी नीतिगत दर को रख सकता है यथावत : विशेषज्ञ

केंद्रीय बैंक का मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत के लक्ष्य पर लाने पर हो सकता है जोर

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक इस सप्ताह पेश मौद्रिक नीति समीक्षा एक बार फिर नीतिगत दर को यथावत रख सकता हैं। इसका कारण आर्थिक वृद्धि को लेकर चिंता दूर होने और इसके करीब आठ प्रतिशत रहने के साथ केंद्रीय बैंक का अब और अधिक जोर मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत के लक्ष्य पर लाने पर हो सकता है। विशेषज्ञों ने यह बात कही। साथ ही नीतिगत दर पर निर्णय लेने वाली आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) अमेरिका और ब्रिटेन जैसे कुछ विकसित देशों के केंद्रीय बैंकों के रुख पर गौर कर सकती है। ये केंद्रीय बैंक नीतिगत दर में कटौती को लेकर स्पष्ट रूप से 'देखो और इंतजार करो' का रुख अपना रहे हैं। विकसित देशों में स्विट्जरलैंड पहली बड़ी अर्थव्यवस्था है जिसने नीतिगत दर में कटौती की है।

वहीं दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जापान आठ साल बाद नकारात्मक ब्याज दर की स्थिति को समाप्त किया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास की अध्यक्षता वाली एमपीसी की तीन दिवसीय बैठक तीन अप्रैल को शुरू होगी। मौद्रिक नीति समीक्षा की की घोषणा पांच अप्रैल को की जाएगी। यह वित्त वर्ष 2024-25 की पहली मौद्रिक नीति समीक्षा होगी। एक अप्रैल, 2024 से शुरू वित्त वर्ष में एमपीसी की छठ बैठकें होगी। आरबीआई ने पिछली बार फरवरी 2023 में रेपो दर बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया था। उसके बाद लगातार छह द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में इसे यथावत रखा गया है। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, ''मुद्रास्फीति अभी भी पांच प्रतिशत के दायरे में है और खाद्य मुद्रास्फीति के मोर्चे पर भविष्य में झटका लगने की आशंका है, इसको देखते हुए एमपीसी इस बार भी नीतिगत दर और रुख पर यथास्थिति बनाए रख सकता है।''

एचडीएफसी बैंक अनुषंगी एचडीएफसी एजुकेशन को बेचेगा

नयी दिल्ली। एचडीएफसी बैंक ने एचडीएफसी एजुकेशन एंड डेवलपमेंट सर्विसेज प्राइवेट लि. में अपनी 100 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने का फैसला किया है। एचडीएफसी बैंक ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि बिक्री स्विस चुनौती (बोली प्रक्रिया) के माध्यम से की जाएगी। सूचना के अनुसार, ''इस संबंध में, एचडीएफसी बैंक ने 30 मार्च, 2024 को एक इच्छुक पक्ष के साथ एक बाध्यकारी समझौता किया है। समझौते में शामिल प्रस्ताव अन्य इच्छुक पक्षों से जवाबी पेशकश प्राप्त करने के लिए आधार बोली के रूप में काम करेगा...।'' इसमें कहा गया है कि एचडीएफसी बैंक स्विस चुनौती प्रक्रिया के पूरा होने के आधार पर खरीदार को अंतिम रूप देगा।

अडाणी समूह तेजी से विस्तार के रास्ते पर

नयी दिल्ली, एजेंसी

ऐसा जान पड़ता है कि विभिन्न कारोबार से जुड़ा अडाणी समूह अब पूरी तरह से हिंडनबर्ग प्रभाव से बाहर आ गया है। समूह ने एक सप्ताह के भीतर 1.2 अरब डॉलर का तांबा संयंत्र खोला, ओड़िशा में बंदरगाह खरीदा और सीमेंट कंपनी में हिस्सेदारी बढ़ायी। साथ ही प्रतिद्वंद्वी माने जाने वाली मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ गठजोड़ भी किया है।

समूह ने पिछले एक सप्ताह में शेयर बाजारों को दी सूचना और प्रेस विज्ञप्तियों के माध्यम से अपने मुख्य बंदरगाह कारोबार में विस्तार और निवेश, धातु रिफाइनिंग में विविधीकरण, दो साल पुराने सीमेंट क्षेत्र में पूंजी डाले जाने और अपनी वृहत सौर परियोजना के चालू होने के मामले में लगातार हो रही प्रगति की घोषणा की है। इसकी शुरुआत 26 मार्च को अडाणी पोर्ट्स के गोपालपुर पोर्ट में 3,350 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर 95 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने की घोषणा के साथ हुई। इससे उसके नियंत्रण में बंदरगाहों की संख्या 15 हो गई।

यह देश में किसी भी निजी कंपनी के पास बंदरगाहों की सर्वाधिक संख्या है। इसके बाद समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज लि. ने 28 मार्च को गुजरात के मुंदड़ा में एक ही स्थान पर दुनिया के सबसे बड़े तांबा विनिर्माण संयंत्र के पहले चरण की घोषणा की। यह समूह के धातु शोधन के क्षेत्र में प्रवेश को बताता है। कुल 1.2 अरब डॉलर (लगभग 10,000 करोड़ रुपये) के संयंत्र ने भारत को चीन और अन्य देशों में शामिल होने में मदद की है।

कठिन क्षेत्रों से उत्पादित गैस की कीमत घटाकर 9.87 डॉलर की

नयी दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने रविवार को रिलायंस इंडस्ट्रीज के गहरे समुद्र केजी-डी6 ब्लॉक जैसे कठिन क्षेत्रों से उत्पादित प्राकृतिक गैस की कीमत में मामूली कटौती करते हुए इसे 9.87 डॉलर प्रति 10 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट कर दिया। एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया कि मानक अंतरराष्ट्रीय गैस कीमतों में नरमी के अनुरूप यह कटौती की गई है।

वाहनों में इस्तेमाल होने वाली सीएनजी या खाना पकाने में इस्तेमाल होने वाली पीएनजी को बनाने के लिए उपयोग की जाने वाली गैस की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इनके लिए मूल्य सीमा रिलायंस को भुगतान की जाने वाली बाजार दरों से 30 प्रतिशत कम निर्धारित की गई है। अधिसूचना में कहा गया कि पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) के अनुसार एक अप्रैल से शुरू होने वाली छमाही के लिए गहरे समुद्र और उच्च दबाव, उच्च तापमान (एचपीटीपी) वाले क्षेत्रों से गैस की कीमत 9.96 अमेरिकी डॉलर से घटाकर 9.87 अमेरिकी डॉलर प्रति एमएमबीटीयू कर दी गई है।

जोमैटो को 23.26 करोड़ रुपये की कर मांग को लेकर नोटिस

नयी दिल्ली। ऑनलाइन ऑर्डर देकर खाना मंगाने की सुविधा देने वाले मंच जोमैटो को कर अधिकारियों से 23.26 करोड़ रुपये की कर मांग का नोटिस मिला है। इसमें ब्याज और जुर्माना शामिल है। कंपनी ने कहा कि वह आदेश के खिलाफ उपयुक्त प्राधिकार के समक्ष चुनौती देगी। जोमैटो ने बीएसई को दी सूचना में कहा, ''कंपनी को वित्त वर्ष 2018-19 के लिए सहायक वाणिज्यिक कर आयुक्त (ऑडिट), कर्नाटक से 11,27,23,564 करोड़ रुपये की जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) मांग को लेकर नोटिस मिला है।

एयरटेल की अनुषंगी कंपनी पर अनियमितता को लेकर जुर्माना

नयी दिल्ली, एजेंसी

- 2,19,873 रुपये का जुर्माना लगाया गया

भारती एयरटेल समूह की कंपनी टेलीसोनिक नेटवर्क्स को इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा करने में कथित अनियमितता के लिए जुर्माना लगाया गया है। भारती एयरटेल ने शेयर बाजार दी सूचना में कहा कि बेंगलुरु में सहायक वाणिज्यिक कर आयुक्त (ऑडिट) के कार्यालय ने कंपनी की एक अनुषंगी कंपनी के खिलाफ केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम के तहत एक आदेश पारित किया है। इसमें 2,19,873 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। सूचना के अनुसार यह जुर्माना कंपनी की अनुषंगी टेलीसोनिक नेटवर्क्स पर 'वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान दावा किए गये इनपुट टैक्स क्रेडिट में कथित अनियमितता के लिए लगाया गया है। कंपनी को यह आदेश 30 मार्च को मिला। कंपनी ने कहा, ''अधिकतम वित्तीय प्रभाव लगाये गये जुर्माने की सीमा तक है। कंपनी आदेश से सहमत नहीं है और इसके लिए उचित कदम उठाएगी।''

मेहता परिवार ने यूएनएम फाउंडेशन को 5,000 करोड़ रुपये दान की घोषणा की

नयी दिल्ली, एजेंसी

औषधि और ऊर्जा जैसे कारोबार में शामिल टॉरेंट समूह के मेहता परिवार ने यूएनएम फाउंडेशन को अगले पांच वर्षों में 5,000 करोड़ रुपये दान करने की घोषणा की है। इस फाउंडेशन का नाम टॉरेंट समूह के संस्थापक यू एन मेहता के नाम पर रखा गया है।

समूह अपने संस्थापक स्वर्गीय उत्तमभाई नाथलाल मेहता (14 जनवरी, 1924 से 31 मार्च, 1998) की जन्मशती मना रहा है। समूह ने रविवार को एक बयान में कहा कि मेहता परिवार ने परोपकार की विरासत का सम्मान करते हुए यूएनएम फाउंडेशन को अगले पांच वर्षों में 5,000 करोड़ रुपये दान करने की प्रतिबद्धता जताई है। बयान में कहा गया कि यह राशि टोरेंट समूह की कंपनियों के वैधानिक सीएसआर योगदान के अतिरिक्त होगी। बयान के मुताबिक यू एन मेहता को प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने, व्यावसायिक कौशल, सैद्धांतिक जीवन और मानवीय परोपकार के प्रति उनके दृढ़ संकल्प के लिए याद किया जाता है। उनका प्रारंभिक जीवन कई व्यक्तिगत चुनौतियों, गंभीर वित्तीय संकट, व्यावसायिक विफलताओं और स्वास्थ्य जटिलताओं से भरा था। उनका जन्म एक बेहद गरीब परिवार में हुआ था और जब वह सिर्फ दो साल के थे, उन्होंने अपनी मां को खो दिया था। वह व्यवसाय स्थापित करने के अपने पहले प्रयास में असफल रहे और उन्हें कई वर्षों के लिए अपने गांव लौटना पड़ा। बयान के मुताबिक उन्होंने प्रत्येक चुनौती पर विजय हासिल की और आखिरकार 48 वर्ष की उम्र में दवा व्यवसाय स्थापित करने के अपने दूसरे प्रयास में सफल हुए।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	टाई	अंक	रन रेट
कोलकाता नाइट राइडर्स	02	02	00	00	04	+1.047
चेन्नई सुपरकिंग्स	03	02	01	00	04	+0.976
राजस्थान रॉयल्स	02	02	00	00	04	+0.800
गुजरात टाइटंस	03	02	01	00	04	-0.738
सनराइजर्स हैदराबाद	03	01	02	00	02	+0.204
लखनऊ सुपर जायंट्स	02	01	01	00	02	+0.025
दिल्ली कैपिटल्स	03	01	02	00	02	-0.016
पंजाब किंग्स	03	01	02	00	02	-0.337
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	03	01	02	00	02	-0.711
मुंबई इंडियंस	02	00	02	00	00	-0.925

पंत और वार्नर के वार से चेन्नई ढेर

मुकेश और खलील की शानदार गेंदबाजी से दिल्ली ने सीजन का पहला मैच जीता

विशाखापत्तनम, एजेंसी

- **13वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को 20 रनों से मिली शिकस्त**

डेविड वॉर्नर और ऋषभ पंत की अर्धशतकीय पारियों के बाद मुकेश कुमार तथा खलील अहमद की कातिलाना गेंदबाजी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 13वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को 20 रनों से हरा दिया है।

192 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गवां दिये। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ एक रन, रचिन रविंद्र दो रन बनाकर पवेलियन लौटे। दोनों बल्लेबाजों को खलील अहमद ने आउट किया। इसके बाद अजिंक्य रहाणे और डैरिल मिचेल ने तीसरे विकेट के लिये 72 रन जोड़े। अजिंक्य रहाणे ने 30 गेंदों में पांच चौके और दो छक्कों की मदद से 45 रनों की पारी खेली। डैरिल मिचेल ने 26 गेदों में एक चौके और दो छक्कों की मदद से 34 रन बनाये। शिवम दुबे 18 रन बनाकर आउट हुये। समीर रिजवी अपन खाता भी नहीं खोल सके। मुकेश कुमार ने रहाणे, दुबे और रिजवी को आउट कर चेन्नई की कमर तोड़ दी। रवींद्र जडेजा 21 रन, महेन्द्र सिंह धोनी 37 रन बनाकर नाबाद रहे। चेन्नई की टीम निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 171 रन ही बना सकी और 20 रनों से मुकाबल हार गई। दिल्ली की ओर से मुकेश कुमार ने तीन विकेट लिये। खलील अहमद को दो विकेट मिले। अक्षर पटेल ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले डेविड वॉर्नर 52 रन, कप्तान ऋषभ पंत की 51 रन अर्धशतकीय और पृथ्वी शॉ की 43 रनों की शानदार पारियों के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिये 192 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां डॉ. वाई एस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पृथ्वी शॉ और डेविड वॉर्नर की सलामी जोड़ी ने दिल्ली के लिए बेहतरीन शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 93 रनों की साझेदारी की। मुस्तफिजुर ने 10 ओवर में पथिराना के हाथों डेविड वॉर्नर को कैच आउट कराकर इस साझेदारी को तोड़ा। वॉर्नर ने 35 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्कों की मदद से 52 रनों की पारी खेली। इसके बाद अगले ही ओवर में जडेजा ने पृथ्वी शॉ को आउट कर दिल्ली का दूसरा विकेट झटक दिया। पृथ्वी शॉ 27 गेंदों में चार चौके और दो छक्कों 43 रन ठोके। मिचेल मार्श 12 गेंदों में 18 रन बनाकर आउट हुये। ट्रिस्टन स्टब्स बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये। कप्तान ऋषभ पंत 32 गेंदों में चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 51 रनों की पारी खेली।

दिल्ली 191/5 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 11

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
पृथ्वी शॉ का धोनी बो जडेजा	43	27	4/2
डेविड वार्नर का पाथिराना बो रहमान	52	35	5/3
ऋषभ पंत का गायकवाड़ बो पाथिराना	51	32	4/3
मिचेल मार्श बो पाथिराना	18	12	2/1
ट्रिस्टन स्टब्स बो पाथिराना	00	02	0/0
अक्षर पटेल नाबाद	07	08	0/0
अभिषेक पोरेल नाबाद	09	06	1/0

गेंदबाजी : दीपक चाहर 4-0-42-0, तुषार देशपांडे 4-0-24-0, मुस्तफिजुर रहमान 4-0-47-1, रविंद्र जडेजा 4-0-43-1, माथिशा पाथिराना 4-0-31-3

चेन्नई 171/6 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 13

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
ऋतुराज गायकवाड का पंत बो अहमद	01	02	0/0
रचिन रविंद्र का स्टब्स बो अहमद	02	12	0/0
अजिंक्य रहाणे का वार्नर बो मुकेश कुमार	45	30	5/2
डेरिल मिचेल का एवं बो अक्षर पटेल	34	26	1/2
शिवम दूबे का स्टब्स बो मुकेश कुमार	18	17	1/0
समीर रिज्वी का अहमद बो मुकेश कुमार	00	01	0/0
रविंद्र जडेजा नाबाद	21	17	2/0
महेंद्र सिंह धोनी नाबाद	37	16	4/3

गेंदबाजी : खलील 4-1-21-2, ईशांत 3-0-23-0, नोर्किया 4-0-43-0, अक्षर पटेल 3-0-20-1, रसिख सलाम 2-0-25-0, मिचेल मार्श 1-0-14-0, मुकेश कुमार 3-0-21-3

ऋषभ पंत

खेल डायरी

तेजस्विन शंकर ने ऊंची कूद स्पर्धा में जीता खिताब

केन्सास। भारतीय एथलीट तेजस्विन शंकर ने शॉकर स्प्रिंग इनविटेशनल 2024 में सीजन की अपनी पहली आउटडोर मीट में 2.17 मीटर की छलांग लगाकर खिताब अपने नाम कर लिया है। शंकर ने अमेरिका के केन्सास में शनिवार को सीजन की अपनी पहली आउटडोर स्पर्धा में शॉकर स्प्रिंग इनविटेशनल 2024 एथलेटिक्स में पुरुषों की ऊंची कूद में 2.17 मीटर की छलांग लगाकर यह जीत दर्ज की। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने बेल्जियम में एक इनडोर चैलेंजर इवेंट, इंटरनेशनल हाई जंप गाला एल्मोस में, शंकर ने 2.23 मीटर की छलांग के साथ जीत हासिल करते हुए अपने सीज़न की शुरुआत की है।

ब्रेंटफोर्ड ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को बराबरी पर रोका

लंदन। मैनचेस्टर यूनाइटेड की टीम इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल मैच में शनिवार को यहां ब्रेंटफोर्ड के खिलाफ बढ़त लेने के बाद जीत दर्ज करने में नाकाम रही। दोनों टीमों ने मैच के स्टॉपेज समय में गोल किया। मैसन माउंट (90+6 मिनट) के गोल से मैनचेस्टर यूनाइटेड ने बढ़त बनायी। टीम जीत की ओवर बढ़ रही थी लेकिन इसके तीन मिनट बाद ही क्रिस्टोफर अजेर के गोल से स्कोर 1-1 से बराबर हो गया। मैनचेस्टर यूनाइटेड 29 मैचों में 48 अंक के साथ तालिका में छठे पायदान पर है जबकि ब्रेंटफोर्ड 30 मैच में 27 अंक के साथ 15वें स्थान पर है।

डेनियल कोलिन्स बनीं मियामी ओपन चैम्पियन

मियामी गार्डन्स। डेनियल कोलिन्स ने मियामी ओपन टेनिस में विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज ऐलेना रायबकिना को 7-5, 6-3 से हराकर अपने घरेलू मैदान पर महिला एकल खिताब पर कब्जा किया। तीस साल की कोलिन्स आखिरी बार इस टूर्नामेंट में खेल रही है। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में घोषणा की थी कि यह उनका आखिरी सत्र होगा क्योंकि वह 'एंडोमेट्रियोसिस' से पीड़ित हैं। स्टेडियम में आंद्रे अगासी और मार्टिना नवरातिलोवा की मौजूदगी के बीच विश्व रैंकिंग में 59वें स्थान पर काबिज कोलिन्स अपने बैकहैंड से क्रॉसकोर्ट विनर लगाने के बाद 10 सेकंड तक कोर्ट पर लेटी रही।

बोपन्ना-एब्डेन ने जीता मियामी ओपन का खिताब

फ्लोरिडा। भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने मियामी ओपन 2024 टेनिस पुरुष युगल खिताब जीता लिया है। फ्लोरिडा के हार्ड रॉक स्टेडियम में शनिवार को खेले गये मियामी ओपन फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी एक घंटे 43 मिनट तक चले मुकाबले में एक सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिकी ऑस्टिन क्राजिसेक और क्रोएशिया के इवान डोडिग के खिलाफ 6(3)-7(7), 6-3, 10-6 से जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही 44 वर्षीय बोपन्ना ने पिछले वर्ष इंडियन वेल्स में बनाए गए अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ दिया। बोपन्ना 43 साल की उम्र में सबसे उम्रदराज एटीपी 1000 मास्टर्स चैंपियन बने थे।

इंडिया ओपन गोल्फः जापना के नाकाजिमा बने विजेता

गुरुग्राम। भारत के वीर अहलावत रविवार को यहां हीरो इंडियन ओपन गोल्फ के चौथे और अंतिम दिन एक अंडर 71 का शानदार कार्ड खेलकर संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे। अहलावत का डीपी वर्ल्ड टूर स्पर्धा में यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वह इस स्पर्धा के विजेता जापान के कीता नकाजिमा से चार शॉट पीछे रहे। अहलावत दिन के आपने आखिरी होल में ईगल लगाने में सफल रहे जिससे उनका कुल स्कोर 275 रहा। नकाजिमा ने 73 का कार्ड खेलकर डीपी वर्ल्ड टूर पर अपना पहला खिताब जीता। अहलावत ने अपने शानदार प्रदर्शन पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, ''मैं वास्तव में खुश हूं कि मैंने अच्छा प्रदर्शन किया, खासकर अपने परिवार के सामने।''

एआईएफएफ सदस्य दीपक शर्मा जमानत पर रिहा

पणजी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा को रविवार को जमानत पर रिहा कर दिया गया जिन्हें गोवा पुलिस ने कथित तौर पर दो महिला खिलाड़ियों के साथ मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। हिमाचल प्रदेश के खाद एफसी की दो महिला खिलाड़ियों की शिकायत दर्ज कराने के बाद शनिवार को यहां मापुसा पुलिस ने दीपक शर्मा को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस उपाधीक्षक (मापुसा) संदेश चोडनकर ने पीटीआई को बताया कि जिन धाराओं के अंतर्गत शर्मा पर मामला दर्ज किया गया था, उन पर जमानत मिल सकती थी इसलिए उन्हें 'श्योरिटी' के बाद रिहा कर दिया गया।

गुजरात टाइटंस की 7 विकेट से जीत

अहमदाबाद, एजेंसी

- **मोहित शर्मा ने तीन विकेट झटके, डेविड मिलर ने खेली आक्रामक पारी**

डेविड मिलर

अनुभवी तेज गेंदबाज मोहित शर्मा (25 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद डेविड मिलर की 44 रन की आक्रामक पारी के दम पर गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से शिकस्त दी। मोहित शर्मा ने डैथ ओवरों में बेहतरीन प्रदर्शन किया जबकि अफगानिस्तान के स्पिनरों राशिद खान और नूर अहमद ने बीच के ओवरों में किफायती गेंदबाजी की जिसके दम पर गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट पर 162 रन पर रोक दिया। गुजरात टाइटंस ने 19.1 ओवर में तीन विकेट पर 168 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

मिलर ने मांसपेशियों में खिंचाव के बावजूद 27 गेंद की नाबाद पारी में चार चौके और दो छक्के लगाये। उन्होंने बी साई सुदर्शन (36 गेंद में 45 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी कर जीत की नींव रखी और फिर विजय शंकर (11 गेंद में नाबाद 14 रन) के साथ 18 गेंद में 30 रन जोड़कर टीम को लक्ष्य के पार पहुंचाया। सलामी बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा (13 गेंद में 25 रन) और शुभमन गिल (28 गेंद में 36 रन) ने भी बल्ले से उपयोगी योगदान दिया। सनराइजर्स के लिए पैट कमिंस, मयंक मार्कंडेय और शाहबाज अहमद ने एक-एक विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करते हुए साहा ने शाहबाज और जयदेव उनादकट के खिलाफ छक्के जड़े। शाहबाज ने हालांकि पारी के पांचवें ओवर में कमिंस के हाथों साहा की पारी को खत्म किया। गिल ने इसी ओवर में छक्का जड़ा तो वह इंपैक्ट सब्सीट्यूट सुदर्शन ने भुवनेश्वर के खिलाफ चौका लगाकर टीम के स्कोर को पावर प्ले में एक विकेट पर 52 रन कर दिया। सनराइजर्स के गेंदबाजों ने इसके बाद गुजरात टाइटंस को तेजी से रन बनाने का मौका नहीं दिया। टीम को इसका फायदा 10वें ओवर में गिल के विकेट के तौर पर मिला। वह मार्कंडेय का शिकार बने। साई सुदर्शन और डेविड मिलर अगले कुछ ओवरों में दौड़ कर रन लेने पर जोर दिया। अब तक रक्षात्मक खेल रहे सुदर्शन ने कमिंस और वाशिंगटन के खिलाफ 13वें और 14वें ओवर में चौका जड़ दबाव कम किया। गुजरात ने पारी के 16वें ओवर में मैच का रुख पलट दिया। मार्कंडेय के इस ओवर में 26 रन बने जिसमें मिलर ने एक छक्का और दो चौके लगाये।

हैदराबाद 162/8 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 04

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
मयंक अग्रवाल का दर्शन बो अजमतुल्लाह	16	17	2/0
ट्रेविस हेड बो नूर अहमद	19	14	3/0
अभिषेक शर्मा का गिल बो मोहित	29	20	2/2
एडेन मार्कराम का राशिद बो उमेश	17	19	0/0
हेनरिच क्लासेन बो राशिद	24	13	1/2
शाहबाज अहमद का तेवतिया बो मोहित	22	20	1/1
अब्दुल समाद रन आउट	29	14	3/1
वॉशिंगटन सुंदर का राशिद बो मोहित	00	01	0/0
पैट कमिंस नाबाद	02	02	0/0

गेंदबाजी : उमरजई 3-0-24-1, यादव 3-0-28-1, राशिद 4-0-33-1, अहमद 4-0-32-1, मोहित 4-0-25-3, दर्शन 2-0-18-0

गुजरात 168/3 — 19.1 ओवर, अतिरिक्त : 04

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
ऋद्धिमान साहा का कमिंस बो शाहबाज	25	13	1/2
शुभमन गिल का समद बो मार्कंडेय	36	28	2/1
साई सुदर्शन का अभिषेक बो कमिंस	45	36	4/1
डेविड मिलर नाबाद	44	27	4/2
विजय शंकर नाबाद	14	11	2/0

गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-27-0, शाहबाज 2-0-20-1, उनादकट 3.1-0-33-0, वाशिंगटन 3-0-27-0, मार्कंडेय 3-0-33-1, कमिंस 4-0-28-1

मुंबई को राजस्थान के खिलाफ घरेलू मैदान पर वापसी का भरोसा

मुंबई, एजेंसी

हार्दिक पंड्या की अगुवाई में शुरुआती दो मैचों में हार का सामना करने वाली मुंबई इंडियंस की टीम लय में चल रही राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सोमवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर उतरेगी तो हार के सिलसिले को खत्म करना चाहेगी।

मुंबई को आईपीएल में अपनी धीमी शुरुआत के लिए जाना जाता है और पंड्या के कप्तान बनने के बाद भी इस में कोई बदलाव नहीं आया है। मुंबई इंडियंस को पांच खिताब दिलाने वाले रोहित शर्मा की जगह पंड्या को कप्तान बनाये जाने का फैसला प्रशंसकों को नागवार गुजरा और इस हरफनमौला खिलाड़ी को शुरुआती मैचों में दर्शकों की हूटिंग का भी सामना करना पड़ा। मुंबई इंडियंस को पंड्या की पूर्व टीम गुजरात टाइटंस ने सत्र के पहले मैच में छह रन से हराया जबकि हैदराबाद में बड़े स्कोर के रिकॉर्ड वाले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने उसे 32 रन से शिकस्त दी। इन दो हार के बाद टीम अंक तालिका में सबसे नीचे 10वें पायदान पर है। यह हालांकि आईपीएल के 17 वें सत्र का शुरुआती चरण है लेकिन मुंबई की टीम हार के सिलसिले को खत्म करने के साथ अपने नेट रन रेट (-0.925) को भी सुधारना चाहेगी।

मुंबई इंडियंस : हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, गेराल्ड कोएत्जी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन, अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी , नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड, सूर्यकुमार यादव। **राजस्थान रॉयल्स** : संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान। **समय** : मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

बाबर आजम होंगे सीमित ओवरों के कप्तानः पीसीबी

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सलामी बल्लेबाज बाबर आजम एक बार फिर सीमित ओवरों के मैचों के लिए टीम का कप्तान बनाया हैं। पीसीबी ने रविवार को अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, "चयन समिति की सिफरिश पर पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी ने बाबर आजम को पाकिस्तान की पुरुष क्रिकेट टीम के सीमित ओवरों का कप्तान नियुक्त किया है।" इसी के साथ अब शाहीन शाह अफरीदी पाकिस्तान की टी-20 टीम के कप्तान नहीं रहे। उन्होंने केवल एक ही सीरीज में पाकिस्तान टीम की कप्तान की। उल्लेखनीय है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 श्रृंखला में पाकिस्तान को 1-4 से हार झेलनी पड़ी थी।

सलीमा-हार्दिक वर्ष के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी

नयी दिल्ली, एजेंसी

युवा मिडफील्डर हार्दिक सिंह और डिफेंडर सलीमा टेटे को वर्ष 2023 के सर्वश्रेष्ट खिलाड़ी का हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार दिया गया जबकि मेजर ध्यानचंद के नाम पर लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान उनके बेटे अशोक कुमार को मिला।

पिछले साल एफआईएच वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार भी जीतने वाले हार्दिक ने पी आर श्रीजेश और हरमनप्रीत सिंह जैसे सीनियर खिलाड़ियों को पछाड़ा। तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे 25 वर्ष के हार्दिक सौ से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। उन्होंने कहा, ''इतने महान खिलाड़ियों के साथ नामांकन पाना ही बड़ी उपलब्धि है।'' वहीं झारखंड के सिमडेगा जिले की टेटे तोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही भारतीय महिला टीम का हिस्सा थी। उन्होंने पुरस्कार की दौड़ में अपनी कप्तान और एफआईएच वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला गोलकीपर का पुरस्कार जीतने वाली सविता पूनिया को पछाड़ा। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को पुरस्कार के तौर पर 25 लाख रूपये और प्रशस्ति पत्र दिया गया। यहां आयोजित हॉकी इंडिया सालाना पुरस्कार समारोह में पी आर श्रीजेश को वर्ष 2023 के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर और भारतीय पुरूष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का पुरस्कार मिला।

बॉलीवुड हलचल

बोनी कपूर ने की बेटी जान्हवी के ब्वॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया की तारीफ

मुंबई, एजेंसी। बोनी कपूर ने हालिया इंटरव्यू में जान्हवी कपूर के ब्वॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया के साथ अपने बॉन्ड पर बात की है। बोनी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि जान्हवी और शिखर का रिश्ता ताउम्र बना रहेगा। यह भी बताया कि शिखर ने उस वक्त बोनी के परिवार का साथ दिया था, जब चीजें बहुत खराब चल रही थीं। उनका कहना है कि जान्हवी के अलावा शिखर परिवार के बाकी सदस्य के साथ भी बहुत अच्छा बॉन्ड शेयर करते हैं। जूम के साथ हालिया इंटरव्यू में बोनी ने बताया कि शिखर उनके साथ किसी इवेंट में तस्वीरें क्यों नहीं क्लिक कराते हैं। बोनी ने कहा, 'ऐसा केवल इसलिए क्योंकि वो नहीं चाहते हैं कि उनकी तस्वीरें क्लिक की जाएं। बाकी मुझे इसका मेन कारण नहीं पता है। शायद वो चाहते हैं कि मैं सुर्खियों में रहूं, इसलिए वो मुझे हर बार आगे कर देते हैं। वर्ना खबरों की हेडिंग सिर्फ बोनी नहीं बल्कि शिखर-बोनी होतीं।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं शिखर से बहुत प्यार करता हूं। जब जान्हवी और उनकी मुलाकात नहीं हुई थी, तब से हम दोस्त हैं।' बोनी ने आगे कहा, 'मुझे विश्वास कि वो (शिखर) कभी भी जान्हवी के एक्स नहीं हो सकते हैं, वो उसके आसपास हमेशा रहेंगे। बोनी ने यह भी बताया कि शिखर पूरे परिवार के साथ बहुत अच्छा बॉन्ड शेयर करते हैं। शिखर, जान्हवी के परिवार के साथ तब खड़े थे, जब चीजें बहुत खराब चल रही थीं। इस बारे में बोनी ने आगे कहा, 'शिखर हमेशा जान्हवी, मेरे और अर्जुन के लिए मौजूद रहते हैं। मुझे लगता है कि हम वास्तव में भाग्यशाली हैं कि हमारे सेटअप में वो हैं।

कपिल शर्मा संग हुए झगड़े को आज भी नहीं भूले सुनील

मुंबई, एजेंसी। कॉमेडियन कपिल शर्मा के नए शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' की शुरूआत हो चुकी है। बीती रात शनिवार को शो का फर्स्ट एपिसोड टेलीकास्ट हुआ। इस बार शो टीवी पर नहीं बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुआ है। हमेशा की तरह इस बार भी अपने शो को कपिल शर्मा ही होस्ट कर रहे हैं। कपिल ने इस बार अपने फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया है। कपिल शर्मा इस बार अपने पुराने दोस्त सुनील ग्रोवर के साथ फिर वापस आ गए हैं, जिससे फैंस बेहद खुश हैं। फैंस इस पर का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, जो अब खत्म हो गया है। सुनील ग्रोवर अब कपिल शर्मा के शो अब द ग्रेट इंडियन कपिल शो का हिस्सा हैं। सुनील ग्रोवर 6 साल बाद कपिल के साथ काम कर रहे हैं। ऐसे में अब कॉमेडी का डबल तड़का लगने वाला है। शो के पहले एपिसोड में रणबीर कपूर, नीतू कपूर और रिद्धिमा कपूर साहनी मेहमान बनकर पहुंचे थे। शो के पहले एपिसोड में कपिल की पूरी टीम कपूर परिवार के साथ खूब मस्ती करते नजर आए, लेकिन कपिल और सुनील के बीच खूब तकरार देखने को मिली। जिसे देखकर लगता है कि कपिल और सुनील अपनी 6 साल पुरानी लड़ाई को आज भी नहीं भूले हैं।

2024 के आखिर में शाहरुख खान शुरू करेंगे पठान 2 की शूटिंग

मुंबई, एजेंसी। साल 2023 की ब्लॉकबस्टर फिल्म पठान के बाद शाहरुख खान जल्द ही पठान 2 लेकर आने वाले हैं। ये फिल्म स्पाई यूनिवर्स की 8वीं फिल्म होगी। इस फिल्म से जुड़ी अपडेट लगातार सामने आ रही हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो पिछली फिल्म की तरह इस बार सिद्धार्थ आनंद फिल्म डायरेक्ट नहीं करेंगे। हाल ही में आई पीपिंग मून की रिपोर्ट के अनुसार, शाहरुख खान इसी साल के आखिर तक पठान 2 की शूटिंग शुरू करेंगे। इस अपकमिंग फिल्म को सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट नहीं करेंगे। हालांकि उन्हें किस के साथ रिप्लेस किया जाएगा, इस बात की कोई कन्फर्मेशन सामने नहीं आई है। दरअसल, आदित्य चोपड़ा अपने YRF स्पाई यूनिवर्स की किसी भी फिल्म के सीक्वल में एक डायरेक्टर का इस्तेमाल नहीं करते। ठीक वैसे ही जैसे एक था टाइगर, कबीर खान ने डायरेक्ट की थी, लेकिन सीक्वल फिल्म टाइगर जिंदा है के डायरेक्टर अली अब्बास जफर थे। ऐसे ही टाइगर 3 को मनीष शर्मा ने डायरेक्ट किया था। फिल्म वॉर सिद्धार्थ आनंद ने डायरेक्ट की थी, जबकि वॉर 2 अयान मुखर्जी डायरेक्ट कर रहे थे। एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है, वॉर, पठान, टाइगर 3 के बाद यशराज फिल्म के स्पाई यूनिवर्स की 3 बड़ी फिल्में आने वाले सालों में रिलीज होंगी। इनमें वॉर 2 साल 2025 में रिलीज होने वाली है। इसके बाद फीमेल लीड की स्पाई फिल्म को 2025 में ही रिलीज किया जाएगा। इसके बाद 2026 में पठान 2 और 2027 में टाइगर वर्सेस पठान रिलीज होगी। 2018 की फ्लॉप फिल्म जीरो के बाद शाहरुख ने 4 साल बाद बतौर हीरो 2023 में फिल्म पठान से कमबैक किया था। इस फिल्म ने 1015 करोड़ रुपए कमाकर कई बड़े रिकॉर्ड तोड़ दिए। फिल्म पठान भारत के इतिहास की दूसरी सबसे बड़ी हिंदी फिल्म, 2023 की हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म और भारत में चौथी सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म बनी। इस फिल्म का रिकॉर्ड शाहरुख खान के कमबैक की दूसरी फिल्म जवान ने तोड़ा, जो एक्शन फिल्म ही थी। जवान अब भारत की दूसरी हाईएस्ट ग्रॉसिंग हिंदी फिल्म है और पठान तीसरी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

पति बसपा प्रत्याशी, पत्नी कांग्रेस विधायक... चुनाव तक रहेंगे दूर

बालाघाट, एजेंसी

- मध्य प्रदेश के बालाघाट में घर छोड़ने तक पहुंची सियासी लड़ाई

मध्य प्रदेश की बालाघाट सीट पर चुनावी मुकाबला रोमांचक हो गया है। यहां कांग्रेस की महिला विधायक अनुभा मुंजारे के पति लोकसभा चुनाव में उतरे हैं, लेकिन उनकी पार्टी अलग है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने अनुभा के पति कंकर मुंजारे को बालाघाट लोकसभा सीट पर प्रत्याशी घोषित किया है।

अब बालाघाट से कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे के सामने धर्मसंकट खड़ा हो गया है। सवाल यह है कि वे अपने पति के समर्थन में उतरेंगी या फिर कांग्रेस पार्टी के लिए वोट मांगेंगी। हालांकि अनुभा ने अपनी स्थिति साफ कर दी है। वे पार्टी के साथ खड़ी हैं। भाजपा ने बालाघाट की इस सीट भारती पारधी को टिकट दिया तो वहीं कांग्रेस ने सम्राट सिंह सरस्वार को चुनावी समर में उतारा है। कंकर ने अपनी विधायक पत्नी को मतदान तक घर में नहीं रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि वे अपनी बहन के घर पर रह सकती हैं।

अगर ऐसा नहीं किया तो मैं खुद घर छोड़ दूंगा। जबकि, विधायक पत्नी ने स्पष्ट कर दिया है कि घर छोड़ने का सवाल ही नहीं है। मैं एक दिन की खातिर अपना घर नहीं छोड़ सकती हूं। जनप्रतिनिधि के साथ-साथ मैं कंकर मुंजारे की पत्नी भी हूं।

ट्रंप पर लगा गैग उल्लंघन का आरोप

वाशिंगटन। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। हश-मनी मामले में मैनहट्टन अभियोजकों ने शुक्रवार को सुझाव दिया कि ट्रंप ने हाल ही में न्यायाधीश की बेटी पर हमला करके और सोशल मीडिया पर उसके बारे में झूठा दावा करके एक गैग आदेश का उल्लंघन किया हैं।

जज जुआन एम. मर्चन ने मंगलवार को जांच का एक आदेश जारी किया था। साथ ही पूर्व राष्ट्रपति को अदालत से जुड़े कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों पर हमलों से तुरंत बचने का निर्देश दिया गया था।अब मैनहट्टन जिला अटॉर्नी के कार्यालय ने गैग आदेश के दायरे को स्पष्ट करने के लिए कहा है। जज स्टींगलास ने मर्चन को लिखे एक पत्र में तर्क दिया कि अदालत के कर्मचारियों या उनके परिवारों को परेशान करने वाले बयानों पर प्रतिबंध लगाने से ट्रंप की बयानबाजी बंद हो सकती है।

इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री पहली बार 1 लाख के पार

इलेक्ट्रिक गाड़ियों (ईवी) के घरेलू बाजार में नया ट्रेंड देखा जा रहा है। कारों की बिक्री दोपहिया के मुकाबले ढाई गुनी से भी ज्यादा रफ्तार से बढ़ रही है। ये अब तक के ट्रेंड के उलट है। इसके अलावा पहली बार एक साल में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री 1 लाख से ऊपर निकली है। आंकड़ों के अनुसार, 31 मार्च को खत्म हो रहे वित्त वर्ष 2023-24 में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री 1.02 लाख के रिकॉर्ड लेवल पर पहुंच गई।

2018 से कारों की रेंज हर साल करीब 10% बढ़ रही है, अब फुल चार्ज पर 700 किमी तक चलने वाली कारें भी आने लगी

साल दर साल बढ़ रही ईवी की रेंज

इलेक्ट्रिक कारों की रेंज 2018 से हर साल करीब 10% बढ़ रही है। 2018 में ईवी की औसत रेंज 230 किमी थी, जो 2022 में बढ़कर 338 किमी हो गई। अब फुल चार्ज होने पर 700 किमी तक चलने वाली ई-कारें भी आने लगी

ईवी की मांग सही दिशा में

ईवी के आसपास सकारात्मक भावना कई वैश्विक कारकों के कारण ग्रोथ ट्रेजेक्ट्री थोड़ी कम हो गई है। लेकिन भले ही मांग में बढ़ोतरी टॉप गियर में न हो। विशेषज्ञों का तर्क है कि ऐसा कुछ भी क्षितिज पर नहीं है जो निर्माताओं को पैनिक बटन दबाने पर मजबूर करेगा। आईसीसीटी के एक अध्ययन में 2029 तक ईवी और पारंपरिक कारों के बीच मूल्य समानता हासिल करने की भविष्यवाणी की गई है। यह इस धारणा पर आधारित है कि बैटरी निर्माण की कीमतें लगातार कम होंगी। ईवी अभूतपूर्व तरीके से मुख्यधारा में शामिल हो जाएंगे।

बैटरी सस्ती होने से घटी मैन्युफैक्चरिंग लागत

दुनिया की सबसे बड़ी बैटरी कंपनी सीएटीएल के मुताबिक, फरवरी तक ईवी बैटरी के करीब 50% घट गए। गोल्डमैन सैक्स का मानना है कि हाल के महीनों में बैटरी में इस्तेमाल होने वाले लिथियम जैसे कच्चे माल के दाम काफी कम हो गए हैं। इससे मैन्युफैक्चरिंग लागत घटी है।

रिकॉर्ड बिक्री में कुल हिस्सेदारी 2.3 फीसदी

सरकार के वाहन पोर्टल और जैटो डायनेमिक्स के आंकड़ों के मुताबिक, देश में बिकने वाली कुल कारों में ईवी की हिस्सेदारी सिर्फ 2 .3 फीसदी है। दोपहिया बाजार में भी ईवी की हिस्सेदारी 4 .8 फीसदी ही है। सरकार ने 2030 तक ईवी की बिक्री 30 फीसदी तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

यूरोप में एक साल में 29 प्रतिशत ज्यादा बिकीं ईवी

यूरोपीय बाजारों में संयुक्त रूप से जनवरी में 92 हजार से ज्यादा फुल इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) पंजीकृत हुए, जो 2023 के जनवरी महीने से 29 प्रतिशत ज्यादा है। चीन में ईवी की बिक्री 700,000 के आंकड़े को पार कर गई (इसमें प्लग-इन हाइब्रिड शामिल हैं), जो वैश्विक जोर का मुख्य स्रोत है। और जबकि यह एक महीने पहले के आंकड़ों के मुकाबले 37 प्रतिशत की गिरावट थी, यह जनवरी 2023 की तुलना में अभी भी 79 प्रतिशत ज्यादा है। जैसा कि चाइना एसोसिएशन ऑफ ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सीएएएम) के आंकड़ों का दावा है। अमेरिका में, पिछले महीने कुल मिलाकर नए वाहन की बिक्री में गिरावट आई लेकिन ईवी की मांग मजबूत बनी हुई है।

एक नजर

पर्व: नेपाल में 12 साल में एक बार होता है श्रीपाचाली भैरव उत्सव

काठमांडू। नेपाल की राजधानी काठमांडू में हर 12 साल में होता है श्रीपाचाली भैरव खड्ग सिद्धी जात्रा उत्सव। इसमें मुखौटा पहनकर नृत्य करते हैं। इसे मुखौटा नृत्य कहा जाता है। इसमें 13 मुखौटों का विशेष महत्व है, लेकिन सिर्फ 12 मुखौटे ही पहने जाते हैं। 13वें की पूजा की जाती है

लाहौल। हिमाचल के लाहौल स्पीति में पानी की किल्लत से खास कर महिलाओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पानी की पाइपें जम जाने से ग्रामीणों को आधा किमी दूर से पानी ढोकर प्यास बुझानी पड़ रही है। जबकि, पालतू मवेशियों के साथ कपड़े धोने के लिए डेढ़ किमी दूर जाना पड़ रहा है। वहीं पीने का पानी लेने के लिए इंतजार कर रही स्थानीय महिला।

सेक्स रैकेट छापेमारी के दौरान आईएएस अफसर का पति गिरफ्तार

लुधियाना। लुधियाना के सराभा नगर में छापेमारी के दौरान आईएएस अधिकारी के पति को एक मकान में महिला के साथ अनैतिक व्यापार के आरोप में हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने कहा कि व्यक्ति के खिलाफ अनैतिक व्यापार अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को एक घर में सेक्स रैकेट के संचालन के बारे में जानकारी मिली थी, जिसके बाद उसने शुक्रवार रात वहां छापा मारा। महिला आईएएस अधिकारी कई शीर्ष पदों पर काम कर चुकी हैं।

बिहार के आरा में मिनी ट्रक पलटा चार श्रमिकों की मौत, 12 घायल

आरा। बिहार के भोजपुर जिले में रविवार को एक मिनी ट्रक के पलटने से तीन महिलाओं समेत चार श्रमिकों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक हादसा पटना-बक्सर राजमार्ग पर आरा शहर के शाहपुर थाना क्षेत्र में हुआ है। जिलाधिकारी राज कुमार ने कहा, हादसे में 12 से अधिक लोग घायल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

कच्चातिवु श्रीलंका को देकर कांग्रेस ने देश की अखंडता को कमजोर किया

प्रधानमंत्री मोदी बोले-कांग्रेस पर कभी भरोसा नहीं कर सकते

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने कच्चातिवु द्वीप संवेदनहीन ढंग से श्रीलंका को दे दिया था, इस पर कभी भरोसा नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कांग्रेस ने कैसे संवेदनाहीन ढंग से कच्चातिवु दे दिया। मोदी बोले- आंखें खोलने और चौंकाने वाला सच सामने आया है, इससे प्रत्येक भारतीय नाराज है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत की एकता, अखंडता और हितों को कमजोर करना कांग्रेस का 75 वर्ष से काम करने का तरीका रहा है। भाजपा के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने दावा किया कि केंद्र में तत्कालीन कांग्रेस सरकार के इस फैसले के कारण श्रीलंकाई लोग तमिलनाडु के मछुआरों को पकड़ लेते हैं और उन्हें जेल में डाल देते हैं क्योंकि कई बार वे भटकर इस द्वीप पर चले जाते हैं जो उनके राज्य के तट से महज 25 किलोमीटर दूर है।

उन्होंने कहा कि यह द्वीप 1975 तक भारत के पास था। उन्होंने कहा कि पहले तमिलनाडु के मछुआरे वहां जाते रहते थे, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार में भारत के श्रीलंका के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करने के कारण वह ऐसा नहीं कर पाते हैं। भाजपा को उम्मीद है कि यह मुद्दा लोकसभा चुनाव में दक्षिणी राज्य में बढ़त हासिल करने के उसके प्रयासों में मददगार साबित होगा। भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलई के आरटीआई आवेदन पर मिले जवाब पर सच्चाई सामने आई है। उन्होंने पाक जलसंधि में इस द्वीप को पड़ोसी देश श्रीलंका को सौंपने के 1974 में तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार के फैसले को लेकर जानकारियां मांगी थी। खबर में उस मुद्दे पर देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की टिप्पणियों का भी उल्लेख है जो भारत और श्रीलंका के बीच विवाद की जड़ रहा है। भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई की आरटीआई पर मिले जवाब के अनुसार इंदिरा गांधी सरकार ने भारतीय तट से 20 किलोमीटर दूर पाक जलसंधि में स्थित 1.9 वर्ग किलोमीटर के इस द्वीप को 1974 में पड़ोसी देश श्रीलंका को सौंप दिया था।

अमित शाह बोले- कांग्रेस ने स्वेच्छा से छोड़ कच्चातिवु

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ने कच्चातिवु स्वेच्छा से छोड़ दिया और उन्हें इसका कोई पछतावा भी नहीं है। कांग्रेस के एक सांसद कभी देश को विभाजित करने के बारे में बोलते हैं और कभी-कभी वे भारतीय संस्कृति और परंपराओं को बदनाम करते हैं। इससे पता चलता है कि वे भारत की एकता और अखंडता के खिलाफ हैं।

द्रमुक झूठ फैलाना बंद करे

चेन्नई। केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि तमिलनाडु की सत्तारूढ़ द्रमुक को कच्चातिवु मुद्दे पर गलत जानकारी देना बंद करना चाहिए। सीतारमण ने कच्चातिवु मुद्दे पर कहा कि कांग्रेस और द्रमुक ने श्रीलंका को कच्चातिवु सौंपने के लिए सांठगांठ की। कांग्रेस जब भी सत्ता में रही, उसे हमारे देश की सीमा, क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता की रक्षा करने में सबसे कम दिलचस्पी थी।

नोएडा में 62 रु. की यात्रा पर थमा दिया 7.6 करोड़ का बिल

नोएडा। नोएडा में यात्रा सेवा मुहैया कराने वाले एक एप के माध्यम से सफर करने पर 62 रुपये की यात्रा का बिल सात करोड़ 66 लाख रुपये आने का दिलचस्प मामला सामने आया है। युवक का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। बताया जा रहा है कि संबंधित एप ने इस पर खेद प्रकट करते हुए मामले की जांच करने का आश्वासन दिया है।

इंटरनेट मीडिया पर आशीष मिश्रा नाम ने 22 सेकेंड के एक वीडियो को एक्स पर पोस्ट करके लिखा है कि उबर इंडिया ने दीपक को इतना अमीर बना दिया कि अब वह फ्रेंचाइजी लेने की सोच रहा है। मस्त बात यह है कि ट्रिप अभी कैंसिल भी नहीं हुई है। दीपक ने कहा- उसकी राइड का सात करोड़ 66 लाख 83 हजार 762 रुपये का बिल आया है। इतना जीरो उसने कभी गिना भी नहीं है। युवक के वीडियो को कई लोगों ने इंटरनेट मीडिया पर साझा किया है। वहीं नोएडा पुलिस का कहना है कि ऐसी कोई शिकायत उन्हें अभी नहीं मिली है। अगर शिकायत मिलती है तो मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

भारतीयों को वीजा नहीं तो चौपट होगी ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था

लंदन, एजेंसी

- 4 अप्रैल से नए वीजा नियमों के खिलाफ उद्यमी और विपक्ष एकजुट कहा- सरकार फैसला वापस ले

ब्रिटेन में भारतीयों के लिए 4 अप्रैल से नए वीजा नियमों के खिलाफ उद्यमी भी एकजुट हो रहे हैं। लगभग 200 उद्यमियों ने ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक को चेताया है कि मिड लेवल स्किल्ड वीजा में वेतन सीमा बढ़ाने से लगभग दस लाख भारतीय अर्थव्यवस्था से बाहर हो जाएंगे।

इससे 366 लाख करोड़ रु. वाली ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था 30 फीसदी से अधिक चौपट होने की आशंका है। सत्तारूढ़ कंजरवेटिव पार्टी से जुड़े एक प्रमुख बिजनेसमैन ने कहा कि सरकार ऐसा मान रही है कि मिड लेवल जॉब्स को स्थानीय श्वेत लोग कर लेंगे। लेकिन, जमीनी हकीकत इससे अलग है। मिड लेवल जॉब्स में भारतीयों का बोलबाला है। रातोरात पूरा सिस्टम बदलने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि सुनक सरकार को फैसला वापस लेना पड़ेगा।

विपक्ष का वादा- सरकार आई तो, नियम बदलेंगे

ब्रिटेन के प्रमुख विपक्षी दल लेबर पार्टी के शैडो मिनिस्टर क्रिस ब्रायंट ने कहा कि साल के अंत में होने वाले चुनाव में यदि हम सत्ता में आए तो मिड लेवल जॉब्स जैसे नर्सेज, टीचर और शेफ को वीजा के लिए वेतन सीमा को वापस सालाना साढ़े 27 लाख रुपये करेंगे। इसके लिए लेबर पार्टी की माइग्रेशन एडवाइजरी कमेटी ने रिव्यू शुरू कर दिया है। इसमें ब्रिटेन में भारतीयों से रायशुमारी की जा रही है।

भारतीयों की सीढ़ी खींचने से नुकसान ब्रिटेन का

लंदन के मेयर सादिक खान का कहना है कि ब्रिटेन के विकास में भारतीय का बड़ा योगदान है। सुनक सरकार भारतीयों की सीढ़ी खींचने का काम कर ही है। लेकिन इससे ज्यादा बड़ा नुकसान ब्रिटेन का ही होने वाला है। प्रवासियों ने ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाया है। आज भारतीयों की मौजूदगी हर क्षेत्र में दिखाई पड़ती है। मिड लेवल जॉब्स ब्रिटेन की अर्थव्यवसथा ही रीढ़ हैं।

फूलों की खुशबू से महका गार्डन...

श्रीनगर : एशिया का सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन आखिर अपने मूल रूप में निखर आया है। यहां 30 एकड़ में लगाए गए 75 वैरायटी के 17 लाख ट्यूलिप फूल शनिवार को पूरी तरह खिल गए। 23 मार्च को जब गार्डन खुला था, तब बमुश्किल एक हजार फूल थे। बता दें कि पिछले साल 3 .70 लाख पर्यटक गार्डन देखने पहुंचे थे। ● एजेंसी

वांगचुक के बाद 70 महिलाएं दस दिन के अनशन पर बैठीं

लेह, एजेंसी। शिक्षा सुधारक और पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने 21 दिन की भूख हड़ताल खत्म कर दी हो, पर लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने समेत अन्य मांगें ठंडी नहीं पड़ी हैं।

वांगचुक के उठने के कुछ दिन ही 70 महिलाएं लेह के उसी एनडीएस मेमोरियल पार्क में माइनस 8 डिग्री सेल्सियस की सर्दी में भूख हड़ताल पर बैठ गईं। चार दिन से उनका साथ देने के लिए बैच में रोज 400-500 महिलाएं भी आ रहीं है। एक बैच जाने के बाद दूसरा बैच दिनभर के उपवास पर बैठता है। यह क्रम 6 अप्रैल तक चलेगा। इसके बाद युवा भी 10 दिन भूख हड़ताल करेंगे। महिलाओं के अनशन के बाद 7 अप्रैल को लेह के शीर्ष निकाय के बैनर तले एलएसी के पास चांगथांग की ओर बॉर्डर मार्च या पश्मीना मार्च किया जाएगा, ताकि यह पता लग सके कि भारतीय चरागाह की कितनी भूमि पर चीन ने कब्जा कर लिया है। इस मार्च में 10,000 लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

मेडिकल कॉलेज हड़पने के आरोप में भाजपा सांसद पर एफआईआर

देवघर, एजेंसी

- झारखंड के देवघर का मामला गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने आरोपों को किया खारिज

झारखंड के देवघर में धोखाधड़ी से मेडिकल कॉलेज को हड़पने के आरोप में भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे, उनकी पत्नी और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं, निशिकांत दुबे ने इन आरोपों से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि अगर उनके खिलाफ लगाए गए आरोप साबित हो गए, तो वह राजनीति छोड़ देंगे।

भाजपा सांसद पर लगे आरोपों के बारे में थाना प्रभारी रवि ठाकुर ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिव दत्त शर्मा नामक व्यक्ति ने भाजपा सांसद और उनकी पत्नी समेत अन्य लोगों के खिलाफ जिले की जसीडीह पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें आरोप लगाया गया है कि निशिकांत दुबे और उनकी पत्नी ने अपने ट्रस्ट बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट के जरिए उनके संस्थान परिट्रान मेडिकल कॉलेज और अस्पताल से संबंधित दस्तावेजों का दुरुपयोग करके नीलामी के माध्यम से उनके अस्पताल को हड़प लिया। शिकायतकर्ता ने कहा- मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के लिए 93 करोड़ रुपये का ऋण लिया था, लेकिन मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा संस्थान के लिए मंजूरी नहीं मिलने के बाद, उनकी ऋण राशि को गैर-निष्पादित संपत्ति घोषित कर दिया गया। थाना प्रभारी बोले, मामले में जल्द ही जांच शुरू की जाएगी।

भीषण हमलों से दहला यूक्रेन, रूसी सेना ने दागीं 11 मिसाइलें

कीव। युद्ध के बीच रूस ने एक बार फिर यूक्रेन के क्षेत्रों को निशाना बनाया है। रूस ने यूक्रेन पर रात भर 16 मिसाइलें दागीं हैं। इसके अलावा 11 ड्रोन हमले भी किए हैं।

यूक्रेन की वायु सेना ने एक बयान में कहा कि रूस ने रातभर 16 मिसाइलें और 11 ड्रोन हमले किए हैं। टेलीग्राम पर एक बयान में वायु सेना ने कहा कि यूक्रेन ने नौ ड्रोन और नौ मिसाइलों को मार गिराया है। हालांकि, बाकी मिसाइलों और ड्रोन किस जगह गिरे हैं। उन लक्ष्यों की पहचान नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार, बीते एक सप्ताह के दौरान रूस के हवाई हमले की संख्या में जबरदस्त बढ़ोतरी की है। बता दें कि रूस-यूक्रेन के बीच साल 2022 की शुरुआत में जंग छिड़ी थी।

संकट युद्ध से अंदरूनी दिक्कतें बढ़ी, भारत से करार के तहत इजराइल में 42 हजार कामगारों को बुलाने का था प्रस्ताव

इजराइल पहुंचे भारतीय कामगारों के लिए ठहरने की बड़ी समस्या

गाजा, एजेंसी

बीते साल 7 अक्टूबर को हमास के आतंकी हमले के बाद इजराइल की गाजा में कार्रवाई जारी है। हालांकि उसकी अंदरूनी दिक्कतें बढ़ गई हैं। खेती, निर्माण, सफाई, बुजुर्गों की देखभाल के लिए वह बाहरी कामगारों पर निर्भर है। हमलों के बाद बड़ी संख्या में विदेशी कामगार इजराइल छोड़ चुके हैं।

इजराइल ने फिलिस्तीनी कामगारों के वर्क परमिट पर रोक लगा दी। भारत से करार के तहत इजराइल में 42 हजार कामगारों को बुलाना प्रस्तावित है। इनमें उत्तर प्रदेश व हरियाणा से 10-10 हजार कामगार जाएंगे। लेकिन इजराइली इमिग्रेशन अथॉरिटी के अनुसार अब तक महज 1000 भारतीय ही पहुंचे हैं। ये प्राइवेट कॉन्ट्रेक्टरों के जरिए आए हैं। फिलहाल इजराइल पहुंचना भी समस्या है। प्रमुख एयरलाइंस कामगारों की फ्लाइट ऑपरेट नहीं कर रही है। दूसरी समस्या आवास है। गाजा या वेस्ट बैंक के लोग सुबह काम पर आते थे और शाम को लौट जाते थे। जबकि भारतीयों के लिए आवास की व्यवस्था जरूरी है। इजराइल के प्रमुख शहरों के हॉस्टल और होटल युद्धग्रस्त क्षेत्रों से आए इजराइलियों से पहले ही भरे हुए हैं। युद्ध लड़ रही इजराइली सरकार की प्राथमिकता में अस्थायी आवास नहीं है। हमास के हमलों में 32 थाई नागरिक, कृषि में काम करने वाले 10 नेपाली छात्र और चार फिलिपींस नर्स मारे गए थे। युद्ध के चलते 30 हजार विदेशी कामगार इजराइल छोड़ चुके हैं। इजराइली सरकार ने एक लाख फिलिस्तीनी कामगारों के वर्क परमिट पर रोक लगा दी है। इससे इजराइल का निर्माण क्षेत्र चरमरा गया है, क्योंकि कामगार जरूरत से कम थे।

इजराइल में प्रदर्शन तेज, नेतन्याहू को हटाने की मांग, 16 लोग गिरफ्तार

तेल अवीव। इजराइल-हमास युद्ध को पांच महीने से अधिक समय हो गया है। इस बीच इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू के खिलाफ विरोध की आवाजें उठने लगी हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इजराइली पुलिस ने तेल अवीव में 16 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है। रिपोर्ट अनुसार, हमास की कैद से बंधकों की रिहाई और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शनकारियों द्वारा तेल अवीव में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था। पुलिस ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि प्रदर्शनकारियों को ट्रैफिक में बाधा डालने और सड़क जाम करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर 270 अमेरिकी डॉलर का जुर्माना भी लगाया है। रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने तेल अवीव में अयालोन राजमार्ग पर मौजूद प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछार का इस्तेमाल किया। साथ ही मौके से एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया, जिसे पुलिस वाहन में ले जाया गया।

भारतीय भी आ रहे हमलों की चपेट में

4 मार्च को केरल के कोल्लम के 31 वर्षीय पैट निबिन मैक्सवेल लेबनानी सीमा पर हिजबुल्लाह के हमले में मारे गए थे। वे नए भर्ती अभियान के तहत जनवरी में इजराइल पहुंचे थे। केरल के दो अन्य कामगार जोसेफ जॉर्ज बुश और 28 वर्षीय पॉल मेल्विन भी हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए। बता दें, इजराइल जंग में कई देशों के सैनिकों को भी इस्तेमाल कर हा है।

पाक में आतंक के डर से तीन परियोजनाएं ठप

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के शांगला जिले में कुछ दिन पहले आत्मघाती हमलें में पांच इंजीनियरों की मौत के बाद चीनी कर्मचारी दहशत में हैं। बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने अब पाकिस्तान में काम करने से मना कर दिया। पाकिस्तान और चीन की दोस्ती में आतंकवाद ने दरार डाल दी है। चीनी कर्मी किसी भी हाल में काम करने को तैयार नहीं हो रहे हैं। चीन ने खैबर पख्तूनख्वाह में तीन बांध परियोजनाओं का काम बंद कर दिया है। साथ ही वह अपने 1500 नागरिकों को वहां से निकाल रहा है। जिसमें शनिवार को 400 चीनी कर्मचारी देश रवाना हो गए हैं।

पाकिस्तानी अधिकारियों को इस बारे में सूचना दे दी गई है। तीनों परियोजनाएं 9860 मेगवाट की हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, दासू और डायमर-भाषा बांधों से चीनी नागरिकों को सैन्य हेलिकॉप्टरों से निकाला जाएगा। इससे पहले, मंगलवार को हमले के बाद चीन ने तारबेला बांध एक्सटेंशन 5 पर काम रोक दिया था। फिर दासूडायमर-भाषा और मोहमंद बांधों पर भी काम बंद कर दिया। चीनी नागरिक सोमवार या मंगलवार तक चीन के रवाना हो सकते हैं।

पाकिस्तान से 400 चीनी कर्मचारी देश रवाना

आत्मघाती हमले में पांच चीनी नागरिकों की मारे जाने के बाद मामले की जांच करने चीन से जांचकर्ता की टीम पाकिस्तान पहुंच गई है। इस बीच, खैबर पख्तूनख्वा के दासू बांध पर काम बंद होने के बाद 400 चीनी कर्मचारियों को पाकिस्तान से निकालकर चीन रवाना कर दिया गया है। डैम पर 700 से ज्यादा चीनी कर्मचारी हैं।

कार्यक्रमों में रेड कारपेट के इस्तेमाल पर लगाई रोक

इस्लामाबाद। बदहाल पाकिस्तान सरकारी कार्यक्रमों में इस्तेमाल होने वाले रेड कार्पेट पर प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया है। दरअसल, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने देश में अनावश्यक खर्च में कटौती करने के लिए यह कदम उठाया है। इसके तहत सरकारी कार्यक्रमों में रेड कार्पेट के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है और उन्हें राजनयिक स्वागत के लिए विशेष रूप से आरक्षित रखा है। शरीफ ने सरकारी कार्यक्रमों में संघीय मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों की यात्राओं के दौरान रेड कार्पेट के इस्तेमाल पर नाराजगी जताई। कैबिनेट डिवीजन द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, प्रधानमंत्री ने निर्देश दिया है कि भविष्य में आधिकारिक कार्यक्रमों में संघीय मंत्रियों और सरकारी हस्तियों के लिए रेड कार्पेट का उपयोग नहीं किया जाएगा। इसे सिर्फ विदेशी राजनयिकों के लिए प्रोटोकॉल के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है।